आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* गेंदसिंह शहादत दिवस ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 7 | उज्जैन, मंगलवार 20 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 2 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### हाईकोर्ट से कुलदीप सेंगर को झटका 10 साल की सजा सस्पेंड करने से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़िता के पिता की कस्टडी में मौत के मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की 10 साल की सजा को सस्पेंड करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कुलदीप सेंगर की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस रविंदर डुडेजा ने कहा कि सेंगर ने कुल 10 साल की सजा में से करीब 7.5 साल कस्टडी में बिताए हैं और मामले में सजा के खिलाफ उनकी अपील पर फैसला लेने में देरी हुई है, यह देरी कुछ हद तक सेंगर की वजह से हुई इसलिए उन्होंने बेल और सजा सस्पेंड करने की अर्जी खारिज कर दी। उन्नाव रेप पीड़िता के पिता को सेंगर के कहने पर गिरफ्तार किया गया था और 9 अप्रैल, 2018 को पुलिस की बर्बरता के कारण कस्टडी में उनकी मौत हो गई थी।

### उन 1.25 करोड़ वोटरों की लिस्ट जारी करें, जिनके नाम में गड़बड़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर सोमवार को बड़ा आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया कि वह उन 1.25 करोड़ वोटरों की लिस्ट सार्वजनिक करे, जिनके नामों में लॉजिकल गड़बड़ी बताकर आपत्ति जताई गई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान साफ किया कि डॉक्यूमेंट्स के वेरिफिकेशन के लिए करीब 2 करोड़ लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसमें से बड़ी संख्या लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी कैटेगरी की है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि जिन लोगों के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी की सूची में डाले गए हैं, उनकी जांच पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को परेशानी और तनाव न हो।

गोविंदा बोले

### मेरे खिलाफ साजिश हो रही



सुनीता के बयानों के बीच बोले- घुट जाऊं ऐसी स्थिति न बनाएं, मुंह खोलने से पहले अपने कर्म देखिए

**मुंबई।** बीते कुछ समय से गोविंदा की पत्नी सुनीता उनके खिलाफ बयान दे रही हैं। हाल ही में सुनीता ने गोविंदा के अफेयर पर कहा कि 63 की उम्र में ये सब शोभा नहीं देता। अब गोविंदा ने पहली बार इस पर रिएक्शन देते हुए कहा है कि उनके खिलाफ एक साजिश हो रही है, जिसमें उनके परिवार को इस्तेमाल किया जा रहा है। गोविंदा ने एएनआई से बातचीत में सुनीता के बयानों पर कहा है, मेरे एक मित्र ने कहा था गोविंद (गोविंदा) तुम्हारे साथ थोड़ी सी साजिश चल रही है, आज नहीं सालों से चल रही है। उससे तुम कैसे बाहर निकलोगे, मैंने कहा देखिए एक साल, दो साल, 4-5 साल, 9-10 साल योग होते हैं, पूजा प्रार्थना किया करते हैं, यज्ञ करवाते हैं। पर जब 24-15 साल से वार्तालाप आगे निकलता है तो वो योग नहीं प्रयोग होता है। आगे गोविंदा ने कहा, ह्यकिसी की सोची समझी साजिश में घर परिवार आ जाता है, डर जाते हैं लोग, वो सभी गोविंदा नहीं हैं। फिर थोड़ा सा अलगाव नजर आ जाता है। पर मुझे ऐसा लगता है कि ऐसे तो वो (सुनीता) बहुत जहीन हैं, पढ़ी-लिखी हैं वो, भाषा में गलत नहीं होता कुछ। गोविंदा ने आगे कहा- 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं, कभी-कभी हम मुंह नहीं खोलते, तो कमजोर नजर आते हैं या ऐसा लगता है कि ये दुष्ट होंगे। आज मैं उत्तर दे रहा हूं। मुझे ये कहा गया था कि इसमें आपके घर परिवार के लोग यूज हो सकते हैं। उन्हें ये पता नहीं चलेगा कि वो एक बड़ी साजिश के तहत यूज हो रहे हैं। जिसमें आदमी को पहले परिवार से तोड़ा जाता है, काम से तोड़ा जाता है। काम से तोड़ा ही गया है, मेरी फिल्मों को मार्केट नहीं मिली।

### भूकंप के झटकों से कांपी दिल्ली घर से बाहर निकले लोग

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली एक बार फिर से भूकंप के झटकों से कांप गई। दिल्ली में सोमवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिससे लोग सहम गए। हालांकि भूकंप की तीव्रता कम होने की वजह से किसी प्रकार के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद के मुताबिक, भूकंप के झटके सोमवार 19 जनवरी की सुबह 8.44 बजे महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 2.8 दर्ज की गई। भूकंप की तीव्रता कम होने की वजह से राजधानी के किसी भी इलाके में किसी भी तरह के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई। हालांकि भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील दिल्ली-एनसीआर में भूकंप आने से एक बार फिर से लोग सहम गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, इस भूकंप का केंद्र उत्तरी दिल्ली में था।

### बस और पिकअप की भीषण टक्कर में 5 लोगों की मौत

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव-मनमाड हाईवे पर सोमवार की तड़के एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। एक प्राइवेट ट्रेवल्स बस और पिकअप वाहन के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि 20 से अधिक यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना मालेगांव तालुका के वरहाणे गांव के पास तड़के करीब 3 बजे हुई। पुणे से मालेगांव की ओर आ रही एक निजी बस और सामने से आ रहे पिकअप वाहन के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन बस के अगले हिस्से में बुरी तरह घुस गया, जिससे बस का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

छापे में 200 से ज्यादा रजिस्ट्री और जमीनों के दस्तावेज मिले थे

# पुलिस ने कैंप लगाकर दिलावर से पीड़ितों की समस्या सुनी...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/रतलाम



रतलाम जिले के जावरा अनुभाग अंतर्गत कालूखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम चिकलाना में पुलिस ने हाल ही में दिलावर खान के मकान में छापा मार कार्रवाई को अंजाम दिया था। इस छापामार कार्रवाई में नशीली एमडी ड्रग, सेना का फर्जी परिचय पत्र, पुलिस की वर्दी के साथ 200 से अधिक रजिस्ट्री एवं भूमि के अनुबंध पत्र मिले थे। सोमवार को पुलिस ने कैंप लगाकर यहां पीड़ित ग्रामीणों की सुनवाई की।

चिकलाना के दिलावर खान के घर छापेमारी के दौरान पुलिस से झूमाझटकी का मामला भी सामने आया था। पुलिस ने रात भर चली कार्रवाई में उसके घर से 10 किलो से अधिक एमडी ड्रग, केमिकल, वन्य संपदा, राष्ट्रीय पक्षी मोर, तितर सहित अनेक संदिग्ध चीजें बरामद की है। 16 लोगों को यहां से गिरफ्तार किया गया था। कार्रवाई वाले दिन रतलाम एसपी अमित कुमार आईपीएस बैठक में थे, उन्होंने वहीं से वीडियो जारी कर प्रारंभिक कार्रवाई की जानकारी दी थी। उन्होंने मीडिया प्रेस वार्ता भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली थी। बाद में रतलाम पहुंचे एसपी ने चिकलाना का दौरा किया और पुलिस की छापामार कार्रवाई स्थल से अवगत हुए। इसके साथ ही ग्रामीणों से भी वे रूबरू हुए थे। सोमवार को चिकलाना में पुलिस के शिविर में एक दर्जन से अधिक शिकायतें अधिकारिक स्तर पर सामने आ रही है। गौरतलब है कि दिलावर एक राजनैतिक दल से भी संबंध रखता था और उसने जावरा से विधानसभा चुनाव भी लड़ा था।

### 200 से ज्यादा रजिस्ट्रियां- एग्रीमेंट मिले

चिकलाना में ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़ के बाद पुलिस मुख्य आरोपी व सरगना दिलावर खान से गांव के पीड़ित लोगों की समस्या जानेगी। इसके लिए गांव में सोमवार को पुलिस कैंप किया गया। ताकि दिलावर की करतूतों के बारे में और ज्यादा जानकारी मिल सके। दिलावर से जो भी पीड़ित हैं, वह सामने आ सके। दरअसल पुलिस को दिलावर खान के मकान से जमीनों की 200 से 300 रजिस्ट्रियां व जमीनों के एग्रीमेंट मिले हैं। यह दस्तावेज इतने थे कि तीन बोरे भर गए थे। पुलिस इन दस्तावेजों की जांच कर रही है। पुलिस को आशंका है कि माफिया गिरी कर आरोपी दिलावर खान ने लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर, डरा-धमकाकर जमीनें हड़पी है। दिलावर खान के डर के कारण कोई सामने आ नहीं पाया।

मंत्री शाह की ऑनलाइन माफी पर 'सुप्रीम' सुनवाई

## कोर्ट ने कहा- अब बहुत देर हो गई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की माफी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अब बहुत दे हो गई है। पिछले साल 11 मई 2025 को मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने एक कार्यक्रम (हलमा सभा) में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।

इसके बाद मंत्री शाह ने वीडियो जारी कर माफी मांगी थी। इसी को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बता दें, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में पिछले साल 28 जुलाई को सुनवाई हुई थी। इसके छह महीने बाद आज सुप्रीम कोर्ट में इस केस की सुनवाई हुई। जुलाई में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की ऑनलाइन माफी पर फटकार लगाई थी। 11 मई को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित हलमा कार्यक्रम को मंत्री विजय शाह संबोधित कर रहे थे।

कल किश्तवाड़ में 8 जवान घायल हुए थे

# आतंकी मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

### जैश के तीन आतंकियों की तलाश दूसरे दिन भी जारी

एजेंसी ▸▸ किश्तवाड़



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों की तलाश के दौरान रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान 8 जवान घायल हो गए थे, इनमें से एक जवान की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। शहीद जवान की पहचान हवलदार गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

किश्तवाड़ में दूसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, जंगलों में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 2 से 3 आतंकी छिपे हुए हैं। आतंकियों को पकड़ने के लिए सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कई टीमें इलाके में तैनात हैं। ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से जंगलों में तलाशी ली जा रही है। दरअसल, सेना ने रविवार को किश्तवाड़ के तरू बेल्ट में मंडराल-सिंहपोरा के पास सोनार गांव के जंगलों में ऑपरेशन त्राशी-1 शुरू किया था। इसी दौरान आतंकियों से मुठभेड़ हो गई थी।

### खौर सेक्टर में पाकिस्तानी प्लेन के आकार का गुब्बारा मिला

उधर, जम्मू के खौर सेक्टर के पुलिस पोस्ट पल्लनवाला के अंतर्गत गांव कचरियाल में एक खुले मैदान से सोमवार को पाकिस्तानी प्लेन के आकार का गुब्बारा मिला। सफेद और हरे रंग के गुब्बारे पर पाकिस्तानी इंटरनेशनल एयरलांइस लिखा हुआ है। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले गुब्बारे को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद गुब्बारे को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्ट पल्लनवाला को सौंप दिया गया है।

### आरएसएस-बीजेपी कुछ बिजनसमैन के हाथों देश बेचना चाह रही : राहुल

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि आरएसएस और बीजेपी चाहती है कि जनता सवाल न करें और चुप रहें, ताकि यह कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश को बेच सकें। राहुल केरल के कोच्चि में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे। कांग्रेस ही संविधान को बचा सकती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने संविधान में बदलाव करके पंचायत, जिला और राज्य स्तर पर शासन को मजबूत किया। संविधान बचाने का मतलब है सत्ता और फैसलों का अधिकार लोगों तक पहुंचाना। राहुल ने कहा कि आरएसएस और बीजेपी सत्ता को अपने पास ही रखना चाहती हैं, लेकिन कांग्रेस सत्ता को नीचले स्तर तक पहुंचाने में भरोसा रखती है और गांव-कस्बों में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहती है।

## यूएई प्रेसिडेंट को पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर रिसीव किया

कहा- अपने भाई को लेने आया हूं



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार शाम साढ़े 4 बजे भारत पहुंचे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर रिसीव किया। मोदी ने पर एक पोस्ट में कहा, मैं अपने भाई को लेने खुद एयरपोर्ट आया हूं।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच आज व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, ऊर्जा और दुनिया से जुड़े अहम मुद्दों पर बड़ी डील हो सकती है। एमईए ने बताया कि दोनों नेता मिडिल-ईस्ट के मौजूदा हालात पर भी चर्चा कर सकते हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया में स्थिति काफी संवेदनशील बनी हुई है। यमन में यूएई और सऊदी अरब के बीच तनाव बना हुआ है।

## स्पेन में दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर से 21 लोगों की मौत, दर्जनों यात्री घायल

एजेंसी ▸▸ मेड्रिड



दक्षिणी स्पेन में रविवार को एक बड़ा रेल हादसा हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक, कॉडोर्बा प्रांत के आदमूज इलाके के पास एक तेज रफ्तार हाई-स्पीड ट्रेन पटरी से उतर गई और विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन से टकरा गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में अब तक कम से कम 21 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 70 से ज्यादा यात्री घायल बताए जा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

रेलवे संचालक एडीआईएफ के मुताबिक, मलागा से मैड्रिड जा रही शाम की ट्रेन कॉडोर्बा के पास अचानक पटरी से उतर गई। पटरी से उतरने के बाद वह दूसरी लाइन पर जा गिरी, जहां मैड्रिड से हुएल्वा जा रही एक अन्य हाई-स्पीड ट्रेन से उसकी टक्कर हो गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दोनों ट्रेनों में करीब 300 से 500 यात्री सवार थे। अंडालूसिया प्रांत के स्वास्थ्य मंत्री एंटोनियो सैन्ज ने बताया कि हादसे में 73 घायलों को छह अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से कई यात्रियों की हालत गंभीर है।

### चांदी पहली बार 3 लाख के पार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चांदी के दाम 19 जनवरी को एमसी पर 3.02 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गए हैं। इसमें 15 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी आई है। शुक्रवार को चांदी 2.87 लाख के करीब थी। एमसी पर 15 दिसंबर 2025 के आसपास चांदी पहली बार 2 लाख रुपए पर पहुंची थी। यानी चांदी को 2 लाख से 3 लाख रुपए तक पहुंचने में सिर्फ 1 महीने का समय लगा। वहीं इसे 1 से 2 लाख तक पहुंचने में 9 महीने, जबकि 50 हजार से 1 लाख तक पहुंचने में 14 साल लगे थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने मोहन सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

## निर्दोषों की मौत पर हटाए गए अधिकारी का प्रमोशन देकर अभिनंदन कर रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर में दूषित पानी से 24 नागरिकों की मृत्यु के बाद हटाए गए नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव को मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम का प्रबंध संचालक बनाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। अधिकारी को हटाकर कार्रवाई करने का दावा किया जाता है, लेकिन सच्चाई यह है कि उन्हें सजा देने के स्थान पर अच्छी पदस्थापना देकर पुरस्कृत किया जाता है।

जीतू ने कहा कि इसी तरह छिंदवाड़ा में कफ सिरप कांड में 23 बच्चों की मृत्यु के बाद हटाए गए तत्कालीन ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य को कुछ ही दिनों बाद सामान्य प्रशासन विभाग में अपर सचिव बना दिया गया था। यानी जिन अधिकारियों को इन घटनाओं का दोषी बताकर सस्पेंड किया गया था, उन दोनों को मुख्यमंत्री ने प्रमोशन दे दिया। मोहन यादव, निर्दोष लोगों की मौत पर भी अभिनंदन कर रहे हैं।

# अमेरिकी धमकी के बाद 7 देशों के सैनिक ग्रीनलैंड पहुंचे

### फ्रांस ने 15, जर्मनी ने 13 और ब्रिटेन ने सिर्फ 1 सैनिक भेजा, इटली बोला- यह मजाक

एजेंसी ▸▸ नुउक



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकियों के बाद यूरोपीय देश एकजुट हो गए हैं। कई नाटो सदस्य देशों ने ऑपरेशन आर्कटिक एंड्योरेंस नाम से एक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। इसके लिए यूरोपीय देशों में फ्रांस ने 15 सैनिक ग्रीनलैंड भेजे हैं, जो 27वीं माउंटेन इन्फेंट्री ब्रिगेड से हैं। जर्मनी ने 13 सैनिकों की एक टीम भेजी है। नॉर्वे, नीदरलैंड और फिनलैंड ने दो-दो सैनिक तैनात किए हैं।

ब्रिटेन ने एक सैन्य अधिकारी भेजा है। स्वीडन ने भी सैनिक भेजने की पुष्टि की है, हालांकि संख्या सार्वजनिक नहीं की गई है। कुल मिलाकर, डेनमार्क के मौजूदा सैनिकों के अलावा यूरोपीय देशों से लगभग 35-40 सैन्य कर्मी पहुंचे हैं। वहीं, इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने इस पूरे ऑपरेशन को मजाक जैसा बताया है।

**ग्रीनलैंड में बड़े पैमाने पर सैनिकों के तैनाती की संभावना-** डेनमार्क पहले से ग्रीनलैंड में करीब 200 सैनिक तैनात किए हुए है। इसके अलावा 14 सदस्यीय सीरियस डॉग स्लेज पेट्रोल भी वहां मौजूद है, जो आर्कटिक इलाकों में गश्त करते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि आने वाले दिनों में इन्हें जमीन, हवा और समुद्र के जरिए और मजबूत किया जाएगा। यह संख्या छोटी है, लेकिन यह राजनीतिक संदेश देने के लिए है कि नाटो एकजुट है।

- डेनमार्क की अगुवाई में चल रहा ऑपरेशन आर्कटिक एंड्योरेंस एक सैन्य अभ्यास है। इसका मकसद यह देखना है कि अगर भविष्य में ग्रीनलैंड में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करने पड़े, तो उसकी तैयारी कैसी होगी। डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस अभ्यास का फोकस आर्कटिक इलाके में सहयोगी देशों के बीच तालमेल और काम करने की क्षमता बढ़ाने पर है।
- आगे चलकर इससे भी बड़ा मिशन लाने की योजना है, जिसे ऑपरेशन आर्कटिक संेट्री कहा जा रहा है। यह एक नाटो मिशन होगा। इसका उद्देश्य ग्रीनलैंड और उसके आसपास के इलाकों में निगरानी बढ़ाना और किसी भी खतरे का सैन्य जवाब देने की ताकत मजबूत करना है।
- हालांकि यह मिशन तुरंत शुरू नहीं होगा। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के मुताबिक, ऑपरेशन आर्कटिक संेट्री को शुरू होने में अभी कई महीने लग सकते हैं। यानी फिलहाल ग्रीनलैंड में कोई बड़ा नया सैन्य मिशन शुरू नहीं हुआ है, बल्कि उसकी तैयारी और योजना पर काम चल रहा है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## मौनी पर होना था पूर्वा अभ्यास...

महाआयोजन से पूर्व धार्मिक आयोजनों पर शहर में श्रद्धालुओं के स्नान को लेकर आमंत्रण, आगमन एवं व्यवस्थाओं को कसौटी पर लेने के लिए मौनी पर एक अच्छा अवसर था। मोक्षदायिनी में अच्छा खासा पानी छोडा गया था। गंगा वाले शहर की तरह यहां भी एक सुनियोजित आयोजन जिम्मेदार योजनाबद्ध रूप से तैयार कर उसे अमल में ला सकते थे। इससे धार्मिक शहर में एक धार्मिक आयोजन भी श्रृंखला में आ जाता और शहर में इससे श्रद्धालुओं का जमावडा भी बडे स्तर पर होता जिससे की मोक्षदायिनी में छोडे गए पानी का बहुतायत में उपयोग होता। इसके साथ ही महाआयोजन की तैयारी को लेकर श्रद्धालुओं के माध्यम से जानकारी और विकास कार्यों का मौखिक प्रचार-प्रसार होता। साथ ही स्नान के घाटों पर अन्य तरह से भी प्रचार झ प्रसार किए जाने से जानकारी प्रदेश एवं देश के अन्य हिंस्सों में ऐसे श्रद्धालुओं तक जाती जो धर्म में पूरी तरह से रंगे हुए हैं । ऐसे श्रद्धालु महाआयोजन के कार्यों और विकास के साथ तैयारी को पूर्ण रूप से मौखिक समर्थन देते हुए यहां से जाने पर उनके वहां उसका प्रचार झप्रसार ही करते । बेहतर आयोजन के साथ धर्मस्व में धार्मिक पर्व एक नए स्तर पर शहर के साथ जुडता और एक नया सनातन परंपरा का उदय भी होता। खुसूर-फुसूर है कि पूर्व से ही स्नान की परंपरा इस पर्व पर हमारे यहां रही है। इसे वृह्द रूप देने की जरूरत है। अगर ऐसा किया जाता तो उसके अन्यानेक लाभ सामने होते और इसके लिए सिर्फ ज्योतिषियों एवं पंचांगकताओं का सहयोग पर जिम्मेदारों को लेना था एवं मोक्षदायिनी स्नान का पुण्यफल ही बताना था। इससे श्रद्धालुओं खासकर संभाग एवं पास के प्रदेश के श्रद्धालुओं के जुटने में देर नहीं लगती। इसके साथ ही नए नए सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला में एक धार्मिक आयोजन भी शुमार हो जाता।

## गणतंत्र दिवस की रिहर्सल शुरू, पहली बार मेला ग्राउंड होगा आयोजन



**उज्जैन।** उज्जैन में पहली बार दशहरा मैदान की जगह कार्तिक मेला ग्राउंड पर होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन। रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही परेड भी मेला ग्राउंड में आयोजित होगी। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ध्वजारोहण करेंगे।

26 जनवरी को मनाए जाने वाला राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस शहर के कार्तिक मेला ग्राउंड में मनाया जाएगा। प्रति वर्ष दशहरा मैदान में मनाया जाता था। सोमवार को गणतंत्र दिवस की होने वाली परेड की रिहर्सल शुरू हुई। पहली बार मेला ग्राउंड पर हो रही रिहर्सल को को देखने एसपी प्रदीप शर्मा खुद पहुंचे। उन्होंने परेड देखकर बच्चों और पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा की हम सब के लिए इस राष्ट्रीय पर्व में शामिल होना गौरव की बात होती है लेकिन इस बार सीएम भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसलिए और मान सम्मान की बात हो जाती है।

आज हुई रिहर्सल में पुलिस स्काउट होमगार्ड और स्कूली बच्चे तैयारी में शामिल हुए थे। आज से रोजाना शाम को परेड की रिहर्सल की जाएगी।


## आवश्यकता है

(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)

**बागड़िया न्यूज़ एजेंसी**
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161


### मावठा न गिरने से फसल को पानी की मांग बढी, किसानों को आने लगी पानी की परेशानी, किसान संघ की अगुवाई में किसानों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से रखी पानी छोडने की मांग

# किसानों ने कालीसिंध में नर्मदा से पानी छोडने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस बार मावठे के न गिरने से किसानों को परेशानी आ गई है। फसल पानी की मांग कर रही है और पानी की स्थिति जिले के अधिकांश क्षेत्रों में कमजोर ही सामने आ रही है। पानी को लेकर सोमवार को भारतीय किसान संघ की अगुवाई में किसानों ने प्रदर्शन किया है। दैनिक अवंतिका ने सिंचाई के लिए पानी की समस्या के मुद्दे को 15 जनवरी के अंक में पेज नं.2 पर प्रमुखता से स्थान दिया था।

भारतीय किसान संघ ने सोमवार दोपहर में प्रशासनिक संकुल पहुंचकर जमकर नारेबाजी करते हुए पानी की समस्या का निदान करने के लिए प्रशासन के समक्ष अपना ज्ञापन दिया है। कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम पवन बारिया को सौंपा गया। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए यहां पूर्व से ही पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया था। माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती के नेतृत्व में यहां पुलिस मौजूद रही।



पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर अगले 4-5 दिन में गिरेगा तापमान

दो दिन बाद कडक ठंड के आसार, मावठा इस बार रूठा हुआ

मावठा न गिरने से खेतों में नमी की स्थिति कमजोर, अधिकांश जगह सिंचाई की स्थिति

मौसम सतुलन चक्र बिगड रहा

मावठा नदारद, फसल को पानी की जरूरत

ये कारण है फरवरी तक ठंड के जाने का

भूजल स्तर नीचे गिरा

### आंदोलन की चेतावनी

भारतीय किसान संघ ने अनुरोध पूर्वक जिला प्रशासन से समस्या निराकरण करने की मांग ज्ञापन में रखी है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि समय रहते पानी चालू नही किया गया तो भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन करने को बाध्य रहेगा। जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

### ज्ञापन में ये मांग रखी

भारतीय किसान संघ जिला ईकाई उज्जैन के अध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के साथ पहुंचे करीब एक सैंकडा किसानों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी की और पानी की समस्या निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व ज्ञापन का वाचन किया गया। ज्ञापन में मांग रखी गई की मां नर्मदा का पानी छोटी काली सिंध नदी में छोड़ा जावे। माकड़ोन तहसील के पाट स्टॉप डेम में पानी मात्र 10 से 15 दिन की सिंचाई का ही बचा है जबकि फसल को 30 से 40 दिन तक सिंचाई के पानी की आवश्यकता है। मां नर्मदा पाइपलाइन का बड़ा कंट्रोल वॉल जो छोटी काली सिंध नदी के किनारे पर स्थित है। उसे चालु करवाया जाए। उसे खोलकर यहां स्थित 5 बैराज को भरा जाए । जिससे हजारों किसानों को बर्बाद होने से बचाये जा सकेगा। उज्जैन जिले के वंचित गांव में भी मां नर्मदा सिंचाई परियोजना को सुचारू रूप से माकड़ोन, महिदपुर, घट्टिया, उज्जैन, बड़नगर तराना, नागदा, खाचरौद तहसील सहित सभी वंचित क्षेत्रों को जोड़ा जावे। जहां वर्तमान में मां नर्मदा पाईप लाइन चालु है उनको सतत रूप से चलाया जावे। ताकि किसान सिंचाई से वंचित न रह सके।

### मावठा न गिरने से समस्याओं का जन्म

**ड्राई विंटर यानिकी सूखी ठंड** - ठंड का सीजन अपने अंतिम दौर में है लेकिन, इस बार मौसम ने एक असामान्य स्थिति बनाई है। बोवनी के बाद करीब ढाई महीने की ठंड गुजर जाने के बावजूद प्रदेश में शीतकालीन बारिश यानी मावठे की एक भी बूंद नहीं गिरी। मौसम विशेषज्ञ इसे सूखी ठंड या ड्राई विंटर बता रहे हैं। इसका असर सिर्फ तापमान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हवा में नमी न होने से खेती पर संकट की स्थिति दिख रही है। मौसम चक्र पर भी खतरे के संकेत दिखाई देने लगे हैं। आमतौर पर 1 नवंबर से 28 फरवरी के बीच दिसंबर-जनवरी में हल्का मावठा होता है। यही बारिश मिट्टी में नमी बनाए रखती है, जो फसलों को सजीवनी देती है और ठंड को संतुलित करती है। इस बार कड़ाके की ठंड के कई रिकॉर्ड बने। लेकिन, हवा पूरी तरह शुष्क रही और आसमान ज्यादातर साफ रहा। कृषि जानकारों के अनुसार गेहूं, चना सरसों के लिए मावठा संजीवनी होता है। इस बार मावठा के नदारद होने से कृषकों को ज्यादा सिंचाई करनी पड़ रही है, जिससे लागत बढ़ी है। मिट्टी की ऊपरी परत सूखने और न्यूनतम तापमान गिरने से पाले का खतरा बढ़ गया है। आलू, टमाटर और मटर में कीट और वायरस का प्रकोप बढ़ने की स्थिति सामने आ रही है।

### मौसम सतुलन चक्र बिगड रहा

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सर्दी में नमी की कमी का असर आगे भी दिख सकता है। मार्च में तेज गर्मी, प्री-मानसून में आंधी-तूफान और ओलावृष्टि की घटनाएं बढ़ सकती हैं। मानसून की शुरूआती चाल में भी बदलाव की आशंका है। सर्दियों में वायुमंडल को जरुरी नमी नहीं मिलती, तो मौसम का संतुलन चक्र बिगड़ जाता है। मौसम वैज्ञानिक एके शुक्ला के मुताबिक इस साल स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टर्वेस सक्रिय नहीं रहा। जो पश्चिमी विक्षोभ आए भी, वे कमजोर थे। इससे मध्य भारत तक नमी पहुंच ही नहीं पाई। न बादल बने और न बारिश की स्थिति बनी। नतीजा यह हुआ कि रात के तापमान में अचानक गिरावट आई और ठंड तीखी होती चली गई।

### भूजल स्तर नीचे गिरा

जिले में गेहूं एवं चने की फसल को मावठा की बारिश नहीं मिलने एवं खेतों में नमी को बनाए रखने के लिए इस बार कृषकों को अधिक मेहनत करना पड रही है। इसके चलते खेतों में खड़ी फसल को नमी के लिए सिंचाई करना कृषकों की मजबूरी हो गई है। थ्री फेस बिजली एवं पानी की उपलब्धता के आधार पर कृषक दिन एवं रात दोनों समय खेतों में पानी से सिंचाई कर रहे हैं। सिंचाई के लिए नलकूप ही मुख्य सहारा हैं। फसलों को बचाने के लिए भूजल का जमकर दोहन होने के बाद भी फसलों को पूरा पानी और जमीन को वैसी नमी नहीं मिल रही है जैसी मावठा की बारिश से मिलती है। इसके चलते सभी क्षेत्रों में भू-जल के स्तर में एक दम से गिरावट की स्थिति सामने आ रही है। इसके चलते कई नलकूप आकस्मिक तौर पर बंद हो रहे हैं। इस कारण से कई कृषकों को पानी की समस्या से भी दो चार होना पड रहा है।

## अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया पर लगा ताला खुलने की उम्मीद एक बार फिर से जगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया पर लगा ताला खुलने की उम्मीद एक बार फिर से जगी है। प्रमोशन में आरक्षण मामले में 20 जनवरी को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई होने वाली है। माना जा रहा है कि सरकार की मंशानुसार अदालत से कर्मचारियों की पदोन्नति की राह खुल सकती है। मप्र के कर्मचारी पिछले 10 साल से पदोन्नति की आस लगाए हुए हैं।

गौरतलब है की मप्र में पदोन्नति प्रक्रिया पर प्रतिबंध होने के कारण हजारों कर्मचारी बिना प्रमोशन पाए ही रिटायर हो गए हैं। इस बीच पिछले दस साल से प्रतीक्षारत सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए मौजूदा माह में अच्छी खबर मिलने की उम्मीद है। पिछले दस साल से प्रतिबंध होने के कारण अभी तक अधिकारी और कर्मचारियों के रिटायरमेंट का आंकड़ा करीब एक लाख तक पहुंच गया है। प्रतिमाह शासकीय सेवकों की सेवानिवृत्ति का क्रम बरकार है। लगातार प्रदेश में कर्मचारियों द्वारा मांग उठाई जा रही है कि प्रमोशन के रास्ते तत्काल खोले जाने चाहिए। साल 2016 से प्रमोशन पर प्रतिबंध लगा है। तब से स्थिति यह है कि कर्मचारी अधिकारी जिस पद पर काम कर रहा है। उसी पद पर रहते हुए वह रिटायरमेंट ले रहा है। न्यायालयीन निर्णय नहीं होने के कारण प्रदेश में प्रतिबंधित प्रमोशन ने विभागों में सिस्टम को प्रभावित कर दिया है। हालात यह है कि उम्र का दायरा पूरा होने से ऊपर के पद निरंतर स्टियारमेंट से रिक्त हो रहे हैं। अब पदोन्नतियां नहीं होने से योग्य लोग इन पदो पर वहीं पहुंच पा रहे है। काम की गति को बढ़ाने के लिए नियम विरूद्ध जूनियरों को सीनियर का प्रभार दिया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी सहित अन्य निर्माण विभागों में एक्ज्युकेटिव इंजीनियर अभियंता की सीट संभाल रहे है। अन्य विभागों में योग्य न होने के बाद भी जूनियरों को वरिष्ठ पदों पर भेजकर काम लिया जा रहा है।

## परियोजना के तहत 18 आवासीय ब्लॉकों का निर्माण

**सार्वजनिक उपयोग की संरचनाएं तथा 1,000 कार और 15 बसों की पार्किंग व्यवस्था भी**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 3 हजार कमरों वाला भक्त निवास का निर्माण किया जाएगा।

इसकी लागत करीब 672 करोड़ रुपए है और यह 18.65 एकड़ भूमि पर विकसित की जाएगी। भक्त निवास परिसर होर फाटक ब्रिज के समीप यूनिटी मॉल के सामने और महाकालेश्वर मंदिर से 10 मिनट की दूरी पर है। परियोजना के तहत 18 आवासीय ब्लॉकों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें करीब 3,000 कक्षों की सुविधा होगी। इसमें भोजनालय, व्यावसायिक सुविधाएं, प्रशासनिक भवन, सार्वजनिक उपयोग की संरचनाएं तथा 1,000 कार और 15 बसों की पार्किंग व्यवस्था भी विकसित की जाएगी।

भूमि पर प्रस्तावित प्लान के अनुसार कुल 16 ब्लॉक बनाए जाएंगे। प्रत्येक ब्लॉक 6 मंजिला होकर लगभग 112 कमरों का होगा। भक्त निवास में दर्शनार्थी, स्टाफ के लिए पार्किंग, हेल्प सेन्टर, चार्जिंग यूनिट के साथ ई- स्टेशन, ई- वाहन स्टैंड भी बनेगा। ई- वाहन दर्शनार्थियों को भक्त निवास से श्री महाकालेश्वर मंदिर तक निःशुल्क लाने व ले जाने का कार्य करेगी।

महाकालेश्वर भक्त निवास वर्ष 2028 में शहर में होने वाले सिंहस्थ मेले के आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए बनाया जा रहा है। श्री महाकालेश्वर भक्त निवास के अंतर्गत बेसिक डवलपमेन्ट, रोड, प्लॉट इत्यादि पर होने वाले व्यय का वहन श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति एवं संस्थाओं के सीएसआर फण्ड व दानदाताओं के माध्यम से किया जाएगा।

## मक्सी रोड ओवरब्रिज का निर्माण पुरुष आईटीआई के समीप करने का जनहितकारी निर्णय

**प्रस्तावित पुल अभियांत्रिकी मापदंड के अनुसार सुरक्षित एवं उपयुक्त है, संतुलित मार्ग प्राप्त होगा व दुर्घटनाओं की सम्भावना नगण्य होगी**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रशासन ने आवश्यक मापदंडों का सूक्ष्म अध्ययन करते हुए उज्जैन मक्सी रोड ओवरब्रिज का निर्माण पुरुष आईटीआई के समीप (दक्षिण दिशा) में करने का जो जनहितकारी निर्णय लिया है, वह न केवल सराहनीय है बल्कि क्षेत्र के सुव्यवस्थित यातायात एवं सुरक्षित आवागमन हेतु श्रेष्ठ निर्णय है। इसके फलस्वरूप अनावश्यक विस्थापन से नागरिकों को राहत मिलेगी एवं उपलब्ध रिक्त शासकीय, औद्योगिक भूमि का उपयोग होगा, अतिरिक्त अनावश्यक क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान भी नहीं करना होगा ।

सामाजिक एवं पर्यावरणीय क्षति न्यूनतम होगी तथा परियोजना का कार्य बिना अवरोध के समय सीमा में पूर्ण होगा । तकनीकी रूप से पुल का निर्माण दक्षिण दिशा (पुरुष ।T।) में ही अभियांत्रिकी मापदंड के अनुसार सुरक्षित एवं उपयुक्त है । पुरुष ।T। की दिशा में खुली औद्योगिक एवं सरकारी भूमि उपलब्ध है, जिससे भूमि अधिग्रहण, स्वामित्व विवाद और पुनर्वास की आवश्यकता न्यूनतम होने से प्रस्तावित कार्य निर्विघ्न एवं समय सिमा में पूर्ण होगा। साथ ही पुरुष ।T। की दिशा में औद्योगिक एवं शासकीय भूमि उपलब्ध होने से निर्माण कार्य बिना किसी सुरक्षा जोखिम के संपन्न होगा। संतुलित मार्ग प्राप्त होगा व दुर्घटनाओं की सम्भावना नगण्य होगी और निजी भवनों का घनत्व कम होने, पर्याप्त शासकीय एवं औद्योगिक भूमि उपलब्ध रहने तथा सर्विस लेन अधिक चौड़ी होने के फलस्वरूप भूमि अधिग्रहण न्यूनतम, मुआवजा व्यय अत्यंत कम, वृक्षों की कटाई न्यूनतम तथा निर्माण प्रक्रिया सरल व निर्बाध रहेगी। पुरुष आईटीआई की ओर निर्माण ही जनहित में अधिक उपयुक्त विकल्प है।

### युवक का शव कुएं में मिला

## ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगा स्टेट हाईवे जाम किया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शाजापुर जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र के ग्राम तिंगजपुर में शुक्रवार से लापता युवक देवनारायण पिता भेरुलाल 22 वर्ष का शव सोमवार सुबह एक कुएं में मिला। उसकी बाइक गांव के एक कुएं के पास लावारिस हालत में पाई गई थी। ग्रामीणों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस पर आरोप मामले को गंभीरता से नहीं लेने के आरोप लगाए और आक्रोश में स्टेट हाईवे ए-बी रोड जाम कर दिया।

सोमवार पूर्वान्ह युवक का शव सामने आने से गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जल्द ही हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की और एकत्रित हुए ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर स्टेट हाईवे 41सारंगपुर-राजगढ-शुजालपुर-भोपाल मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अमले के सामने ग्रामीणों ने प्रशासन से चार मांग रखी जिसमें युवक की मौत के मामले में एस आई टी के द्वारा जांच हो, आरोपियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया जाए ,पीड़ित पक्ष को मुआवजा दिया जाए और लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मी को निलंबित किया जाए । मौके पर पहुंचे बेरछा एसडीओपी रवि प्रकाश कोल ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए मांग पूरी करने की बात कही। ग्रामीणों के द्वारा एसडीओपी के आश्वासन पर 2 घंटे से चल रहे जाम खोला गया । ग्रामीणों के इस प्रदर्शन में कई वाहनों में लोग परेशान होते दिखाई दिए और स्टेट हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जाम के दौरान प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने जाम में फसी एबुलेंस को रास्ता देते हुए निकलने दिया।

## शिप्रा नदी में लगे फव्वारे बंद, रेलिंग नहीं सुरक्षा के साथ सुंदरता भी उजड़ रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकाल लोक बनने के बाद से ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में बाहर के श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं और शिप्रा नदी में स्नान करने के बाद वह महाकाल दर्शन करने के साथ ही अन्य देवी देवताओं के भी दर्शन करते हैं। लेकिन पिछले कई दिनों से शिप्रा नदी पर अव्यवस्था फैली हुई है। शिप्रा नदी पर किया गया सौंदर्य करण भी उजड़ता जा रहा है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पिछले कई दिनों से शिप्रा नदी में लगे फव्वारे बंद पड़े हैं। इस कारण यहां की सुंदरता उजड़ी हुई है।



### शाम को शिप्रा आरती में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं

प्रतिदिन शिप्रा नदी पर बड़ी संख्या में बाहर के यात्री पहुंचते हैं और शाम को होने वाली शिप्रा आरती में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं । ऐसे में शाम को नदी के घाटों पर और भी चहल-पहल देखने को मिलती है। लेकिन पिछले कई दिनों से नदी के अंदर लगे फव्वारे बंद पड़े हैं। इस कारण शिप्रा नदी की सुंदरता खोती जा रही है। जब भी कोई शिप्रा नदी पर बड़ा आयोजन होता है तो यहां की व्यवस्था में सुधार कर दिया जाता है। वहीं नदी के अंदर लगे फव्वारे भी चालू हो जाते हैं। साथ ही फव्वारों के साथ यहां की रंग बिरंगी लाइटिंग भी चालू हो जाती है जिससे रंग बिरंगी रोशनी बिखेरती लाइटिंग आकर्षण का केंद्र बनी रहती है। लोग मोबाइल से सेल्फी लेकर इस सुंदर दृश्य को अपने कमरे में कैद करते हैं । लेकिन पिछले कई दिनों से फव्वारे के साथ ही यहां की गई लाइटिंग भी बंद पड़ी है।

### योजनाएं बनी लेकिन सुधार नहीं

शिप्रा नदी पर स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भी जान जोखिम में है नदी के घाटों पर रेलिंग नहीं होने की वजह से लोगों को नदी की गहराई का पता नहीं चल पा रहा है और वह नहाते समय आगे निकल जाते हैं और डूबने लगते हैं। कुछ घाटों पर अस्थाई व्यवस्था की गई है रेलिंग की जगह रस्सा बांधकर काम चलाओ कार्य किया जा रहा है। जबकि शिप्रा नदी की व्यवस्था सुधारने के लिए अभी तक कई बार योजनाएं बन चुकी है। लेकिन अभी तक यहां की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है।

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



# महाकाल महोत्सव- 5वें दिन दिखा कला और संस्कृति का संगम

**उज्जैन में जनजातीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने दी प्रस्तुति, प्रस्तुतियों से शिवतत्व, भक्ति और विश्व संस्कृति के अद्भुत समन्वय को दशार्या**

## जनजातीय लोककलाओं की दिखी झलक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में 14 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित 'श्री महाकाल महोत्सव' के पांचवें दिन रविवार को कला, लोकसंस्कृति और शिवभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। दिनभर चली विविध प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं और दर्शकों को भारतीय जनजातीय परंपराओं तथा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों से परिचित कराया।

पंचम दिवस की शुरूआत 'कला यात्रा' से हुई। इसमें उज्जैन की पल्लवी किशन और उनके साथियों ने आकर्षक 'गणगौर लोकनृत्य' प्रस्तुत किया। यह यात्रा गणगौर दरवाजा से शुरू होकर कार्तिक चौक (सवारी मार्ग) और गुदरी चौराहा होते हुए श्री महाकाल लोक में समाप्त हुई। पारंपरिक वेशभूषा, लोकसंगीत और लयबद्ध नृत्य ने मार्ग में उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।





महाकाल लोक में जनजातीय लोककलाओं की सजीव झलक देखने को मिली। हरदा से आए मंशाराम और उनके साथियों ने कोरकू जनजातीय 'थापटी नृत्य' प्रस्तुत किया। उज्जैन की विनती जैन और उनके साथियों ने 'मटकी नृत्य' से दर्शकों को आकर्षित किया। सीधी से आए दानबहादुर घासी और उनके दल ने घासी जनजातीय 'घसियाबाजा' की प्रस्तुति दी।

बड़ौदा के विजयभाई राठवा और उनके साथियों ने राठवा जनजातीय 'होली नृत्य' प्रस्तुत किया, जिसने उत्सव का रंग और गहरा कर दिया। शाम 7 बजे श्री महाकाल महालोक के प्रांगण में भगवान शिव पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां हुईं। इंडोनेशिया से आए श्री कोकोरदा पुत्रा और उनके साथियों ने तथा श्रीलंका से पधारे अरियारन्ने कालूराच्ची और उनके दल ने शिव-केंद्रित नृत्य-नाट्य की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### आयुक्त द्वारा जलूद एवं ग्राम भकलाय स्थित नर्मदा जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण

**इंदौर।** इंदौर नगर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा जलूद एवं ग्राम भकलाय क्षेत्र में स्थित नर्मदा जल प्रदाय परियोजना अंतर्गत पंपिंग स्टेशन एवं इंटेक वेल का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक, कार्यपालन यंत्री जी.एस.पटेल, प्रताप बुंदेला सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

आयुक्त नगर निगम श्री सिंघल द्वारा जलूद एवं ग्राम भकलाय क्षेत्र में स्थित नर्मदा फेस-1, फेस-2, फेस-3 एवं फेस-4 अंतर्गत पंपिंग स्टेशन, इंटेक वेल, स्काडा सिस्टम, पंप हाउस एवं पाइप लाईन का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों से यह जानकारी ली कि किस प्रकार मां नर्मदा से जल को पंप कर इंदौर शहर तक लाया जाता है, जल शोधन की प्रक्रिया कैसे की जाती है तथा किस प्रकार क्लोरीनीकरण कर नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाता है।

नगर निगम आयुक्त श्री सिंघल द्वारा जल शोधन संयंत्र की प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया गया, जहां उनके समक्ष जल गुणवत्ता परीक्षण कराए गए। उन्होंने परीक्षण प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए जल की गुणवत्ता को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त श्री सिंघल द्वारा जलूद एवं भकलाय में स्थित फिल्टर प्लांट एवं पंप हाउस के निरीक्षण के दौरान बी.पी. टैंक में हो रही लीकेज के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिये गये, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो और जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

### बोहरा समाज के लोगों ने साइकिल चलाकर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

**उज्जैन।** उज्जैन की दाऊदी बोहरा समाज द्वारा शारीरिक फिटनेस और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइक्लोथॉन 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस शहरव्यापी कार्यक्रम में 150 साइकिल चालकों ने भाग लिया, जिनमें सबसे कम उम्र का प्रतिभागी 7 वर्ष का और सबसे अधिक उम्र का प्रतिभागी 81 वर्ष का था।

15 किलोमीटर लंबी यह साइक्लोथॉन कामरी मार्ग से शुरू होकर कोठी पैलेस होते हुए पुनः प्रारंभिक स्थल पर समाप्त हुई। इस आयोजन में परिवारों, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों और अनुभवी साइकिल चालकों ने एक साथ भाग लिया, जो स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

कार्यक्रम के समन्वयक हुजेफा सिहोरवाला ने कहा, ह्लअच्छा स्वास्थ्य रोजाना के अनुशासन से विकसित होता है। जब कोई समुदाय इस तरह एकजुट होता है, तो यह संदेश जाता है कि फिटनेस, संतुलन और जिम्मेदारी जीवन के हर चरण में महत्वपूर्ण हैं। यह पहल दाऊदी बोहरा समुदाय के उन मूल्यों को दशार्ती है, जिनके अंतर्गत समाज की भलाई के लिए स्वास्थ्य सेवा, पोषण और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा, सभी आयु वर्ग के लोगों को एक साथ लाकर हम अपने मूल्यों को व्यवहार में ला रहे हैं। यह साइक्लोथॉन केवल तय की गई दूरी तक सीमित नहीं था, बल्कि उज्जैन के प्रत्येक नागरिक के लिए एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली के प्रति साझा संकल्प को मजबूत करने का प्रयास था।

## महाकाल के दरबार पहुंचे क्रिकेटर नीतीश रेड्डी

# भस्म आरती में शामिल होकर लिया बाबा का आशीर्वाद

कालों के काल बाबा महाकाल के दरबार में आज सुबह भारतीय क्रिकेटर नीतीश कुमार रेड्डी बाबा महाकाल की अद्भुत और अद्वितीय भस्म आरती देखने पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन किए और बाबा महाकाल की भक्ति में लीन हो गए। बाबा महाकाल के पहली बार दर्शन करने पहुचे भारतीय क्रिकेटर नीतीश कुमार रेड्डी भस्म आरती के दौरान कभी तालियां बजाते हुए तो कभी जय श्री महाकाल का उद्घोष करते हैं हुए नजर आए। भस्म आरती के बाद आपने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन अर्चन और जलाभिषेक किया इसके बाद नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना भी कही।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने बताया कि कालों के काल बाबा महाकाल के दरबार में आज भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। आपने बताया कि भस्म आरती के दौरान नीतीश ने अपने मस्तक पर त्रिपुंड बनवाया था और नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की भक्ति में लीन भी दिखाई दिए। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ने प्रातःकालीन भस्म आरती में ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर



**नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की आरती देखी**

### बेटे का क्रिकेट करियर बनाने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

नीतीश कुमार रेड्डी एक क्रिकेटर हैं। वह जो घरेलू क्रिकेट में आंध्र और इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हैं। उन्होंने 27 जनवरी 2020 को आंध्र के लिए 2019-20 रणजी ट्रॉफी में अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया। रेड्डी ने 20 फरवरी 2021 को आंध्र के लिए 2020-21 विजय हजारे ट्रॉफी में अपना लिस्ट ए डेब्यू किया। उन्होंने 4 नवंबर 2021 को आंध्र के लिए 2021-22 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपना ट्वेंटी 20 डेब्यू किया। उन्हें 2023 इंडियन प्रीमियर लीग की ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 लाख रुपये में खरीदा था। नीतीश ने 6 अक्टूबर 2024 को अपना टी20 डेब्यू किया और 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान 22 नवंबर 2024 को भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। नीतीश कुमार रेड्डी का जन्म 26 मई 2003 को विशाखापत्तनम में हुआ था। वे हिंदुस्तान जिंक के पूर्व कर्मचारी मुत्याला रेड्डी के बेटे हैं। नीतीश ने 5 साल की उम्र में प्लास्टिक के बल्ले से क्रिकेट खेलना शुरू किया और सीनियर खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलते देखने के लिए नियमित रूप से हिंदुस्तान जिंक के मैदान पर जाते थे। अपने पिता के सहयोग से, जिन्होंने उदयपुर में ट्रांसफर होने पर अपनी नौकरी छोड़ दी थी, ताकि अपने बेटे को क्रिकेट करियर बनाने में मदद कर सकें।

### राज्य स्तरीय नि:शुल्क प्रांतीय प्लास्टिक सर्जरी कैम्प का होगा आयोजन


**इंदौर।** क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएँ, इंदौर संभाग ने जानकारी दी है कि स्वर्णिम फाउंडेशन द्वारा 08 फरवरी 2026 को इंदौर में प्रांतीय स्तर का निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प आयोजित किया जायेगा।निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प में अमेरिका से आए विशेषज्ञ डॉक्टर एवं सर्जन मरीजों की जाँच करेंगे। मरीजों की जाँच सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक की जाएगी। जाँच के बाद चयनित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन वर्मा यूनियन हॉस्पिटल, इंदौर में किए जाएंगे। ऑपरेशन के दौरान मरीज के साथ अटेंडर के लिए निःशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की गई है।

# सिंहस्थ की तैयारी:45 मीटर चौड़ी हो जाएगी इंदौर रोड आठ फ्लाई ओवर से गुजरेंगे वाहन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 से पहले उज्जैन को इंदौर से जोड़ने वाली पहली सिक्स लेन सड़क इसी साल के अंत तक मिलने की उम्मीद है। 45 मीटर चौड़ी यह सड़क हरिफाटक ब्रिज से शुरू होकर अरबिंदो अस्पताल, इंदौर तक जाएगी। 1692 करोड़ रुपए की लागत से बन रही 46 किमी लंबी सिक्स लेन का 45% काम पूरा हो चुका है।

अब तक 8 किमी मार्ग तैयार कर उस पर डामरीकरण भी किया जा चुका है।



अलग-अलग स्थानों पर 8 फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं।

**ये होंगे बड़े फायदे : सिक्स लेन से उज्जैन**

इंदौर मार्ग के 29 गांव जुड़ेंगे, जिनमें 20 इंदौर और 9 उज्जैन जिले के हैं। व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जमीनों के दाम बढ़ेंगे। सड़क पर डिवाइडर, दोनों ओर सर्विस रोड और 70 बॉक्स कल्वर्ट बनाए जाएंगे। सिंहस्थ-2028 में यातायात सुगम होगा।

# पीएचई के दावों की पोल खुली, नलों में आया कीड़े वाला गंदा पानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गंदे पानी को लेकर प्रदेशभर में हल्ला मचा हुआ है, वहीं आज सुबह सिंहपुरी क्षेत्र में नलों में पानी के साथ कीड़े भी आए। यह देख रहवासियों ने पार्षद को कीड़े वाले पानी का फोटो भेजा और शिकायत की। इंदौर की घटना के बाद पीएचई अधिकारी गंदे पानी की शिकायत का निराकरण करने की बात का रहे हैं, वहीं शहर में लगातार गंदा पानी आ रहा है।

इंदौर के भागीरथपुरा में हुई घटना के बाद शहर में जल सुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें शिकायत आई और उनके निराकरण का दावा अधिकारी करते रहे, लेकिन फिर भी शहर में कई जगहों पर गंदा पानी आ रहा है और कई जगह पाइप लाइन लीकेज की समस्या है, जिसे सुधारा जाना बहुत जरूरी है।

सुबह सिंहपुरी क्षेत्र के वार्ड 21 में जल प्रदाय के दौरान नलों से कई घरों में गंदा, बदबूदार और कीड़ों वाला पानी आया, जिसके बाद क्षेत्र के



रहवासियों ने गंदा पानी बोतल में भरकर उसका फोटो खींचा और क्षेत्रीय पार्षद अर्पित दुबे को भेजा। इसके बाद पार्षद ने तत्काल अधिकारियों को फोन लगाया। साथ ही पार्षद ने मीडिया को भी मौके पर बुलवाकर पानी का निरीक्षण करवाया।

### भागीरथपुरा क्षेत्र में तेजी से स्थिति हो रही सामान्य

**इंदौर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में स्थिति तेजी से सामान्य होती जा रही है। आज ओपीडी के 40 मरीजों में से मात्र 02 मरीज डायरिया के आए है, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। अस्पतालों में अब तक कुल 447 मरीज भर्ती किए जा चुके हैं जिसमें से 432 स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट गए हैं। 09 अभी भी वार्ड में भर्ती हैं और 06 आईसीयू में उपचारत है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार क्षेत्र में दो एम्बुलेंस लगायी गयी हैं। चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है। मरीजों को एम.व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहाँ पर भी निःशुल्क उपचार, जॉच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है। भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में 10 जनवरी 2026 से अभियान स्वास्थ्यवर्धन भी चलाया जा रहा है, जिसमें की गैर संचारी रोगों की भी जांच लगातार की जा रही हैं। सर्वे, शिविर तथा ओपीडी में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, नर्सिंग ऑफिसर तथा चिकित्सकों द्वारा लगातार परामर्श दिया जा रहा है। आज भी 'अभियान स्वास्थ्यवर्धन' के अंतर्गत भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में लार्वा सर्वे किया और घरों की जांच की और आवश्यक परामर्श और गतिविधियां की। जिसमें नागरिकों ने अपने आपको काफी सहज एवं सुरक्षित महसूस किया।

## कृषि विभाग बनवाएं जैविक खेती के लिए बड़े-बड़े क्लस्टर बनवाएं : संभाग आयुक्त



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने मंदसौर जिले के ग्राम देहरी में किसान श्री नंदकिशोर पाटीदार द्वारा की जा रही जैविक खेती का निरीक्षण एवं अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने खेत पर पहुंचकर जैविक खेती की पद्धतियों को देखा तथा किसान से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित कृषि विभाग के अधिकारी, अन्य जिला अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।

संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बड़े-बड़े क्लस्टर तैयार किए जाएं, ताकि सामूहिक रूप से जैविक खेती को अपनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से न केवल मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, बल्कि किसानों की लागत भी कम होती है और उत्पादन में भी वृद्धि होती है। अधिक से अधिक किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया जाए। निरीक्षण के दौरान किसान नंदकिशोर पाटीदार ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से जैविक खेती कर रहे हैं। उन्होंने जीवामृत, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, वेस्ट डी-कंपोजर, ताम्र छाछ, दशपर्णी अर्क एवं घन जीवामृत जैसे जैविक इनपुट्स का उपयोग करने की जानकारी दी। किसान ने बताया कि जैविक खेती अपनाने से रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम हुई है, जिससे खेती की लागत में कमी आई है और फसल उत्पादन में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने जैविक खेती में उपयोग किए जा रहे कृषि उपकरणों का भी अवलोकन किया तथा उनके उपयोग के संबंध में जानकारी ली। किसान द्वारा जैविक खेती के लिए हाल ही में खरीदे गए नवीन ट्रैक्टर को भी देखा गया।

## कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने किया यूनिटी मॉल का निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को इंदौर रोड़ पर निमार्णाधीन प्रधानमंत्री एकता मॉल (यूनिटी मॉल) का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान मॉल के निर्माण की स्थिति देखने के साथ ही कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश में केवल उज्जैन में यूनिटी मॉल की सौगात मिली है।

॥ गुरु कृपा ॥

**अनिता शर्मा को पी-एच.डी. की उपाधि**



श्रीमती अनिता शर्मा को विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा शिक्षा विषय में पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई।

उन्होंने अपना शोध कार्य "श्रीमद्भगवद्गीता में अन्तर्निहित जीवन मूल्यों का उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर प्रभाव का अध्ययन" विषय पर पूर्ण किया।

यह शोध कार्य महराजा शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन (शोध केंद्र) में डॉ. सुरेखा जैन के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस उपलब्धि पर उनके समस्त परिवार ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ**

## न्यूज-कॉलम



## आलीराजपुर के नानपुर सहकारी संस्था द्वारा प्रथम ई-टोकन जारी

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन की ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत कृषकों को ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण की प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया है। इसी क्रम में आज से बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित नानपुर, जिला आलीराजपुर द्वारा कृषक श्री मेहताब सिंह पिता हेमता, निवासी फाटा, जिला आलीराजपुर को प्रथम ई-टोकन जारी किया गया।उल्लेखनीय है कि टी.एल. बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग को उक्त व्यवस्था शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में यह कार्य सफलतापूर्वक प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विभाग के उपायुक्त श्री जी.एल. सोलंकी, उप संचालक कृषि श्री सज्जनसिंह चौहान तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित झाबुआ के नोडल अधिकारी आलीराजपुर श्री हर्ष गुप्ता द्वारा संस्था के प्रबंधक श्री संजय बामनिया एवं संस्था प्रशासक श्रीमती संगीता चौहान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ई-टोकन व्यवस्था से किसानों को खाद वितरण में पारदर्शिता आएगी तथा शासन की योजनाओं का लाभ उन्हें आसानी एवं समय पर उपलब्ध हो सकेगा।

## शासकीय प्राथमिक विद्यालय आधार कांच का निरीक्षण



**आलीराजपुर।** जिले में शिक्षा व्यवस्था, छात्रावास व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सभी अधिकारियों को छात्रावास, विद्यालयों का समय समय पर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा निरंतर शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा द्वारा प्राथमिक विद्यालय आधारकांच का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की उपस्थिति में साफ सफाई कम पाई गई। जिस पर संबंधित शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करें। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि विद्यालय में बच्चों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार ही दिया जा रहा था।

## गुप्त नवरात्रि पर मां चामुण्डा देवी मंदिर परिसर में श्रीमद् देवी भागवत कथा

**मनावर।** गुप्त नवरात्रि के पावन पर्व पर मां चामुण्डा देवी मंदिर परिसर में श्रीमद् देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन स्थानीय भजन मंडल मातृशक्ति द्वारा आयोजित किया गया। दुर्गा मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें भारी तादाद मे नगरवासी मातृशक्ति ने सम्मिलित रहे।जिसमें मुख्य यजमान कविता राहुल पाटीदार मेंबर ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। मां चामुंडा भजन मंडल अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा हीरालाल पाटीदार ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत कथा 19 से 27 जनवरी तक समय दोपहर 12 बजे 4 बजे तक होगी।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में सांस्कृतिक महोत्सव अभिव्यक्ति 2026 का सफल आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर




सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर द्वारा अपने 24 वें वार्षिक उसत्व चअभिव्यक्ति 2026 के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय संचालक बी एम पाटीदार और अकादमिक प्रबंधक संजय गर्ग, शंकर पाटीदार और निर्णायक सुश्री डॉ मृदुला उपाध्याय ने मां सरस्वती तथा प्रेरणा पुंज लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का पूजन, वंदन व माल्यार्पण किया। स्वागत उद्बोधन संचालक बी एम पाटीदार द्वारा देते हुए कहा कि आज के इस वार्षिक उत्सव में उपस्थित सभी अतिथि, पालकगण और विद्यार्थीयों से महाविद्यालय का वर्षों पुराना संबंध है, और आज इस संबंध में ओर अधिक प्रगाढ़ता आ गई है। आप निश्चित ही विविधता पूर्ण कार्यकमों का आनंद लेंगे। आपका अपना महाविद्यालय अपने स्थापना वर्ष से ही निमाड़ क्षेत्र का सिरमौर रहा और रहेगा । सभी प्रस्तुतियों में विविधता और आकर्षण था, जो सभी का मन मोहकर तालियां बटोरती गई। कार्यक्रमों में गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, पंजाबी थीम, गुजराती स्टार, पहाड़ी थीम,राधा रिदम, राजपूताना डांस,माइम यूथ,रिमझिम डांस, तमिल ग्रुप,ट्रेडिशनल, मराठी बॉलीवुड, काठियावाड़,9 देवी एक्ट, बॉयस कॉमेडी,क्लासिकल डांस, मल्हारी ग्रुप, छाँवा थीम आदि की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने प्रतिभाओं को मजबूत आधार देने की प्रतिबद्धता दोहराई। डिविजन लेवल पर और अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स, कल्चरल विधाओं में सफल विद्यार्थियों ने हमारी परपंरा को अक्षुण्ण बनाए रखा है।

महाविद्यालय के होनहार रैंकर्स खुशी ठाकुर और ऋतिका राठौर जिन्होंने डी ए वी वी विश्वविद्यालय की प्रवीण्य सूची में क्रमशः प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त किया था, उन्हें मंच से सम्मानित किया गया। स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर बी सी ए की बहुमुखी प्रतिभावान छात्रा खुशी ठाकुर को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शिवपालसिंह पटेल और प्रो. अर्चना पंवार ने किया।

## महिलाओ ने लिया खेल प्रतियोगिता में भाग लिया

**बाग।** महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मकर संक्रांति के



उपलक्ष में लाडली बहना राशि कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी सुभाष जैन के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन 17 जनवरी को महिला बाल विकास विभाग कार्यालय बाग पर सेक्टर प्रभारी संगीता बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । जिसमें लाडली बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए लाईव लाडली बहना का राशि कार्यक्रम देखा व विभिन्न खैलो में भाग लिया जिसमें पतंगबाजी, रस्साकसी, चेयर रेस,व मानव श्रंखला भी बनाई आदि खेल आयोजित हुए। जिसमें फर्स्ट सर्मबाई,एवं सेकेंड संजुबाई ने सफलता हासिल की । सेक्टर प्रभारी संगीता बघेल ने कार्यक्रम को लेकर सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बताया की महिलाओ को आत्मनिर्भर करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार विभिन्न योजना चला रही है उस योजना का लाभ ले ओर महिलाएं आत्मनिर्भर बने खेल के माध्यम से महिलाओं को जागरूक करना है ।

# बाग पुलिस ने भेड़ बकरिया चुराने वाले 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



फरियादी हेमाराम पिता स्ताराम जाति देवासी उम्र 32 साल निवासी ग्राम दुजाना वार्ड नम्बर 10 तहसील सुमेरपुर थाना सेन्ड्राव जिला पाली राजस्थान ने धाने आकर रिपोर्ट किया कि मैं तथा मेरे साथी क्शनाराम, भमरजी देवासी हम लोग डेरे लेकर भेड़ बकरियां चराने का काम करते है दिनांक 14 जनवरी को सुबह में तथा मेरे साथी वसनाराम, भमरजी देवासी हम डेरे में से मैड़ बकरियां लेकर ग्राम आगर के जंगल में अलग अलग जराने ते गये थे तभी दिन के करीब 3 बजे झाडियों में छुपे हुए एवं मो.सा. से अज्ञात बदमाश आपे व बदमाशों ने भेड चरा रहे वसनाराम को पत्थरों से मारपीट करन लगे जिससे वसनाराम घायल होकर गिर गया, बदमाश अपनी मोटर साइ?किलों से व पैदल घायल वसनाराम की 4 बकरियां व 11 भेड लूटकर कर ले गये। घायत वसनाराम के चिल्ला चोट करने पर सभी डेरे वाले उसके पास पंहुचे व उसे लेकर इलाज हेतु सरकारी अस्पताल बाग पंहुंचे जहाँ धायत वसनाराम को भर्ती कर पुलिस थाना बाग पर रिपोर्ट की फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस थाना बाग पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक चार श्री मयंक अवस्थी के निर्देशन में अज्ञात बदमाशों की पतारसी कर शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर, एसडीओपी श्री सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में आरोपीयों को शीघ्र पकडने हेतु थाना प्रभारी बाग कैलाश चौहान के नेतृत्व में टीम गठीत कर आरोपियों की धरपकड़ करते अज्ञात आरोपीयो की तलाश के दौरान दिनांक 15 जनवरी को मुखबीर सूचना पर से ग्राम आगर के जंगलों से एक व्यक्ति मृत भेड को ले जाने की सुचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकडा जिसने अपना नाम अकरम पिता सोभान मावड़ा जाति भील उम्र 24 साल निवासी बैहड़िया धाना बोरी जिला अलीराजपुर का होना बताया जिसने दिनांक 14 जनवरी को अपने साथियों के साथ मिलकर मोटर सायकिलों से आगर डकैती करना स्वाकीर किया जिसे गिरफ्तार कर मृत एक भेड एवं घटना में प्रयुक्त मो.सा. को जप्त कर आरोपी को न्यायालय कुक्षी पेश कर रिमांड लिया गया जिसने पुछताछ में अपने साथियों जो ग्राम देवधा थाना बाग एवं ग्राम रंजीतगढ़ थाना बोरी जिला अलीराजपुर के साथ मिलकर घटना करना बताया। ग्राम रंजीतगढ़ में दबिश देकर आरोपी भुना पिता आपसिंह जाति भील उम्र ४० साल निवासी रणजीतगढ़ को गिरफ्तार किया गया। शेष आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जावेगा।

## महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता वार्ता का आयोजन



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बुरहानपुर एवं अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा माहेश्वरी भवन बुरहानपुर में महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर विषय पर जागरूकता वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑल इज वेल हॉस्पिटल के वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिश गुप्ता एवं डॉ. किमाया साली ने सर्वाइकल कैंसर, इसकी जांच, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेप- स्मियर टेस्ट के माध्यम से आसानी से सर्वाइकल कैंसर का पता लगाया जा सकता है। 50 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग वार्ता में 50 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में, सर्वाइकल कैंसर विषय पर जागरूकता वार्ता का सफल आयोजन किया गया।

# पुलिस ने डकैती के मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा



पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन मे, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुक्षी श्री सुनिल कुमार गुप्ता के निर्देशन मे फरार वारंटियों को पकडने के लिए व बदमाशो के विरुध्द सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गए थे।

इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी व टांडा पुलिस ने आरोपीयो की धरपकड हैतु लगातार दबिश दी जा है की दिनांक 17 जनवरी की रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि बदमाश बोरी टांडा रोड नरवाली में होने की सूचना पर टांडा पुलिस टीम रवाना हुई और जैसे ही पुलिस पहुंची वैसे ही पुलिस को देखकर 2 किलोमीटर तक भागा फिर दबोच लिया। *वारंटी पारस पिता रतन मावड़ा निवासी सिंगाचोरी थाना टांडा के विरुद्ध माननीय न्यायालय से स्थाई वारंट जारी थे जो गुजरात भागने के फिराक में था। माननीय न्यायालय पेश किया जो जेल दाखिल किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने मे थाना टाण्डा प्रभारी संजय कुमार रावत आर, निलेश विनोद, आर. सुनील,जितेंद् गोवर्धन की भुमिका रही।

# संकल्प से समाधान योजनान्तर्गत हुआ शिविर का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

पाटी नाका वार्ड नम्बर 23 राम कुल्लेश्वर वार्ड पर संकल्प से समाधान अभियान एवं जल सुनवाई अभियान अंतर्गत शिविर 19 जनवरी 2026 को आयोजन किया गया। जिसमे स्व. सहायता समूह की महिला अमृत सखी द्वारा पोर्टेबल टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य किया गया । जिसमें कुल 4 आवेदन पाईप लाईन लिकेज/मरम्मत व कम दबाव से पानी आने के संबंध में एवं वार्ड क्रमांक 18 एवं 23 तक 22 पेयजल नमूनों की जॉच की गई । जिसमें पेयजल पीने योग्य पाया गया । साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओ के आवेदन प्राप्त कर निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किये गए। संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 5 वृध्दावस्था पेंशन योजना.7 विधवा पेंशन 1 संबल योजना 3 जलकर एवं सम्पत्तिकर एन.ओ.सी. 14 आवेदन कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए।

संकल्प से समाधान योजनान्तर्गत किया गया हितग्राहियो को लाभो का वितरण मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की श्पीएम स्वनिधि योजनाश के अंतर्गत 8 हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण किया, जिनमें रजनी बाई, जाकिर मोहम्मद मंसूरी और शब्बीर शाह को 50-50 हजार रुपये, नजमा शेख को 25 हजार रुपये तथा माया बाई गोले, जया मेघवाल, सुनीता रावत व रीतू यादव को 15-15 हजार रुपये के हितलाभ प्रदान किए गए।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- रामदास पिता हीरालाल व अन्य क्रेता- बबीता पति धीरज मेहता वार्ड क्रं. 34 पता- 266 से.ई स्लाईस-3 स्कीम नं. 78 इन्दौर पिन- 1000993943 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- राकेश कुमार पिता बलीराम यादव क्रेता- जया पति देवेन्द्र जायसवाल वार्ड क्रं. 33 पता- भूखंड क्रमांक 08 प्र.क्रं. 201 खुशबू एवेन्यू ।। एच सुखलिया इन्दौर पिन- 1000945912 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-13

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- निखिल भद्रप्रसाद तिवारी पिता भद्रप्रसाद तिवारी क्रेता- 1- पंकज सुगंधी पिता राजेन्द्र सुगंधी 2- श्रीमती राखी सुगंधी पति पंकज सुगंधी पता- प्लाट नं. 230 शिवधाम कालोनी सेक्टर-ए फ्लेट नं. 202 स्वस्तिक शिवधाम कालोनी इन्दौर पिन- 1004404527 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-13 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-13

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- आनंद गुप्ता पिता स्व. दिनेशचंद्र गुप्ता, 2-श्रीमती सरला गुप्ता पति स्व. दिनेशचंद्र गुप्ता क्रेता- श्री अरुण पटेल पिता समुन्दर पटेल पता- प्लाट नं. 189 संस्कृति पाम ग्राम पालदा इन्दौर पिन- 2000125135 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-13 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-13

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- वरमिंदरसिंह छाबडा पिता दौलतराम छाबड़ा क्रेता- श्रीमती भारती धनगर पति वैभव धनगर पता- सर्वे नं. 227/1/2, 227/1/1 ग्राम लिम्बोदी प्लाट नं. 198 पीस पाईन्ट कालोनी फेस-3 इन्दौर पिन- 1003111254 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-13 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-13

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- वरमिंदरसिंह छाबडा पिता दौलतराम छाबड़ा क्रेता- श्रीमती अर्चना राजपूत पति प्रदीप पता- सर्वे नं. 227/1 227/2 ग्राम लिम्बोदी प्लाट नं. 107 पीस पाईन्ट कालोनी इन्दौर पिन- 1003111254 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-13 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-13

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- रजत पिता निलेश चौधरी क्रेता- श्वेता पति अनन्त अग्रवाल पता- 269 तिलक नगर भूखंड नं.301 इन्दौर पिन- 1003925554 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-13 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-7

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- भूपेन्द्र पिता दयाल पुंडीर क्रेता- संदीप पिता श्याम कुमार, आस्था गुप्ता पति संदीप वार्ड क्रं. 34 पता- 428 प्र.क्रं. जी-2 प्राईम आर्केड स्कीम नं. 114 प्रथम इन्दौर पिन- 1003260868 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-13

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- वरमिंदरसिंह छाबडा पिता दौलतराम छाबड़ा क्रेता- श्री राजेश उईके पिता तुलसीराम उईके पता-सर्वे नं. 227/1 227/2 ग्राम लिम्बोदी प्लाट नं. 347 पीस पाईन्ट कालोनी इन्दौर पिन- 1003111254 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-13 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-22

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मेसर्स एक्सीलेंट इन्फ्राबिड (विवेक चुध) क्रेता- श्रीमती उर्मिला जैन पति मनीष जैन पता- भूखंड क्रमांक 126 एक्सोटिका वुड्स इन्दौर पिन- 2000121602 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-15

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती अंकिता पति अमोल नाम जोशी 2- श्री अमोल पिता अभय नाम जोशी पता- 52 लोकमान्य नगर इन्दौर पिन- 1001252738 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-15 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-15

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- हीर तलरेजा पति दीपक तलरेजा पता- मकान नं. 154-ए पार्श्वनाथ नगर (प्रकोष्ठ क्रमांक जी-1 कंचन निवास) इन्दौर पिन- 1001207887 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-15 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती लक्ष्मी सोलंकी पति श्री मोहनलाल सोलंकी पता-मकान नं. 389, आम्रकुंज कां. इन्दौर पिन- 1000830227 वार्ड नं.4 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती तन्वी अग्रवाल पता-मकान नं. 262, विध्यांचल नगर फ्लेट नं. यू.जे.4 इन्दौर पिन- 1000854723 वार्ड नं.6 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

खास न्यूज

## पत्थरों से किया हमला, चाकू दिखाकर दी धमकी

उज्जैन। चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम नलवा में रहने वाले राजकुमार पिता बाबूलाल मरमट 28 साल घर से कुछ दूरी पर पंचक्रोशी पड़ाव के पास ग्राम आवलिया भूतिया में रहने वाले गोलू ने अपने साथी अमन और अन्य के साथ मिलकर रोका और पत्थरों से हमला कर सिर फोड़ दिया। गोलू ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। पथराव में घायल राजकुमार को परिजन चिंतामण गणेश थाना लेकर पहुंचे। जहां से पुलिस ने उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। वहीं मामले में राजकुमार के बयान दर्ज कर अमन और गोलू सहित अन्य के खिलाफ मारपीट करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया। घायल राजकुमार ने बताया कि गोलू अपराधिक प्रवृति का है। कुछ माह पहले उसने भतीजे निखिल को चाकू मार दिये थे। उक्त मामले में वह गवाह है। जिसको लेकर वह गवाह पलटने का दबाव बना रहे है। उनके बीच तनातनी चली आ रही थी। इसी बात पर उसने नलवा आकर हमला किया।

## शराब पीने से रोकना पत्नी को पड़ा भारी

उज्जैन। विक्रमनगर में रहने वाली रोशनी को शराब पीने से पति शाहरूख को रोकना रविवार रात भारी पड़ गया। पति से उसके साथ बुरी तरह मारपीट की और घायल कर दिया। रोशनी को उपचार के लिये आसपास के लोगों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। रोशनी के बताया कि पति आये दिन शराब पीकर घर आता है। रात में भी नशा कर लौटा था उसे शराब पीने से मना किया तो उसने पहले तो सिर दीवार में भड़क दिया और ताल-घूंसों से मारपीट की। अस्पताल स्टॉफ की ओर से रोशनी के साथ हुई मारपीट की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच करेगी।

## नारायणा चौराहा पर ट्रक ने मारी कार को टक्कर

उज्जैन। महिदपुर तहसील के ग्राम नारायणा में रविवार-सोमवार रात तेजगति से दौड़ते ट्रक ने हुंडाई कार को पीछे से टक्कर मार दी। गनीमत रही कि कार में सवार लोग गंभीर घायल नहीं हुये। कार का टायर फट गया और एक्सेल टूट गया। कार चालक रामबाबू पिता शिब्बालाल जाटवा ग्राम सुतालिया रोड घोषी मोहल्ला ब्यावरा राजगढ़ ने घटनाक्रम के बाद मामले की शिकायत महिदपुर थाना पुलिस को दर्ज कराई। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक मौके से लेकर भाग निकला था।

## स्ट्रीट डॉग से हुई दुर्घटना, युवक गंभीर घायल

उज्जैन। सड़कों पर दौड़ते स्ट्रीट डॉग दुर्घटना का कारण बनते जा रहे है। रविवार रात बाइक सवार स्ट्रीट डॉग के पहिये से टकराने पर गंभीर घायल हो गया। उसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घायल कमल पिता कनीराम वर्मा निवासी ग्राम खजूरिया मंसूर महिदुपर का रहने वाला है। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि कमल का दोस्त झारड़ा में रहता है। जिसका जन्मदिन था, कमल जन्मदिन के आयोजन में शामिल होने जा रहा था। जिले में स्ट्रीट डॉग की संख्या काफी बढ़ गई है। जहां बच्चों और बुजुर्गो पर हमला कर रहे है, वहीं बाइक सवारों के सामने आकर दुर्घटना का कारण बन रहे है। अंधेरा ढलने के बाद स्ट्रीट डॉग बाइक सवारों के पीछे भागते है। यह सीधे बाइक के सामने आ जाते है। जिसके चलते बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ जाता है।

## युवक से मारपीट कर स्कूटर में लगाई आग

उज्जैन। जन्मदिन की पार्टी करने की बात पर चिमनगंज सब्जी मंडी में नमन पिता धर्मेन्द्र बाली 22 साल निवासी नलियाबाखल का विवाद शिवशक्तिनगर में रहने वाले सुमित, अमित, गज्जी और अन्य साथियों से होगा। सभी ने मिलकर नमन के साथ मारपीट की और उसके स्कूटर में आग लगा दी। चिमनगंज थाना पुलिस ने नमन की शिकायत पर मामले में बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

### बीमारी से कर रहा था संघर्ष, एसपी ने दी श्रद्धांजलि

# नहीं रहा वर्दी का 25 साल साथ निभाने वाला हीरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कानून व्यवस्था के साथ वीआईपी ड्युटी, धार्मिक आयोजनों में पुलिस वर्दी के साथ कदम से कदम मिलाने वाला हीरा (अश्व) सोमवार को साथ छोड़ गया। निधन की खबर मिलते ही एसपी पुलिस लाइन पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

वर्ष 2001 में 4 साल की उम्र का अश्व 'हीरा' पुलिस विभाग में शामिल हुआ था। शांत स्वभाव के हीरा ने पुलिस वर्दी के साथ अनुशासन एवं समर्पण भाव से कानून व्यवस्था, श्रावण भादौ माह में महाकाल की सवारी, भीड़ नियंत्रण, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों में अपना दायित्व पुलिस बल के साथ निभाया। हीरा ने अपनी कार्यकुशलता, अनुशासन और विश्वसनीयता से अलग ही पहचान बनाई थी। 25 सालों तक पुलिस की गरिमा और कानून व्यवस्था में अपना योगदान देने वाला 'हीरा' कुछ समय से अस्वस्थ चल रहा था। उसकी बीमारी का उपचार पुलिस विभाग द्वारा कराया जा रहा था, लेकिन सोमवार को हीरा ने पुलिस विभाग का साथ छोड़ दिया। 25 सालों तक पुलिस सेवा में रहे 29 साल के हीरा के नहीं रहने की खबर मिलने पर एसपी प्रदीप शर्मा पुलिस लाइन पहुंचे। दिवंगत अश्व-हीरा की सेवाओं को नमन करते हुए उन्होने गहरा शोक व्यक्त किया और श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। एसपी ने कहा कि हीरा का निधन उज्जैन पुलिस परिवार के लिये अपूरणीय क्षति है। हीरा की सेवा उज्जैन पुलिस के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेंगी। हीरा का पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई देकर दफनाया गया।



### ढाई माह में पुलिस विभाग को दूसरी क्षति

पुलिस विभाग को अश्वरोही दल के दूसरे अश्व के निधन से ढाई माह में दूसरी क्षति हुई है। इससे पहले नवम्बर 2025 में अश्व नोटिबॉय का निधन होना सामने आया था। नोटिबॉय पुलिस विभाग की शान था। उसने अपने कौशल से राष्ट्रीय और ऑल इंडिया प्रतियोगिताओं में कई मेडल अपने नाम किये थे। उसकी जम्पिंग और फुर्ती उसे हर बार विजेता बनाती थी। 31 साल तक उसने पुलिस विभाग में अपनी सेवा कदम से कदम मिलाकर दी थी।

## रात 2.30 बजे नकाबपोश बदमाशों ने कार में लगाई आग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गारमेंट और रियल स्टेट कारोबारी की कार का कांच फोड़कर रविवार-सोमवार रात 2.30 बजे दो नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। आगजनी को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश बाइक से भाग निकले। पुलिस में फुटेज सामने आने के बाद दोनों की तलाश शुरू की है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के एलपी भार्गव नगर में गारमेंट और रियल स्टेट कारोबारी नरेश धनवानी निवास करते हैं। उन्होंने अपनी कार क्रमांक एमपी 13 पी 1313 घर के बाहर पार्क की थी। रात 3 बजे के लगभग आसपास के लोगों को कार जलती दिखाई दी तो उन्होंने धनवानी परिवार को जानकारी दी। परिवार बाहर आया लेकिन कार आग की लपटों से पूरी तरह घिर चुकी थी। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान 11.50 लाख कीमत की कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आगजनी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। धनवानी परिवार और आसपास रहने वालों के यहां लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए, जिसमें आगजनी की पूरी घटना कैद दिखाई दी। माधव नगर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फुटेज के आधार पर आग लगाने वालों की तलाश की जा रही है।



**बाइक से आए थे, चेहरे पर था नकाब-** सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पता चला कि आग लगने वाले दो बदमाश बाइक से आए थे उन्होंने चेहरे पर नकाब पहन रखा था वही दोनों शॉल भी ओढे थे। पहले उन्होंने कार का कांच फोड़ा। उसके बाद पेट्रोल जैसा ज्वलनशील पदार्थ अंदर डालने के बाद आज लगा दी। एक बदमाश मोबाइल से आगजनी की घटना का वीडियो भी बनता दिखाई दिया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी रंजिश के चलते धनवानी परिवार की कार में बदमाशों के माध्यम से आग लगवाई गई है।

**गुरुवार रात को भी आए थे बदमाश-** बताया जा रहा है कि कार में आग लगने से पहले गुरुवार रात को भी बदमाश धनवानी परिवार के यहां पहुंचे थे, तब उन्होंने घर के बाहर खड़ी एमजी हेक्टर कार का कांच फोड़ दिया था। परिवार ने उसे वक्त भी माधव नगर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस बदमाशों का पता नहीं लगा पाई और एक बार फिर बदमाश एलपीभार्गव नगर पहुंचे, इस बार उन्होंने आगजनी को अंजाम दिया।

## परिजनों से बिछड़ों को मिलवाने में पुलिस ने निभाई भूमिका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

परिजनों से बिछड़ों को मिलवाने में पुलिस ने एक बार फिर अपनी भूमिका निभाई और अपनी कर्तव्य निष्ठा के साथ मानवीय संवेदना का परिचय दिया। बिछड़ों के मिलने की खबर मिलने पर परिजनों पुलिस का आभार माना।

आंध्रप्रदेश के अनंतपुर से शनिवार को एक परिवार धार्मिक यात्रा पर आया था। रविवार को महाकाल दर्शन के बाद शाम को 6 बजे रामघाट पर क्षिप्रा आरती में शामिल होने पहुंचा। जहां परिवार में शामिल 65 साल की सरस्वती देवी पति आर श्रीनिवास मूर्ति भीड़ के बीच परिवार से बिछड़ गई। परिजनों ने आसपास तलाश किया, नहीं मिलने पर सुब्रमण्यम पिता स्व. चंद्रशेखर महाकाल थाना पुलिस के पास पहुंचे और बताया कि उनकी मौसी बिछड़ गई है। वह सिर्फ तेलगू भाषा जानती है और वृद्धावस्था के चलते उनकी नियमित दवाईयां भी चल रही है। थाना प्रभारी गगन बादल ने हमेशा की तरह वृद्धा श्रद्धालु की तलाश के लिये एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक मनीष यादव के साथ टीम को अलर्ट किया। परिजनों ने बिछड़ी महिला श्रद्धालु का फोटो लिया गया और वाट्सएप ग्रुप पर दुकानदारों, रिक्शा चालकों को भेजा गया। करीब 6 घंटे बाद रात 12 बजे डायल 112 पर तैनात आरक्षक अभिषेक और पायलेट पंकज को खबर मिली कि उक्त फोटो से मिलती-जुलती बुजुर्ग महिला हरसिद्धी पाल क्षेत्र में दिखाई दी है। तत्काल तलाश में लगी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सरस्वतीदेवी को सकुशल थाने लाया गया। परिजनों को सूचना दी गई। परिजन थाने पहुंचे और सरस्वती देवी को देख बिलख उठे। उन्हे सकुशल देख परिजनों ने पुलिस का आभार माना।

**बिहार के बालक को परिजनों से मिलवाया-** बिहार के मधुबनी से सप्ताहभर पहले लापता हुए बालक को बड़नगर थाना पुलिस ने परिजनों से मिलवाया। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रविवार रात को बस स्टेंड क्षेत्र में बालक के बदहवास हालत में दिखाई देने की खबर मिली थी। मौके पर पहुंचने के बाद सामने आया कि वह दिमागी रूप से कमजोर है। वह कुछ बता नहीं पा रहा था। उसके पास एक मोबाइल था, जिस पर कॉल आ रहे थे। मोबाइल के आधार पर संपर्क शुरू किया तो परिजनों से चर्चा हुई। उन्होने बताया कि नाम समीर पिता मोहम्मद अकबर है। पुलिस ने सकुशल मिलने की बात कहीं। सोमवार को बिहार से जीजा मोहम्मद नौशाद बड़नगर पहुंचे।

## छेड़छाड़ करने वाले की लोगों ने उतारी आशिकी

उज्जैन। मैजिक में सवार महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले लोगों ने आशिकी उतार दी। खबर मिलते ही हिन्दूवादी संगठन पहुंच गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

निजी अस्पताल में काम करने वाली महिला मैजिक से घर लौट रही थी। इसी दौरान मैजिक में सवार एक व्यक्ति ने छेड़छाड़ कर दी। महिला ने शोर मचाया तो चालक ने मैजिक रोकी। छेड़छाड़ करने का मामला सामने आते ही लोगों ने उक्त व्यक्ति की आशिकी का भूत उतार दिया। मामले की जानकारी लगते ही माधवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छेड़छाड़ करने वाले का हिरासत में लिया। जो शिकारी गली का रहने वाला मुस्ताक था। हिन्दू महिला से छेड़छाड़ करने की खबर हिन्दूवादी संगठन को मिली तो वह भी थाने पहुंच गये। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## मंडी में बगैर अनुज्ञा का 135 क्विंटल सोयाबीन पकड़ा

### 5 गुना अनुज्ञा शुल्क 34 हजार से अधिक की वसूली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चिमनगंज कृषि उपज मंडी में सोमवार को एक व्यापारी का बगैर मंडी शुल्क का 135 क्विंटल सोयाबीन पकडा गया था। मामले में काफी देर विवाद की स्थिति बनने के बाद देर शाम को मंडी प्रशासन की और से कार्रवाई करते हुए मंडी अनुज्ञा शुल्क के साथ जुमार्ना वसूला गया है। मंडी प्रशासन को इससे 34 हजार से अधिक राशि की आय हुई है।

मंडी प्रशासन के सहायक निरीक्षक प्रीतम सिंह चौधरी के अनुसार सोमवार दोपहर उपरांत मारूति गतिमान नामक फर्म पर वाहन में 135 क्विंटल सोयाबीन लाया गया था। वाहन को मंडी में लाने के दौरान गेट पर तैनात कर्मचारी को गफलत में डाला गया था। इसकी जानकारी लगने पर मंडी में वाहन की ढूंढ करवाई गई। वाहन फर्म के सामने खडा होना सामने आया। इस पर फर्म पर जाकर संबंधित वाहन एवं सोयाबीन की अनुज्ञा की जानकारी लेने पर सामने आया कि बगैर अनुज्ञा ही सोयाबीन लाया गया था। व्यापारी का कहना था कि उसने किसानों से खरीदा है लेकिन वह सौदा पत्र भी नहीं दे पाया । इस पर वाहन को सोयाबीन सहित मंडी कार्यालय लाया गया था। यहां पर मंडी नियमों के अनुसार कार्रवाई करते हुए अनुज्ञा शुल्क की 5 गुना राशि सहित 5 हजार रूपए जुमार्ना सहित कुल 34 हजार 484 रूपए की वसूली कर रसीद काटी गई। राशि अगले कार्य दिवस में मंडी प्रशासन के खाते में जमा होगी।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी प्रकाश जाटव पिता श्री इंदरलाल जाटव निवासी ग्राम निपानिया गोयल व कृषक ग्राम आंवलिया तहसील घटिया जिला उज्जैान म0प्र0 ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 257/1/1 रकबा 0.98 हेक्टर में से विक्रीत रकबा 0.60 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.60 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम आंवलिया तहसील घटिया जिला उज्जैधन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 20-01-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंरड दुकान क्रमांक 07**
**ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो.नं. 8719997462, 9584898788**

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
प्रधान कार्यालय - जयपुर

AU SMALL FINANCE BANK

**परिसर के स्थानांतरण के लिए सार्वजनिक सूचना.**

हमारी नागदा शाखा, जो वर्तमान में चौधरी अस्पताल के पास, ग्राउंड फ्लोर पर स्थित है, नागदा 10133, मध्य प्रदेश - 456335, 23 फरवरी 2026 से निम्नलिखित पते पर स्थानांतरित हो जाएगी।

**नया पता**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**
अग्रवाल कॉम्प्लेक्स, पहली मंजिल, 209/1 जवाहर मार्ग, अप्रोच रोड, जनमेजय अस्पताल के पास, नागदा (मध्य प्रदेश) - 456335

स्थान: नागदा, मध्य प्रदेश
दिनांक: 20 जनवरी 2026

शाखा प्रबंधक
मध्य प्रदेश

## पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

EL-2025-26-40 **ई निविदा सुचना** Date:16.01.2026

मंडल रेलप्रबंधक (बिजली/पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है।

| क्रम सं. | ई-टेण्डरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना राशी रु. |
|---|---|---|---|
| 1. | **EL-2025-26-40** Ratlam Division (1) UJN-Electrical work in connection with provision of one 6 meters wide FOB with cover with ramp between PF01 and PF08 located at BPL end (Simhastha 2028). (2) UJN Electrical work in connection with provision of one 6 meters wide FOB with cover with ramp between PF01 and PF08 located at RTM end (Simhastha 2028). | **₹7234226.74** | **₹144700.00** |

**कार्य समापन अवधि:-** 12 Months, **Similar type of work:-** "Definition of Similar Nature of work - Wiring/ Re-wiring in buildings with associated electrical works like control gear and protection arrangements in residential buildings or service buildings OR Lighting arrangement in buildings, circulating area, yard, street etc. with associated electrical works. OR wiring/Rewiring, Lighting arrangement in building with associated electrical worksorks." **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:-** 15.01.2026, **निविदा खुलने की तिथि:-**10.02.2026

विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्ते वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**7/1/423**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

EL-2025-26-39 **ई निविदा सुचना** Date:16.01.2026

मंडल रेलप्रबंधक (बिजली/पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है।

| क्रम सं. | ई-टेण्डरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना राशी रु. |
|---|---|---|---|
| 1. | **EL-2025-26-39** Ratlam Division Vikram Nagar Electrical work in connection with provision of One 06 meter wide FOB with ramp with cover and improvement to water arrangement (Simhastha 2028) | **₹79,81,436.24** | **₹1,59,600.00** |

**कार्य समापन अवधि:-** 12 Months, **Similar type of work:-** "Definition of Similar Nature of work: Wiring/Re-wiring in buildings with associated electrical works like control gear and protection arrangements in residential buildings or service buildings. OR Lighting arrangement in buildings, circulating area, yard, street etc. with associated electrical works OR wiring/Rewiring, Lighting arrangement in building with associated electrical works." **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:-** 15.01.2026, **निविदा खुलने की तिथि:-**10.02.2026

• विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्ते वेब-साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**7/1/422**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संजय शर्मा पिता स्व श्री दीनदयालजी शर्मा, निवास-7/80 कोट मोहल्ला, महाकाल मार्ग, गली नम्बर 7 उज्जैन (म.प्र.) द्वारा 1-श्रीमती कृष्णा पत्नि स्व. श्री प्रदीप शर्मा, 2-मुहेन्द्र पिता स्व. श्री प्रदीप शर्मा, 3-श्रीमती अनिता पत्नी श्री मयंक चांदे पुत्री स्व. श्री प्रदीप शर्मा, द्वारा प्रतिनिधि माता श्रीमती कृष्णा पत्नी स्वी श्री प्रदीप शर्मा, निवासीगण फलेज नम्बर-207, लोकेन्द्र विहार, न्यू बैंक कॉलोनी, रतलाम (म.प्र.) के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य का उक्त भवन व सम्पत्ति का विवरण हैः भवन पुराना म्युनिसिपल क्रमांक-2/1517 परिवर्तित वर्तमान नगर निगम कमांक 80 स्थित कोट मोहल्ला, महाकाल मार्ग, गली नम्बर 7 उज्जैन मध्यप्रदेश । उक्त भवन की लम्बाई अथवा गहराई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व 45 फीट 7 इंच तथा बतरफ पश्चिम 43 फीट 3 इंच एवं चौडाई पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर 25 फीट 4 इंच व बतरफ दक्षिण 20 फीट है। उक्त भवन दो मंजिला पूर्ण रूप से बना हुआ है तथा तृतिय मंजिल आंशिक रूप से बनी हुई है अर्थात उक्त भवन में तल मंजिल, प्रथम मंजिल व द्वितीय मंजिल आंशिक रूप से निर्मित है। विक्रयशुदा मकान की चतुर्सीमाः- पूर्व दिशा मेंः- पूर्व स्वामी बसन्तीराम बुद्वाराम का मकान, पश्चिम में गली सरकारी, उत्तर में सड़क सरकारी, दक्षिण में :- मकान पूर्व स्वामी अम्बाराम वर्तमान स्वामी व्यास जी का मकान स्थित है। उक्त उल्लेखित भवन में 1/4 अविभाजित अंश का विक्रय अनुबन्ध पत्र निष्पादित किया गया था। तथा विक्रय मूल्य की संपूर्ण राशि मेरे पक्षकार द्वारा पूर्व में 1-श्रीमती कृष्णा पत्नि स्व. श्री प्रदीप शर्मा, को अदा की जा चुकी है तथा उक्त भवन के विक्रय में उसके पुत्र 2-महेन्द्र पिता स्व. श्री प्रदीप शर्मा, एवं पुत्री 3-श्रीमती अनिता पत्नी श्री मयंक चांदे पुत्री स्व. श्री प्रदीप शर्मा द्वारा अपनी पूर्ण सहमति भी दी गई थी तथा उक्त भवन का विक्रय पत्र संपादित होना शेष है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली है कि श्रीमती कृष्णा पत्नि स्व. श्री प्रदीप शर्मा, उसके पुत्र एवं पुत्री व अन्य दिगर व्यक्ति को उपरोक्त उल्लेखित भवन को फर्जी रूप से विक्रय करने के प्रयास में है जबकि मेरा पक्षकार उपरोक्त भवन के सौदे पेटे संपूर्ण राशि अदा कर चुका है। कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, उपरोक्त उल्लेखित भवन के संबंध में किसी भी प्रकार का सव्यंवहार नहीं करे।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक द्वारा उपरोक्त उल्लेखित भवन के संबंध में कोई सव्यंवहार क्रय, विक्रय, अंतरण, रहन, बन, दान आदि उपरोक्त उल्लेखित व्यक्तियों से किया जाता है तो ऐसे संव्यवहार के लिये उपरोक्त व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक जिम्मेदार होगी तथा ऐसे संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगे। सूचित हो। इति दिनांक/01/2026

**शैलेष परमार**
**हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-एम.आई.जी. एफ 2/9, जवाहर नगर, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान स्यु, क्रमांक 197 व 197/1 जिसका नया नगर पालिक निगम क्रमांक 197 स्थित वल्लभ भाई पटेल मार्ग, पथ क्र. 1 सैफी पथ उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 56.25 वर्गमीटर है जो वर्तमान में खुली भूमि भूखण्ड के रूप मे होकर उसके पूर्व दिशा में मकान हाजी मोहम्मद पीठेवान का, पश्चिम दिशा में मकान मोहम्मद हुसैन महिद्पुरवाले का, उत्तर दिशा में गली सैफी मोहल्ला व दक्षिण दिशा मे सडक के.डी. गेट है को श्रीमती मुबारिका पति श्री अकबरअली बैगवाला, निवास वल्लभ भाई पटेल मार्ग, के.डी. गेट उज्जैन से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित में रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर श्रीमती मुबारिका बैगवाला के परिवार के किसी सदस्य का या अन्य किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। दिनांक 19-01-2026 स्थान - उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बरः 9826534221, 8839920862**

**कार्यालय, नगरपालिक निगम उज्जैन**

विज्ञप्ति कमांक :यूएमसी/ईटेण्डर/2026/32 दिनांक :16.1.2026

**पंचम ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना**

सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार प्रकोष्ठ अंतर्गत सीसीटीवी उपकरण प्रदाय, स्थापना, संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन टेण्डर कय करने सहित बीड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30.1.2026 समय 17:00 तक रहेगी। विस्तृत निविदा सूचना, टेण्डर डाक्यूमेंट व अन्य जानकारी वेबसाईट mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क. | निविदा विज्ञप्ति क. | विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | टेण्डर फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_372328_5 | सीसीटीवी उपकरण प्रदाय, स्थापना एवं संधारण कार्य। | 15 लाख | 45,000/- | 2,000/- |

उक्त निविदाओं में होने वाले संशोधन आदि उक्त वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे, पृथक से समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित नहीं की जावेगी, कृपया सर्वसंबंधित अवगत हो।

तकनीकी अधिकारी (आई.टी.)
नगरपालिक निगम उज्जैन

# अंधेरे पलों के चौकीदार बनें



सभी लोग अंधेरे से डरते हैं। अंधेरा बाहर का ही नहीं, अंदर का भी होता है। यह डर बहुत पुराना है। कल्पना करें, आदिमकाल में जब पृथ्वी पर रोशनी जलाने का कोई साधन नहीं था; सूरज के डूबते ही घुप्प अंधेरा छा जाता था, तब आदमी कितना असहाय अनुभव करता होगा! कोई भी जानवर कभी भी आकर उन पर हमला कर दे या आदमी की शक्ल में ही जानवर आ जाएं और मार दें। अब बाहर का अंधेरा तो खत्म हो चुका है, लेकिन भीतर का अंधकार बढ़ता ही जा रहा है, क्योंकि उसके बारे में कोई सोचता नहीं है। इस अंधेरे का एक ही इलाज है, उसे देखना। अगर आप उसे देखें, तो वह बिखरने लगता है। बाल शेम नाम के एक यहूदी संत थे। वह आधी रात को नदी की तरफ जाते और आंखें बंद करके बैठे रहते थे बस। उसी नदी के किनारे एक अमीर आदमी की हवेली थी, जिसका चौकीदार बाल शेम को देखकर हैरान रहता था। हर रात, जैसे ही टावर की घंटी बारह बजने के संकेत देती, बाल शेम अंधेरे में प्रवेश करते। एक दिन गरीब चौकीदार खुद को पूछने से रोक नहीं पाया, आप हर रात यहां क्यों आते हैं और अंधेरे में नदी के पास क्यों बैठते हैं? इसका क्या मकसद है? चौकीदार को जवाब देने के बजाय बाल शेम ने पूछा, तुम्हारा काम क्या है? उसने कहा, मैं एक चौकीदार हूं। बाल शेम ने कहा, बिल्कुल! यही मेरा काम है। मैं भी चौकीदार हूं। चौकीदार ने कहा, अजीब है। आप चौकीदार हैं, तो यहां क्या कर रहे हैं? आपको उस घर की रखवाली करनी चाहिए, जहां आप चौकीदार हैं। बाल शेम ने कहा, वही कर रहा हूं। तुम किसी और के घर की रखवाली करते हो; मैं अपने घर की रखवाली करता हूं। यह मेरा घर है। मैं जहां भी जाता हूं, अपने घर के साथ जाता हूं, लेकिन मैं निरंतर चौकीदार हूं। सभी अंधेरे पलों के चौकीदार बने रहें, वे विलीन हो जाएंगे। असल में, यही परिभाषा है: जिसे भी आप देखते हैं, अगर वह देखने से गायब हो जाता है, तो इसका मतलब है कि वह कुछ गलत था। अगर देखने से वह ज्यादा साफ, अधिक करीब आता है, तो इसका मतलब है कि वह कुछ ऐसा था, जिसे अपनाना था। अच्छे और बुरे की कोई दूसरी परिभाषा नहीं है। देखना ही तय करता है– यही एकमात्र पैमाना है।

सम्पादकीय

## तेज हो गए रोबोट

रोबोट की दुनिया में तरक्की फिर तेज हो गई है। मानवीकृत रोबोट की मांग बढ़ी है, तो रोबोट के बढ़ते इस्तेमाल की आलोचना भी शुरू हो गई है। रोबोटिक्स या रोबोट विज्ञान की तरक्की प्रशंसनीय है और इस पर चीन में नहीं, अमेरिका में विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने आपत्ति जताते हुए कहा है कि अलबामा में रोबोट द्वारा अल्ट्रासाउंड करना अच्छा नहीं है। यह मामला व्हाइट हाउस भी पहुंचा है। वास्तव में, अमेरिका में चिकित्सा क्षेत्र में काम करने वालों की कमी हो गई है या वह बहुत महंगे हो गए हैं। ऐसे में, अल्ट्रासाउंड जैसा काम रोबोट करने लगे हैं। अमेरिका में दिग्गज नेताओं को भी यह लगता है कि रोबोट अगर इलाज में भागीदारी करेंगे, तो मानवीयता खतरे में पड़ जाएगी। हालांकि, इसमें कोई दोराय नहीं कि जहां भी संभव होगा, वहां रोबोट के बढ़ते इस्तेमाल को रोकना मुमकिन नहीं होगा।

बहरहाल, रोबोटिक्स की तरक्की चीन में सबसे तेज है। पिछले तीन महीनों से बड़े पैमाने पर ह्यूमनॉइड या मानवीकृत रोबोट बनाने की योजनाएं घोषित हो रही हैं। ह्यूमनॉइड रोबोट की क्षमताओं में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिसका श्रेय सस्ते पुर्जों, बेहतर बैटरी क्षमता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एल्गोरिदम जैसे नवाचारों को जाता है। चीनी कंपनी यूबीटेक ने दुनिया में पहली बार बड़े पैमाने पर ह्यूमनॉइड रोबोट की डिलीवरी की है। वॉकर एस2 मॉडल के 1,000 से अधिक ह्यूमनॉइड रोबोट 2025 में कारखानों में काम करने के लिए भेजे गए हैं। चांदी जैसे सफेद रंग का यह ह्यूमनॉइड रोबोट खुद चल सकता है। किसी वस्तु को पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जा सकता है। शुरूआती चरण में सफलता मिल रही है, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या ह्यूमनॉइड रोबोट कंपनियों का समय या पैसा बचा रहे हैं? हां, इतना तो तय है कि ह्यूमनॉइड्स एक दशक पहले की तुलना में इस सपने के कहीं अधिक करीब हैं, इसका श्रेय उन सघन बैटरियों को जाता है, जो रोबोट को मिनटों के बजाय घंटों तक ऊर्जा प्रदान करती हैं। ह्यूमनॉइड का प्रयोग कार कारखानों में सफल हो रहा है। बोस्टन डायनेमिक्स और टेस्ला सहित कुछ अमेरिकी रोबोटिक्स डेवलपर अपनी मूल कंपनी के औद्योगिक संयंत्रों में ह्यूमनॉइड रोबोट के पायलट प्रोजेक्ट चला रहे हैं। अनेक तरह के कार्य रोबोट अब करने लगे हैं, लेकिन दो क्षेत्रों में चुनौती आ रही है। किसी भी रोबोट में सीमित डाटा होता है और उसके अनुरूप उसके काम भी सीमित होते हैं।

### रिश्तों में संतुलन का संकट

# भावनाओं के शोषण की सामाजिक सच्चाई

मनुष्य का जीवन रिश्तों के ताने-बाने से ही आकार लेता है। परिवार, मित्रता, प्रेम, सहयोग और सामाजिक संबंध–ये सभी हमारे अस्तित्व को अर्थ प्रदान करते हैं। किंतु आज के समय की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि रिश्तों में संवेदनशीलता की जगह स्वार्थ ने ले ली है और भावनाओं को कमजोरी समझा जाने लगा है। जो व्यक्ति दिल से निभाने का प्रयास करता है, वही अक्सर सबसे अधिक आहत और ठगा हुआ दिखाई देता है।



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

जब कोई व्यक्ति किसी रिश्ते में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता है, सामने वाले की सहूलियतों का ध्यान रखता है, उसकी भावनाओं को समझने का प्रयास करता है और स्वयं को बार-बार पीछे कर लेता है, तो यह त्याग हर बार सम्मान नहीं पाता। कई बार सामने वाला इस व्यवहार को प्रेम या अपनापन नहीं, बल्कि मूर्खता मान लेता है। यहीं से रिश्तों में असंतुलन की प्रक्रिया शुरू होती है।

कुछ लोग ऐसे होते हैं जो दूसरों की भावनाओं पर टिककर अपने अहंकार को बड़ा करते हैं। वे धीरे-धीरे स्वयं को अत्यधिक महत्वपूर्ण समझने लगते हैं। उन्हें यह भ्रम हो जाता है कि वही रिश्ते का केंद्र हैं, वही निर्णय लेने वाले हैं और सामने वाला व्यक्ति उनके बिना अधूरा है। इसी मानसिकता के चलते वे अनावश्यक उपदेश देने लगते हैं, हर विषय पर अपनी राय को अंतिम सत्य घोषित करते हैं और लगातार बोलते रहने को ज्ञान का प्रमाण मान लेते हैं।

समस्या सलाह देने में नहीं है, समस्या तब पैदा होती है जब सलाह सम्मान के बजाय नियंत्रण का माध्यम बन जाए। जब संवाद बराबरी का न रहकर वर्चस्व स्थापित करने का साधन बन जाए। ऐसे लोग प्रेम, स्नेह, देखभाल और भावनाओं की भाषा नहीं समझते। वे हर रिश्ते को लाभ और हानि के तराजू पर तौलते हैं। उनके लिए रिश्ता एक साधन मात्र होता है, लक्ष्य नहीं।

ऐसे स्वभाव के लोग अक्सर इस भ्रम में जीते हैं कि सामने वाला व्यक्ति उन पर निर्भर है। उसकी विनम्रता, सहनशीलता और समझदारी उन्हें मजबूरी प्रतीत होती है। वे मान लेते हैं कि यह व्यक्ति उन्हें छोड़ नहीं सकता, उनसे प्रश्न नहीं कर सकता और उनका विरोध करने का साहस नहीं रखता। यहीं से भावनात्मक शोषण की प्रक्रिया शुरू होती है, जो धीरे-धीरे सामान्य व्यवहार का रूप ले लेती है।

परंतु हर सहनशीलता की एक सीमा होती है। जब सामने वाला व्यक्ति सजग होता है, आत्मचिंतन करता है और यह समझने लगता है कि उसका अस्तित्व केवल उपयोग की वस्तु बनकर रह गया है, तब वह स्वयं को बचाने का प्रयास करता है। यही क्षण स्वार्थी व्यक्ति को सबसे अधिक असहज करता है, क्योंकि अब उसका नियंत्रण खतरे में पड़ जाता है।

जैसे ही वह देखता है कि दूसरा व्यक्ति सवाल पूछने लगा है, अपनी बात रखने लगा है या मानसिक दूरी बना रहा है, वैसे ही वह नया तरीका अपनाता है–आरोप लगाने का। अब वही व्यक्ति, जो स्वयं को अत्यंत समझदार और ज्ञानी बताता था, चरित्र पर आक्षेप लगाने लगता है। वह बाहरी लोगों के सामने रिश्ते की कहानी को अपने पक्ष में इस तरह प्रस्तुत करता है कि स्वयं को पीड़ित और सामने वाले को दोषी सिद्ध किया जा सके।

यहीं से रिश्ते का स्वरूप पूरी तरह बदल जाता है। संवाद का स्थान आरोप ले लेते हैं। समझ और धैर्य की जगह कटुता और वैमनस्य आ जाता है। हर बातचीत में यह सुनने को मिलता है–तुम बदल गए हो, पहले ऐसे नहीं थे, अब तुम घमंडी हो गए हो। वास्तविकता यह होती है कि यह परिवर्तन नहीं, बल्कि आत्मबोध होता है, जिसे स्वार्थी व्यक्ति स्वीकार नहीं कर पाता।

धीरे-धीरे रिश्ते कुरुक्षेत्र के मैदान में बदल जाते हैं, जहाँ उद्देश्य समाधान नहीं, बल्कि जीत हासिल करना होता है। एक पक्ष चुप रहकर स्वयं को बचाने का प्रयास करता है, जबकि दूसरा पक्ष शोर मचाकर सहानुभूति बटोरने में लगा रहता है। ऐसे लोग सहानुभूति अर्जित करने में अत्यंत कुशल होते हैं। वे अपनी बात को इस प्रकार गढ़ते हैं कि सुनने वाला सहज ही उनके पक्ष में खड़ा हो जाता है।

इन परिस्थितियों में सामान्य, संवेदनशील और नैतिक व्यक्ति सबसे अधिक मानसिक पीड़ा झेलता है। वह जानता है कि हर आरोप का उत्तर देना संभव नहीं है। हर झूठ को सार्वजनिक रूप से काटना उसके स्वभाव और संस्कारों के विरुद्ध है। परिणामस्वरूप वह मौन को अपना हथियार बनाता है, किंतु यही मौन कई बार उसकी कमजोरी समझ लिया जाता है।

यहाँ यह प्रश्न स्वाभाविक है कि गलती किसकी है? क्या संवेदनशील होना अपराध है? क्या रिश्तों में त्याग करना मूर्खता है? उत्तर स्पष्ट है–नहीं। गलती संवेदनशीलता में नहीं, बल्कि असंतुलन में है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब रिश्ते एकतरफा हो जाते हैं, जब देने वाला ही देता रह जाता है और पाने वाला केवल लेता रहता है। इसी कारण रिश्तों की शुरूआत में ही संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। प्रेम, मित्रता या सहयोग–किसी भी संबंध में स्वयं को पूरी तरह खो देना विवेकपूर्ण नहीं है। दूसरे को प्रसन्न रखने के लिए अपनी सीमाओं को बार-बार तोड़ना अंततः आत्मसम्मान को गहरी चोट पहुँचाता है।

आत्ममूल्यांकन प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य है। हमें स्वयं से यह पूछना चाहिए कि क्या यह रिश्ता हमें मानसिक शांति दे रहा है या केवल थकान और पीड़ा? क्या हमारी बातों को सुना जा रहा है या केवल सहन किया जा रहा है? क्या हमारी भावनाओं का सम्मान है या केवल उनका उपयोग किया जा रहा है?

यदि इन प्रश्नों के उत्तर नकारात्मक हैं, तो वहाँ रुक जाना ही सबसे बड़ी भूल है। ऐसे में स्वयं को दोषी ठहराने के बजाय खामोशी से दूरी बना लेना अधिक समझदारी भरा निर्णय होता है। दूरी हमेशा द्वेष का प्रतीक नहीं होती, कई बार यह आत्मरक्षा का सबसे सशक्त उपाय होती है। समाज को भी यह समझने की आवश्यकता है कि हर कहानी के दो पक्ष होते हैं। जो व्यक्ति सबसे अधिक बोलता है, वही हमेशा सत्य बोल रहा हो, यह आवश्यक नहीं। और जो मौन है, वह दोषी हो–यह भी अनिवार्य नहीं। आज का समय कहानी गढ़ने वालों और उसे प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने वालों का हो गया है, जहाँ सत्य से अधिक उसकी प्रस्तुति महत्त्वपूर्ण हो गई है।

## मौन का महायज्ञ

सरस्वती अम्मा जब अपने बड़े बेटे विकास के आलीशान पेंटहाउस में रहने आईं, तो अपने साथ बिस्तरों के बीच लपेटकर एक पुरानी, पीली पड़ चुकी पत्थर की सिल और बट्टा लाई थीं। विकास ने करोड़ों की लागत से 'मॉड्यूलर किचन' बनवाया था, जहाँ बटन दबाते ही मसाले खुद-ब-खुद पिस जाते थे।

माँ, यह पत्थर क्यों लाईं? हाथ दुखने लगेंगे, मिक्सी है न! विकास ने मुस्कुराकर कहा।

सरस्वती अम्मा ने एक मार्मिक, अपराधी जैसी मुस्कान बिखेरी। बेटा, मिक्सी की आवाज से तेरी शांति भंग होगी। और वैसे भी, मुझे तो अब पत्थर की तरह ही घिसना है। तू बस अपनी तरक्की देख, मेरी हड्डियों की कटकटाहट पर ध्यान मत दे।

अगले ही दिन से 'मौन युद्ध' शुरू हो गया।

विकास की पत्नी, ईशा, ने अम्मा के लिए एक महँगी 'मसाज चेयर' खरीदी थी ताकि उनके घुटनों का दर्द कम हो सके। पर अम्मा उस पर कभी नहीं बैठीं। वे घर की उस बालकनी के फर्श पर बैठतीं जहाँ सीधी धूप और धूल आती थी। जब ईशा उन्हें उठाने जाती, तो वे सजल आँखों से कहतीं, बहु, मुझे इस मखमल की आदत मत डाल। कल को जब यमराज आएँगे, तो मैं उन्हें ये नहीं कह पाऊँगी कि मैं मखमल छोड़कर नहीं चल सकती। मुझे जमीन की आदत रहने दे, ताकि तुझे मेरी कमी महसूस न हो।

ईशा को लगा जैसे किसी ने उसके प्यार भरे उपहार को 'स्वार्थ' का ठप्पा लगा दिया हो। वह कुर्सी ड्राइंग रूम में एक लावारिस लाश की तरह पड़ी रही, जिसे देखकर मेहमान पूछते–अम्मा फर्श पर क्यों बैठी हैं? और विकास की सफलता उसी पल फर्श पर रेंगती नजर आती।

अम्मा की 'मार्मिक सेवा' का अगला पड़ाव था–खाना। घर में दो रसोइए थे, पर अम्मा ने कसम खा ली थी कि वे अपना खाना खुद बनाएँगी। वे भरी दोपहर में, जब एसी की ठंडी हवा कमरों में तैरती, रसोई के एक कोने में पसीने से तर-बतर होकर अपने लिए दो मोटी रोटियाँ सेंकतीं।

विकास ने गिड़गिड़ाते हुए कहा, माँ, महाराज (रसोइया) खड़ा है, आप क्यों तप रही हैं?

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 20 जनवरी 2026
मंगलवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 18:02
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - दुतिया 02:43 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - श्रवण 13:07 उपरांत धनिष्ठा
योग - सिद्धि 20:01 उपरांत व्यतिपात
करण - बालव
चन्द्रमा - मकर में है। 25:35 पर कुंभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 30 तारिख

**मेष-** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृषभ-** नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें।

**मिथुन-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

**कर्क-** परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**सिंह-** किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कन्या-** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**तुला-** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे।

**वृश्चिक-** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**धनु-** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी।

**मकर-** धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

**कुंभ-** जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मीन-** किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## संप्रभुता की कीमत पर प्रभुत्व ट्रम्प की नई वैश्विक रणनीति

ट्रम्प प्रशासन की विदेश नीति अब पारंपरिक कूटनीति की सीमाओं को पार कर चुकी है। यह अब केवल दबाव, संवाद या प्रतीकात्मक चेतावनियों तक सीमित नहीं है। शक्ति का खुला प्रदर्शन, प्रत्यक्ष धमकियाँ और सैन्य हस्तक्षेप को अब वैध विदेश नीति के साधन के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था, जो संप्रभुता, अंतरराष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय सहयोग पर टिकी थी, आज गंभीर संकट में है। अमेरिका फर्स्ट का नारा व्यवहार में अमेरिका एवरीवेयर बन चुका है। सैन्य शक्ति और आर्थिक प्रतिबंधों को नैतिक जिम्मेदारी या राष्ट्रीय सुरक्षा की भाषा में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस बदलाव ने वैश्विक राजनीति को नया रूप दिया है।



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

जनवरी 2026 की घटनाओं ने इस नई कूटनीति को पूरी स्पष्टता से उजागर किया है। कूटनीति अब संवाद का माध्यम कम और नियंत्रण व दमन का औजार अधिक बन गई है। ट्रम्प प्रशासन की धारणा है कि वैश्विक संस्थाएँ और सहमति तभी उपयोगी हैं, जब वे अमेरिकी हितों से पूरी तरह मेल खाती हों। यदि ऐसा नहीं होता, तो एकतरफा कार्रवाई को अंतिम और उचित विकल्प माना जाता है। इस प्रवृत्ति ने विश्व में अस्थिरता को बढ़ावा दिया है। छोटे और मध्यम देशों के लिए भविष्य और अधिक अनिश्चित हो गया है। नियमों का स्थान शक्ति ने ले लिया है। सहयोग की जगह प्रतिस्पर्धा और दबाव हावी हो रहा है। वेनेजुएला में अमेरिकी विशेष बलों की कार्रवाई इस आक्रामक कूटनीति का सबसे स्पष्ट उदाहरण है। 3 जनवरी 2026 को कराकास में सैन्य छापेमारी हुई। राष्ट्रपति निकोलस मदुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यूयॉर्क ले जाया गया। ट्रम्प ने इसे सर्जिकल स्ट्राइक या कानून प्रवर्तन अभियान कहा। लेकिन यह एक संप्रभु राष्ट्र की राजनीतिक व्यवस्था पर सीधा हमला था। मदुरो को ड्रग तस्करी के आरोप में अदालत में पेश किया गया। इस कार्रवाई के पीछे तेल संसाधनों पर नियंत्रण और क्षेत्रीय प्रभुत्व की रणनीति स्पष्ट दिखती है। चीन, रूस और ईरान को वहाँ से बाहर करने की मंशा भी है।

इस हस्तक्षेप के बाद अमेरिका ने वेनेजुएला में संक्रमण काल को नियंत्रित करने की घोषणा की। संयुक्त राष्ट्र और कई देशों ने इसे अवैध बताया। रूस और चीन ने इसे आक्रामकता का प्रमाण कहा। लैटिन अमेरिकी देशों ने इसे मोनरो सिद्धांत के नए और खतरनाक संस्करण के रूप में देखा। ट्रम्प प्रशासन ने इसे मानवीय दायित्व और नशीले पदार्थों के खिलाफ युद्ध बताया। लेकिन आलोचक इसे संसाधनों और प्रभाव क्षेत्र की होड़ मानते हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून की सीमाएँ धुंधली हो गई हैं। संप्रभुता का सिद्धांत गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है।

ईरान के संदर्भ में ट्रम्प प्रशासन की भाषा और भी उग्र व विस्फोटक रही है। जनवरी 2026 में ईरान में आर्थिक संकट के कारण बड़े विरोध प्रदर्शन हुए। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि यदि प्रदर्शनकारियों पर हिंसा हुई तो अमेरिका हस्तक्षेप करेगा। लॉकड एंड लोडेड और हेल्प इज ऑन द वे जैसे बयान दिए गए। यह मात्र बयानबाजी नहीं थी। यह संभावित सैन्य हस्तक्षेप का स्पष्ट संकेत था। इससे मध्य पूर्व में तनाव चरम पर पहुँचा। होर्मुज जलडमरूमध्य में ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा मंडराने लगा। वैश्विक व्यापार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई। ईरान नीति में वेनेजुएला मॉडल की छाया साफ दिखती है। आंतरिक असंतोष को बाहरी हस्तक्षेप का आधार बनाया जा रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसी धमकियाँ अल्पकाल में दबाव तो बनाती हैं। लेकिन दीर्घकाल में नेतृत्व को और कठोर व राष्ट्रवादी बनाती हैं। आंतरिक समर्थन बढ़ता है।

# डैंड्रफ और बालों के झड़ने से परेशान? गुड़हल पाउडर से बनाएं असरदार हेयर मास्क

ठंड के मौसम में रूखे बाल, डैंड्रफ और हेयर फॉल से परेशान हैं? अब पार्लर जाने की जरूरत नहीं। घर पर ही गुड़हल पाउडर से तैयार करें एक्सपर्ट-अप्रूव्ड हेयर मास्क, जो बालों को बनाए घना, मजबूत और चमकदार।

सर्दियों का मौसम आते ही जहां एक तरफ ठंड राहत देती है, वहीं दूसरी तरफ बालों की परेशानी बढ़ा देती है। रूखे बाल, डैंड्रफ, खुजली और तेजी से झड़ते बाल महिलाओं की सबसे बड़ी चिंता बन जाते हैं। अक्सर हम महंगे शैंपू, सीरम और ट्रीटमेंट की तरफ भागते हैं, लेकिन हर बार मनचाहा रिजल्ट नहीं मिल पाता।

ऐसी स्थिति में घरेलू और नेचुरल उपाय सबसे ज्यादा भरोसेमंद साबित होते हैं। इन्हीं में से एक है गुड़हल पाउडर से बना हेयर मास्क, जो पुराने समय से बालों की देखभाल में इस्तेमाल होता आ रहा है। सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए, तो यह मास्क सर्दियों में बालों की कई समस्याओं का हल बन सकता है। गुड़हल को आयुर्वेद में बालों का मित्र माना गया है। इसमें मौजूद प्राकृतिक पोषक तत्व बालों की जड़ों को मजबूत करते हैं और स्कैल्प को साफ रखने में मदद करते हैं। गुड़हल हेयर मास्क बालों को पोषण देने के साथ-साथ डैंड्रफ की समस्या को भी कम करता है। गुड़हल में ऐसे गुण होते हैं जो बालों की ग्रोथ को सपोर्ट



करते हैं। यह स्कैल्प में जमा गंदगी को हटाने में मदद करता है और रूखे, बेजान बालों में नई जान डालता है। यही वजह है कि आज भी कई महिलाएं गुड़हल को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल कर रही हैं।

सर्दियों में ठंड और सूखी हवा के कारण बालों की नमी खत्म हो जाती है। इससे स्कैल्प ड्राई हो जाता है और डैंड्रफ की समस्या बढ़ने लगती है। ऐसे समय में केमिकल प्रोडक्ट्स के बजाय नेचुरल हेयर मास्क ज्यादा सुरक्षित और असरदार होते हैं। गुड़हल पाउडर से बना हेयर मास्क बालों को अंदर से पोषण देता है और लंबे समय तक असर दिखाता है।

घर पर यह हेयर मास्क बनाना बेहद आसान है और इसके लिए ज्यादा चीजों की जरूरत भी नहीं पड़ती। आमतौर पर ये सारी सामग्री घर में आसानी से मिल जाती है। इस मास्क की सबसे बड़ी खासियत यही है कि यह पूरी तरह नेचुरल है और बालों को नुकसान नहीं पहुंचाता। सही मात्रा और सही तरीके से इस्तेमाल करने पर यह सर्दियों में बालों के लिए वरदान साबित हो सकता है।

सबसे पहले एक साफ कटोरी लें और उसमें गुड़हल का पाउडर डालें। अब इसमें दो बड़े चम्मच दही मिलाएं। दही बालों को नमी देता है और स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा जैतून का तेल और नारियल का तेल मिलाएं। सारी सामग्री को अच्छे से मिलाकर तब तक फेंटें, जब तक एक गाढ़ा और स्मूद पेस्ट तैयार न हो जाए। यह पेस्ट न ज्यादा पतला हो और न ज्यादा गाढ़ा, ताकि इसे बालों में लगाना आसान रहे।

जब हेयर मास्क तैयार हो जाए, तो इसे ब्रश या उंगलियों की मदद से बालों की जड़ों में लगाएं। धीरे-धीरे इसे बालों की लंबाई तक ले जाएं। ध्यान रखें कि स्कैल्प अच्छे से कवर हो जाए, क्योंकि डैंड्रफ की समस्या वहीं से शुरू होती है। मास्क लगाने के बाद बालों को हल्के हाथों से बांध लें और 30 से 40 मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी और माइल्ड शैंपू से बाल धो लें।

धर्म–आस्था

# क्या हर घर में रखी जा सकती है पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति?

लोग घर में भगवान की कई तरह की मूर्तियाँ रखते हैं। कई लोग इस बात का ध्यान रखते हैं कि भगवान की उग्र स्वरूप की मूर्तियाँ ना रखें लेकिन हनुमान जी की पंचमुखी मूर्ति उग्र स्वरूप के होने के बावजूद आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में इसे घर में रखना चाहिए या नहीं और अगर रखते हैं तो क्या नियम हैं, चलिए जानते हैं...



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी न पंचमुखी रूप तब धारण किया था, जब उन्होंने रावण के भाई अहिरावण का वध किया था और लक्ष्मण को पाताल लोक से बचाया था। अहिरावण को यह वरदान था कि उसके प्राण उन पाँच दीपकों में हैं, जो पाँच दिशाओं में जल रहे थे और उन्हें एक साथ बुझाने पर ही उसका अंत हो सकता था। इसलिए, हनुमान जी ने अपने पंचमुखी रूप धरकर उन पाँचों दीयों को बुझाया था। हनुमान जी का यह पंचमुखी रूप अत्यंत शक्तिशाली माना जाता है। उनके इस रूप में हनुमान, नरसिंह, गरुड़, वराह और हयग्रीव के मुख शामिल हैं। प्रत्येक मुख अलग-अलग शक्ति और सुरक्षा का प्रतीक है। घर में इस मूर्ति की स्थापना से भय, बाधाएँ और नकारात्मक शक्तियाँ दूर होती हैं। लेकिन चूंकि यह मूर्ति हनुमान जी का उग्र स्वरूप माना जाता है, इसलिए इसे सही दिशा और स्थान पर स्थापित करना आवश्यक है। तो, चलिए जानते हैं इससे जुड़े नियम...

### कहाँ और कैसे रखें हनुमान जी की मूर्ति?

पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति का स्थान अधिकतर मंदिर, सिद्ध पीठ या बाहरी परिसर माना गया है क्योंकि पंचमुखी हनुमान जी का यह स्वरूप अत्यंत शक्तिशाली है। इसलिए घर में मूर्ति रखने से पहले सोच-विचार और जानकारी जरूरी है। वैसे तो हनुमान जी का यह स्वरूप तांत्रिक, नकारात्मक और शत्रु बाधाओं का नाश करता है। लेकिन वास्तु कहता है कि पंचमुखी हनुमानजी की मूर्ति को घर में उचित स्थान पर लगाने से सुख-समृद्धि आती है। वास्तु के अनुसार, पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर या प्रतिमा को दक्षिण दिशा में लगाना सबसे उत्तम माना जाता है। अगर यह मूर्ति मुख्य द्वार के ऊपर बाहर की ओर हो, तो घर को सुरक्षा कवच मिलता है। यदि आप घर के मुख्य द्वार पर लगाना चाहते हैं, तो इसे इस तरह लगाएं कि हनुमान जी का मुख दक्षिण दिशा की हो। घर में दक्षिण या दक्षिण-पश्चिम दिशा वास्तु के अनुसार सबसे शुभ है। पूजा कक्ष में भी मूर्ति को रखा जा सकता है, लेकिन इसे सीधे सामने न रखें। यदि आप हनुमान जी के भक्त हों और श्रद्धा से पूजा करते हों, तो मूर्ति छोटी आकार की होनी चाहिए। हनुमान जी ब्रह्मचारी हैं, इसलिए उनकी प्रतिमा को बेडरूम में कभी न रखें।

हनुमान जी के पंचमुखी स्वरूप का महत्वपंचमुखी हनुमान जी के पाँचों मुख अलग-अलग लाभों का प्रतीक है। पूर्व दिशा में उनका वानर मुख है, जो शत्रुओं और विरोधियों पर विजय दिलाता है। पश्चिम दिशा में उनका गरुड़ मुख है, जो जीवन की बाधाओं, नकारात्मक ऊर्जा और विष से रक्षा करता है। उत्तर दिशा में वराह मुख है, जो धन, समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करता है। दक्षिण दिशा में नृसिंह मुख है, जो भय, संकट और बुरी शक्तियों का नाश करता है। आकाश की ओर हयग्रीव मुख है, जो ज्ञान, विद्या और विजय प्रदान करता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2200-2990 चना काबली- 5191-8391, चना बड़ा- 46811-5530, बटला- 2812, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 2631-5841, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्ड- 1,47,600, रवा- 1,47,500 चांदी- टंच- 2,86,300 पाट- 2,86,200।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## चित्रकला प्रतियोगिता में संस्था के छात्राओं ने की प्रतिभागिता, किया गया पुरस्कृत

**सारंगपुर।** स्थानीय शास्त्री स्मृति स्कूल सारंगपुर में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सारंगपुर द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संस्था की छात्राओं ने प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता में कुमारी चेतना लववंशी कक्षा 12वीं, कुमारी पूर्वा जोशी कक्षा बारहवीं, कुमारी जयश्री पुष्पद कक्षा नवी, अनघ जोशी कक्षा छटी, कुमारी दिव्या शर्मा कक्षा आठवीं ने चयनित होकर संस्था का नाम गोरांवित किया। मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक कल्पित खंडेलवाल द्वारा सभी चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बैंक स्टॉफ में सुदामा कुंभकार, केशव प्रजापति, शिवानी मीणा, सतीश पुष्पद, संस्था के वरिष्ठ शिक्षक आनंद जोशी उपस्थित थे। संस्था के प्रबंधक रमेश चंद्र जोशी, संस्था प्राचार्या सुमन जोशी, डॉक्टर दिव्या जोशी आदि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मंत्री पंचायत प्रहलाद पटेल से मिले सरपंच संघ के पदाधिकारीगण



**सारंगपुर।** सारंगपुर जनपद के ग्राम मलकाना में गाड़ गंगा नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचे मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल से सरपंच संघ प्रदेशाध्यक्ष गोपाल सिंह परमार एवं सरपंच संघ ब्लाक अध्यक्ष महेश गुर्जर ने मुलाकात की और पंचायतों के विकास को लेकर चर्चा की। इस मौके पर मप्र शासन के राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर उपस्थित थे। मगराना सरपंच गुर्जर ने मंत्री पटेल को मगराना की कई नदी उद्गम स्थल की मिट्टी व जल भेंट किया।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दुकानों से लिए खाद्य पदार्थो के सैंपल



**सारंगपुर।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की नमूना निरीक्षण कार्रवाई लगातार की जा रही हैं। इसी के तहत विगत दिवस खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक के द्वारा सारंगपुर, लीमा चौहान क्षेत्र में स्थित किराना दुकान एवं अन्य खाद प्रतिष्ठानों की लगातार जांच करवाई की गई। पावक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा लीमा चौहान से मीठा सोडा, शबरन मार्ट सारंगपुर से अग्रवाल नमकीन, मदीना होटल से घी, पचोर स्थित जेदी मार्केट से अजय किराना से चाय एवं उडद, मोगर दाल के नमूने जांच हेतु लिए गए। वहीं गुप्ता किराना लीमचौहान से गोली बिस्किट, मालावार से मिक्स मिल्क जांच के लिए गए हैं। पावक ने बताया कि खाद्य पदार्थों के नमूने लगातार जांच लिए जा रहे हैं एवं राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट अनुसार आगामी कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## मौनी अमावस्या पर आयोजित हुआ भंडारा

**शुजालपुर।** अकोदिया मार्ग पर स्थित प्राचीन काकड़ खेड़ा हनुमान मंदिर में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के साथ-साथ दूर.दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और प्रेमपूर्वक वितरित भोजन-प्रसादी का लाभ लिया। मंदिर परिसर सुबह से ही जय बजरंग बली के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। काकड़ खेड़ा हनुमान मंदिर का इतिहास वर्षों पुराना और आस्था से परिपूर्ण माना जाता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बडनगर (रा.), जिला उज्जैन, म.प्र.**

**प्रकरण क्रमांक** 0185/अ-6(अ)/2024-25

प्रो.र.न. 1995 16.01.2026

**पक्षकारों की तारीख पेशी और स्थान की सूचना**

चंदर बाई पति मोतीराम जाति जाट निवासी पंथ पिपलाई, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

-आवेदक

**विरूद्ध**

सीता बाई पति बटुनाथ जाति कालबेलिया निवासी ग्राम झुमकी, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

**अनावेदक**

बनाम :- सीता बाई पति बटुनाथ, छगननाथ पिता मुन्नानाथ एवं सीताबाई पति बटुनाथ जाति कालबेलिया निवासी ग्राम झुमकी, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

द्वारा - समाचार पत्र

एतद द्वारा आपको सूचना दी जाती है कि आवेदक चंदर बाई पति मोतीराम जाति जाट निवासी पंथ पिपलाई, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र. के द्वारा इस न्यायालय में उपस्थित होकर म०प्र० भू०रा0स0 1959 की धारा 115 के तहत एक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम घुडावन स्थित भूमि सर्वे नं. 2/1 से अनावेदक का नाम कम किये जाने बावत निवेदन किया गया है।

सुनवाई दिनांक 23.01.2026 को अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय बडनगर पर होगी। यदि निचित तारीख को आप स्वंय व न्यायालय की अनुमति से आपका मुख्त्यार या वकील उपस्थित न हुऐ तो प्रकरण में एक पक्षीय निर्णय किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा न्यायालय की मुहर के अधीन आज तारीख 16.01.2026 को जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) बडनगर जिला-उज्जैन**

13 बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन में एक लाख लोग हुए शामिल

# देवास में पंच परिवर्तन पर जोर, हनुमान चालीसा पाठ, गो एवं शस्त्र पूजन किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास में रविवार को सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुए इन सम्मेलनों में एक लाख से अधिक लोग शामिल हुए।

ये आयोजन देवास नगर की 13 बस्तियों, सोनकच्छ और हाटपीपल्या नगर सहित कुल 11 मंडलों में हुए। देवास नगर में बीएनपी बस्ती, प्रताप बस्ती, बिलावली बस्ती, उत्तम नगर, राजाराम नगर, विकास नगर, अमोना, बावडिया, बालगड, मल्हार, उपासना, भवानी सागर और रेवाबाग बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए गए।

इसी तरह, सोनकच्छ और हाटपीपल्या नगर में भी बस्ती हिन्दू सम्मेलन हुए।ग्रामीण अंचल में पिपलरावा खंड के गंधर्वपुरी, गड़खजुरिया एवं तालोद मंडल; टोंकखुर्द खंड के पाडल्या, गौरवा एवं बुदासा मंडल; देवास ग्रामीण खंड के रालामंडल, नेवरी एवं सिंगावदा; तथा बरोठा खंड के क्षिप्रा एवं सिरोल्या मंडल में भी रविवार को हिन्दू सम्मेलन हुए।

### 90 से ज्यादा गांव के लोग पहुंचे

इन 11 मंडलों के सम्मेलनों में 90 से अधिक गांवों के लोगों ने भाग लिया। इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती, गो पूजन, शास्त्र पूजन, कलश यात्राएं, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसके अतिरिक्त, गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य और 'पंच परिवर्तन' सहित समसामयिक विषयों पर नाटिका जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।इस अवसर पर सभी स्थानों पर समरसता सहभोज का भी आयोजन किया गया।

स्थानीय स्तर पर प्रमुख संत, मातृ शक्तियां, समाजसेवी और बुद्धिजीवी वक्ताओं के रूप में उपस्थित रहे।वक्ताओं ने हिन्दू समाज से अपनी सनातन परंपराओं, मूल्यों और संगठन शक्ति के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

उन्होंने जोर दिया कि सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना और राष्ट्रहित में सामूहिक योगदान देना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। वक्ताओं ने 'पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन' के सूत्र को रेखांकित करते हुए बताया कि व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव ही समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ₹हिन्दू हम सब एक₹ की एकता का यही भाव भारत को विश्व गुरु बनाएगा। संत-महात्माओं ने भी बलपूर्वक कहा कि हिन्दू समाज की एकजुटता ही विश्व कल्याण का सबसे सशक्त मार्ग है।

## देवास में मंदिर जा रही महिला से चेन स्नेचिंग: सीसीटीवी में दिखे संदिग्ध

**देवास।** पूजा करने मंदिर जा रही एक महिला के गले से बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली।



यह घटना बीएनपी थाना क्षेत्र के विश्राम बाग, राधागंज में हुई। जानकारी के अनुसार, विश्राम बाग निवासी उषा नोरंगे अपने घर के पास स्थित मंदिर में पूजा करने जा रही थीं। जैसे ही वह मंदिर के करीब पहुंचीं, पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया। दोनों युवकों ने तेजी से महिला के गले से चेन खींची और मौके से फरार हो गए। महिला ने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी इतनी तेजी से भागे कि उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। घटना के बाद महिला ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि महिला के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात हुई है। पुलिस फुटेज तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर मौत

**सुसनेर।** डग रोड स्थित एसडीएम कार्यालय के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रामप्रसाद पिता मुलचन्द्र उम्र 50 वर्ष निवासी डग रोड सुसनेर के रूप में हुई है। घटना के बाद राहगीरों की मदद से परिजन उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

समग्र विकास के लिए जन सहभागिता अनिवार्य

# ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम में युवाओं को दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने विकास खंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन शुजालपुर ब्लॉक में किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश मंत्री बबीता परमार, विशेष अतिथि अधिवक्ता जितेंद्र गुरेनिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण एवं खेल के महत्व पर अपने विचार रखे। अधिवक्ता जितेंद्र गुरेनिया ने समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए जन सहभागिता को अनिवार्य बताया। वहीं क्रीड़ा प्रमुख आनंद परमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि बबीता परमार ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का आदर्श बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि भारत प्राचीन काल से विश्वगुरु रहा है और स्वामी विवेकानंद ने शिकागों में दिए गए ऐतिहासिक भाषण से भारत की सांस्कृतिक शक्ति को विश्व पटल पर स्थापित किया।

# संस्कारों और समरसता का प्रतीक बना हल्दी-कुमकुम समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



नगर में पारंपरिक पर्वों और संस्कारों को सहेजने की दिशा में एक अनूठी पहल देखने को मिली। करणी सेना परिवार की उज्जैन संभाग अध्यक्ष रचना मनोज सिंह जादौन के निज निवास पर पारंपरिक हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। इस आयोजन में शहर की बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल परंपरा का निर्वहन ही नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। आयोजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर अखंड सौभाग्य और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना की।

### मधुरता का माध्यम है यह पर्व

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हल्दी-कुमकुम महज एक रस्म नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को एक सूत्र में पिरोने और आपसी रिश्तों में मधुरता घोलने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से न केवल परिवार की एकता मजबूत होती है, बल्कि समाज में भाईचारा और सकारात्मक सोच का भी विस्तार होता है।

इस मिलन समारोह के दौरान केवल रस्में ही नहीं निभाई गईं, बल्कि सामाजिक विषयों, महिला सशक्तिकरण और गिरते पारिवारिक मूल्यों को पुनः स्थापित करने पर भी गहन चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं को एक सामाजिक मंच मिलता है, जिससे वे अपनी आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझ पाती हैं।

# वार्ड 7 की गोवर्धन नाथ गली के सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरौद



मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत खाचरोद नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 7, गोवर्धन नाथ गली की सड़क के निर्माण का भूमि पूजन रविवार शाम 6 बजे क्षेत्र के विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विधायक द्वारा भूमि पूजन गोवर्धन नाथ गली के रहवासी पटेल जगदीश मेहता से ही करवाया गया, जो अपने आप में एक नई पहल है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, भाजपा किसान नेता दयाराम धाकड़, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राहुल मेहता, राजेंद्र धाकड़, दशरथ वाक्तरीय, बाबूलाल नागर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्विन डिंडोरकर,भाजपा उपाध्यक्ष सुमित गेलड़ा, बंटी जायसवाल, महामंत्री सौरभ जैन, विनोद चतुर्वेदी, संतोष मेहता आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर रहवासी गोपाल सगितला, सिद्दूलाल मेहता, बालाराम पांचाल, कन्हैयाला मेहता, बालमुकुंद सगितला आदि ने विधायक और वार्ड पार्षद को धन्यवाद देते हुए सराहना कि।

### विधायक को बताई समस्या

वार्ड क्रमांक 7 गोवर्धन नाथ गली के रह वासियों ने विधायक डॉ तेज बहादुर सिंह चौहान को पत्र देकर गली कि गंभीर समस्या से अवगत कराया। पत्र के माध्यम से बताया कि गोवर्धन नाथ गली पुरानी बसाहट होने के कारण यहां की गलियां काफी संकरी और छोटी है।

जिस कारण आपतकालीन समय मैं भी कोई वाहन इस गली में नहीं आ पाता है। जिसके कारण कई समस्या का सामना करना पड़ता है। रह वासियों ने विधायक चौहान से निवेदन किया कि होने वाली परेशानियों के देखते हुए गली के लिए उचित मार्ग की व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए। विधायक चौहान ने तत्काल निरीक्षण कर, नपा अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द उचित मार्ग के लिए व्यवस्था करने की बात कही।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने लियाकत अली पिता स्व. अशरफ अली निवासी 60, जानसापुरा उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का भूखण्ड म्यु० कमांक 60 का भाग वर्तमान म्यु० कमांक 60/10 स्थित मोहल्ला जानसापुरा, मौलाना आजाद मार्ग पथ कमांक-1 उज्जैन जिसका कुल एरिया 46-12 वर्ग मीटर होकर जिसकी चर्तुःसीमा में पूर्व :- अफजल हुसैन का प्लाट । पश्चिम में :- शहजाद भाई का मकान । उत्तर में :- अन्य का मकान । दक्षिण में :- रास्ता आम । तथा पेमाईश में लम्बाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 13-94 मीटर व बतरफ पश्चिम 13-94 मीटर एंव चौड़ाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 2-90 मीटर व बतरफ दक्षिण 3-52 मीटर फिट होकर जो खुली भूमि है, को मय तला जमीन हवाई हक्क सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि दे दी गई है तथा अब उक्त भूखण्ड स्वामी को शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एंव पंजीयन करवाया जाना है, उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार आदि बकाया हो या उक्त संपत्ति मे किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम, अतिक्रमण हो अथवा कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7, दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष विक्रय धन भूखड स्वामी को अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायगी, सो सूचित हो । इति दिनांक :- 19/01/2026 ई. स्थान- उज्जैन

**भूपेन्द्रकुमार दुग्गड़ अभिभाषक**
**बी-2 भरतपूरी काम्पलेक्स**
**ओल्ड उप-पंजीयक कार्या. उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 98270-15921, 6260-316839**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संजय शर्मा पिता स्व श्री दीनदयालजी शर्मा, निवास-7/80 कोट मोहल्ला, महाकाल मार्ग, गली नम्बर 7 उज्जैन (म.प्र (म.प्र.) द्वारा 1-श्रीमती कृष्णा पत्नि स्व. श्री प्रदीप शर्मा, 2 महेन्द्र पिता स्व. श्री प्रदीप शर्मा, 3-श्रीमती अनिता पत्नी श्री मयंक चांदे पुत्री स्व श्री प्रदीप शर्मा, द्वारा प्रतिनिधि माता श्रीमती कृष्णा पत्नी स्वी श्री प्रदीप शर्मा, निवासीगण फलेज नम्बर-207, लोकेन्द्र विहार, न्यू बैंक कॉलोनी, रतलाम (म.प्र.) के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य का उक्त भवन व सम्पत्ति का विवरण है:- भवन पुराना म्युनिसिपल क्रमांक-2/1517 परिवर्तित वर्तमान नगर निगम कमांक 80 स्थित कोट मोहल्ला, महाकाल मार्ग, गली नम्बर 7 उज्जैन मध्यप्रदेश। उक्त भवन की लम्बाई अथवा गहराई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व 45 फीट 7 इंच तथा बतरफ पश्चिम 43 फीट 3 इंच एवं चौडाई पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर 25 फीट 4 इंच व बतरफ दक्षिण 20 फीट है। उक्त भवन दो मंजिला पूर्ण रूप से बना हुआ है तथा तृतिय मंजिल आआंशिक रूप से बनी हुई है अर्थात उक्त भवन में तल मंजिल, प्रथम मंजिल व द्वितीय मंजिल आआंशिक रूप से निर्मित है। विक्रयशुदा मकान की चतुर्सीमाः- पूर्व दिशा में पूर्व स्वामी बसन्तीराम बुद्वाराम का मकान, पश्चिम में गली सरकारी, उत्तर में सड़क सरकारी, दक्षिण में - मकान पूर्व स्वामी अम्बाराम वर्तमान स्वामी व्यास जी का मकान स्थित है। उक्त उल्लेखित भवन में 1/4 अविभाजित अंश का विक्रय अनुबन्ध पत्र निष्पादित किया गया था। तथा विक्रय मूल्य की संपूर्ण राशि मेरे पक्षकार द्वारा पूर्व में 1-श्रीमती कृष्णा पत्नि स्व श्री प्रदीप शर्मा, को अदा की जा चुकी है तथा उक्त भवन के विक्रय में उसके पुत्र 2 महेन्द्र पिता स्व. श्री प्रदीप शर्मा, एवं पुत्री ३-श्रीमती अनिता पत्नी श्री मयंक चांदे पुत्री स्व. श्री प्रदीप शर्मा द्वारा अपनी पूर्ण सहमति भी दी गई थी तथा उक्त भवन का विक्रय पत्र संपादित होना शेष है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली है कि श्रीमती कृष्णा पत्नि स्व. श्री प्रदीप शर्मा, उसके पुत्र एवं पुत्री व अन्य दिगर व्यक्ति को उपरोक्त उल्लेखित भवन को फर्जी रूप से विक्रय करने के प्रयास में है जबकि मेरा पक्षकार उपरोक्त भवन के सौदे पेटे संपूर्ण राशि अदा कर चुका है। कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, उपरोक्त उल्लेखित भवन के संबंध में किसी भी प्रकार का सव्यवहार नहीं करे।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक द्वारा उपरोक्त उल्लेखित भवन के संबंध में कोई सव्यंवहार क्रय, विक्रय, अंतरण, रहन, बन, दान आदि उपरोक्त उल्लेखित व्यक्तियों से किया जाता है तो ऐसे संव्यवहार के लिये उपरोक्त व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक जिम्मेदार होगी तथा ऐसे संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगे। सूचित हो।

**शैलेष परमार हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-एम.आई.जी. एफ 2/9, जवाहर नगर,**
**नानाखेड़ा उज्जैन (म.प्र.) मो.न. 98934-43124**

In The Court Of III Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**

**(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC. SUC/000000-4/2026)

**नीरज शर्मा------- आवेदक**

**Vs**

**सर्वसाधारण.... अनावेदक**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक: 17/02/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीरज शर्मा पत्नि श्री संजय शर्मा, आयु- 56 वर्ष, व्यवसाय-स्कूल टीचर, निवासी-मकान क्रमांक 7/80 कोट मोहल्ला महाकाल मार्ग गली नंबर 7 उज्जैन म प्र मोबाईल नम्बर 96919 73790 की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन आवेदिका का अविवाहित पुत्र स्वर्गीय सनत शर्मा पिता श्री संजय शर्मा लोक निर्माण विभाग उज्जैन में मेसर्स सुधा कंस्ट्रक्शन्स के प्रोप्राइटर की हैसियत से ठेकेदारी कार्य करता था, अनावेदक क्रं.4 कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण द्वारा मेसर्स सुधा कंस्ट्रक्शन्स प्रो.स्व. सनत शर्मा को रोड रिपेयर कार्य हेतु वर्क आर्डर अनुबंध क्रमांक 93/22-23 दिनांक 24/11/2022 तथा वर्क आर्डर अनुबंध क्रमांक 96/23-24 दिनांक 22/08/2023 जारी किये गये थे जिनके संबंध में मार्जिन/अमानत राशि एवं कार्य-निष्पादन की शेष देय राशि मृतक के नाम से एफ डी आर के रुप में जमा कराई गई। उक्त एफ डी आर भारतीय स्टेट बैंक शाखा पटनी बाजार उज्जैन अनावेदक क्रं.5 द्वारा जारी होकर मूल रुप से लोक निर्माण विभाग के पास जमा है आवेदिका मृतक की जन्मदायिनी माता होकर प्रथम वैध उत्तराधिकारी है। अनावेदक क्र.2 मृतक के पिता श्री संजय शर्मा पिता स्व. श्री दीनदयालजी शर्मा आयु-60 वर्ष, निवासी मकान क्र. 7/80 कोट मोहल्ला महाकाल मार्ग गली नं.7 उज्जैन मो.नं. 9691973790 तथा अनावेदक क्रं.3 मृतक की बहन सुश्री सानिका शर्मा पुत्री संजय शर्मा आयु-27 वर्ष, व्यवसाय-प्राइवेट नौकरी निवासी मकान क्र. 7/80 कोट मोहल्ला महाकाल मार्ग गली नं. 7 उज्जैन मो.नं.9109601706 है, अनावेदक क्रं.2 व 3 स्वेच्छा से इस बात पर सहमत है कि मृतक के नाम की सम्पूर्ण जमा राशि एफ डी आर तथा खाते में शेष राशि आवेदिका को प्राप्त हो तथा इन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है, इसके अतिरिक्त मृतक का कोई अन्य वैध उत्तराधिकारी नहीं है। मृतक के नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा पटनी बाजार उज्जैन में सेविंग खाता क्र. 20325104683 में भी राशि जमा है तथा लोक निर्माण विभाग के कार्य के संबंध में मृतक द्वारा जमा की गई एफ डी आर क्रमशः क्र.1-41446551478, के.2-42198764592 एवं क्र.3-42198767548 तथा सेविंग खाते में उपलब्ध समस्त राशि मूलधन एवं ब्याज सहित मृतक सनत शर्मा पिता श्री संजय शर्मा निवासी मकान क्रमांक 7/80 कोट मोहल्ला महाकाल मार्ग गली नंबर 7 उज्जैन म प्र की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 फरवरी 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 फरवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 16 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।

**(सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा)**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।

## वैष्णव बैरागी समाज बड़नगर की बैठक सम्पन्न



**बड़नगर।** वैष्णव बैरागी समाज द्वारा 18 जनवरी रविवार को मॉ कालिका माता मंदिर पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। बैठक में अध्यक्ष द्वारा समाज की वर्षो से निष्क्रीय कार्यकारीणी को पुनः गठीत कर नवीन कार्यकारीणी व अध्यक्ष का चयन कर समाज की गतीविधीयो को गती देने पर विचार मंथन किया गया। उक्त बैठक मे समाज के सदस्य गौपालदास बैरागी, कालुदास बैरागी, गुलाबदास बैरागी, पंकज बैरागी, मनीष वैष्णव, प्रेमदास बैरागी, मनीष बैरागी, सोनु शोभावत, महेष बैरागी, अरूण चक्रधारी, दिलिप बैरागी, पवन चक्रधारी, जम्नादास बैरागी आदी उपस्थीत रहे।

## धरनावदा थाना पुलिस ने पकड़ा प्रतिबंधित पॉलिथीन का बड़ा जखीरा

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने प्रतिबंधित पॉलीथीन के अवैध परिवहन के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सफलता हांसिल की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 18 जनवरी 2026 को धरनावदा थाना पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि इंदौर की ओर से एक ट्रक में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन का परिवहन करते हुए ग्वालियर की तरफ जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए रुठियाई चौकी से पुलिस की एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा पगारा टोल प्लाजा पर पहुंचकर संदिग्ध ट्रक के आने की प्रतीक्षा की गई। जैसे ही संबंधित ट्रक टोल पर पहुंचा तो पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए उसे रोका गया, ट्रक चालक ने अपना नाम विक्रम सिंह पुत्र सुरेश सिंह उम्र 39 साल निवासी ग्राम बड़वारा जिला पंचकुला (हरियाणा) का बताया एवं मुखबिर सूचना के आधार पर ट्रक की विधिवत जांच की गई। जिसमें ट्रक से 309 बैग, प्रत्येक बैग में 30 किलोग्राम के मान से कुल 9,270 किलोग्राम (9.27 टन) पॉलिथीन बरामद हुई।

## झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक महिला की मौत, आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम टंक परोरिया का मामला

**गुना।** जिले के आलाधिकारियों की उदासीनता के चलते सोमवार आरोन ब्लॉक के गांव टंक परोरिया में एक झोला छाप डॉक्टर के इलाज से एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। दरअसल क्षेत्रवासियों का कहना है कि आरोन विकासखंड में वर्षों से बिना डिग्रीधारी झोला छाप डॉक्टर दुकान खोलकर बैठे हैं। उक्त डॉक्टरों की जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से लेकर आरोन बीएमओ से कई शिकायत की गई, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम आती है और अपनी खानापूर्ति चलती बनती है। ऐसे झोला छाप डॉक्टरों पर कोई ठोस कार्यवाही के अभाव में आज फिर एक महिला ने दम तोड़ दिया। जन चर्चा का विषय है कि आरोन अस्पताल में पदस्थ प्रथम श्रेणी के अधिकारी सीबीएमओ डॉ भिलवरे आखिर ऐसे लोगों पर कार्यवाही क्यों नहीं करते, आखिर क्या कारण है और यह कब तक चलेगा। कार्यवाही के अभाव में अब झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक महिला की मौत हो गई है। ये लोग ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और जिम्मेदार मुकदर्शक बने बैठे हैं। परिजनों ने बताया कि रामकली बाई 45 वर्ष को सुबह अचानक हाथ पैरों में तेज दर्द हुआ था। इसके बाद वह एक बंगाली डॉक्टर को घर पर ही बुला लाए। इसके बाद झोलाछाप डॉक्टर ने महिला को कुछ दवाई दी और इंजेक्शन लगाया तो तबियत और अधिक बिगड़ गई। घबराए परिजन महिला को तुरंत आरोन अस्पताल लेकर आए तो डॉक्टरों ने चेकअप कर मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस ने मामले को जांच में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## स्व-सहायता समूहों की प्रदर्शनी में विविधता लाने पर जोर

गुना। कलेक्टर ने ग्वालियर मेले में गुना जिले के स्व-सहायता समूहों की प्रदर्शनी को लेकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में और अधिक विविधता लाई जाए, जिसमें गुना के गुलाब, थाई पिंक अमरूद, गुना का धनिया तथा जिजी पंचायत मॉडल को भी शामिल किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने एलडीएम को निर्देशित किया कि बैंकों में लंबित विभिन्न योजनाओं के प्रकरणों पर पात्रता अनुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# दिग्गी राजा का इंकार, सक्रिय हुए दावेदार

## मप्र में राज्यसभा के लिए सजने लगी चौसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने ऐलान किया है कि वो तीसरी बार राज्यसभा नहीं जाएंगे। उन्होंने अपनी सीट खाली करने का फैसला किया है। ताकि किसी नए चेहरे को मौका मिल सके। दिग्विजय सिंह के राज्यसभा सीट छोडने के ऐलान के बाद अब मप्र कांग्रेस में घमासान मचा हुआ है। मगर, दिग्विजय ठहरे खाटी कांग्रेसी नेता, उन्होंने सीट छोडने की तो बात की लेकिन एक ऐसा बयान दे दिया जिससे पार्टी में इस एक राज्यसभा सीट पर लड़ाई एसटी-एससी वर्ग के लिए आन पड़ी हैं।

दरअसल, हाल ही में दिग्विजय सिंह ने मप्र कांग्रेस सरकार बनने पर आदिवासी या एससी मुख्यमंत्री बनाए जाने के सवाल पर कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति का मुख्यमंत्री बनता है तो मुझे प्रसन्नता होगी। दिग्विजय सिंह ने जैसे ही दो दिन में दो बड़े बयान दिए, कांग्रेस नेताओं की जैसी लॉटरी निकल पड़ी। सबसे पहले राज्यसभा सीट पर कांग्रेस का अनुसूचित विभाग एक्टिव हुआ। गौरतलब है कि मप्र में कुल 11 राज्यसभा सीटें हैं।

इनमें से आगामी 9 अप्रैल को दो सीटे खाली हो जाएंगी। एक सीट कांग्रेस के दिग्विजय सिंह की और दूसरी भाजपा के डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी की है। इस साल दोनों सीटों के लिए चुनाव होना हैं। मप्र विधानसभा में 230 सदस्य हैं। विधानसभा में भाजपा के 164 और कांग्रेस के 65 विधायक हैं, एक अन्य है। इस हिसाब से



कांग्रेस को एक सीट मिलना तय है। ऐसे में दिग्विजय सिंह के राज्यसभा की सीट छोडने के बयान के बाद प्रदेश कांग्रेस में हलचल तेज हो गई है। दिग्विजय सिंह का राज्यसभा का कार्यकाल आगामी 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है और उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि वे तीसरी बार राज्यसभा जाने के इच्छुक नहीं हैं।

उनके इस बयान के बाद कांग्रेस के भीतर राज्यसभा की एक सीट को लेकर दावेदारों की सक्रियता अचानक बढ़ गई है। दिग्विजय सिंह के बयान के तुरंत बाद कांग्रेस नेताओं के समर्थक सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए हैं। फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप्स में अपने-अपने नेताओं के समर्थन में पोस्ट, वीडियो और पुराने योगदानों की सूची साझा की जा रही है। समर्थक यह बताने में जुट गए हैं कि उनके नेता ने पार्टी के लिए क्या योगदान दिया है और क्यों उन्हें राज्यसभा भेजा जाना चाहिए। इससे साफ है कि यह मुकाबला केवल वरिष्ठता का नहीं, बल्कि सामाजिक समीकरण और संगठनात्मक संतुलन का भी है।

### कम से कम राज्यसभा तो भेजा जाए

कांग्रेस के अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने दिग्विजय सिंह का बयान आते ही तुरंत उन्हें चिट्ठी लिखी और कहा आपने तो अनुसूचित विभाग के नेता को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही है। ऐसे में कम से कम राज्यसभा तो उन्हें भेजा जाए। ताकि इससे अनुसूचित जाति को मजबूती मिल सके। अप्रैल में राज्यसभा सीट खाली होने से पहले ही कांग्रेस में अंदरूनी घमासान शुरू हो गया है।

कांग्रेस के अंदर दिग्विजय सिंह पहले ही अपने बयानों से मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। पहले सीडब्ल्यूसी की बैठक में आरएसएस की तारीफ और फिर मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के लिए एससी-एसटी वर्ग के उम्मीदवार की वकालत और अब राज्यसभा सीट खाली करने का बयान दे दिया। इससे पहले दिग्विजय और प्रदेशाध्यक्ष की समानांतर पदयात्राएं चल रही थीं। दिग्विजय जहां मनरेगा में बदलाव के दुष्प्रभाव बता रहे थे। वहीं जीतू पटवारी बूथ चलो, गांव चलो के लिए पदयात्रा निकाल रहे थे। उस समय भी गुटबाजी की बात सामने आई थी।

### कांग्रेस में तीन नाम पर चर्चा तेज

दिग्विजय सिंह के राज्यसभा सीट छोडने के बाद अब इस बात पर घमासान मचा हुआ है कि ये सीट किसी खाते में जाएगी। इस रेस में तीन नाम सबसे आगे हैं।

इस दौड़ में सबसे पहला नाम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ का है। कमलनाथ फिलहाल छिंदवाड़ा जिले से विधायक हैं। वो केंद्र की सियासत में सक्रिय रहे हैं। ऐसे में एक बार फिर राज्यसभा सीट के सहारे वो केंद्र की राजनीति में फिर से एंट्री ले सकते हैं।

वहीं अरुण यादव ओबीसी नेता हैं। लंबे वक्त से संघर्ष कर रहे हैं। पिछली दफा उनके नाम पर चर्चा हुई लेकिन उनकी जगह अशोक सिंह को भेज दिया गया। अरुण यादव मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## चंद्रशेखर आजाद की एक्स गर्लफ्रेंड का प्रतीक यादव पर हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अपर्णा यादव और प्रतीक यादव के कथित तलाक विवाद ने अब राजनीतिक और सामाजिक तूफान का रूप ले लिया है। इस विवाद में एंट्री मारते हुए यूपी के सांसद चंद्रशेखर आजाद की एक्स गर्ल फ्रेंड रोहिणी घावरी ने न सिर्फ प्रतीक यादव को खुलेआम ह्यमूर्खह्ण कह दिया, बल्कि पुरुषों की सोच पर भी करारा हमला बोल दिया।




सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए रोहिणी घावरी ने लिखा - बहुत कम पुरुष महिला की तरक्की देख पाते हैं। यही वजह है कि ज्यादातर महिला नेत्रियां या तो शादी नहीं करतीं या तलाकशुदा होती हैं। रोहिणी घावरी ने आगे लिखा - अपर्णा यादव जी ने मेरे लिए बयान दिया था, आज मैं उनके साथ खड़ी हूं। रोहिणी ने प्रतीक यादव को टैग करते हुए तीखा सवाल दागा- प्रतीक जी, जब वो घर तोड़ रही थी, तब तुम मूर्ख थे क्या? साथ ही उन्होंने यह भी लिखा कि हर बार महिलाओं को ही दोषी ठहराने की मानसिकता गलत है।

## साझा की पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक?ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजित हुई। जिसमें जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा से की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करते हुए आवेदक की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए। इसके पश्चात संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं एवं निर्धारित लक्ष्यों की विभागवार समीक्षा की गई तथा प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि 18 से 50 वर्ष की आयु के बीमाधारक की किसी भी कारण से मृत्यु होने पर दो लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना का वार्षिक प्रीमियम 436 रुपये है ।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं राजेश बैरागी पिता कमल (RAJESH BARAGI S/O KAMAL), निवासी ग्राम धनडा भल्ला तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) पिनकोड नंबर 456006, का निवासी होकर निवेदन करता हूँ मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रं. 4499 1444 5757 में त्रुटिवश घरेलु नाम भगवान दास पिता राजेश दास (BHAGA-VANDAS 5/0 RAJESH DAS) दर्ज हो गया हैं जो कि गलत हैं जबकि मेरे पुत्र की कक्षा 10 वीं अंकसूची एवं जन्म प्रमाणपत्र, और अन्य दस्तावेजों में नाम अंकित बैरागी पिता राजेश वैरागी (ANKIT BAIRAGI S/O RAJESH BAIRAGI) दर्ज हैं। जो कि सत्य एवं सही हैं।

अतः राजपत्र प्रकाशन उपरांत भविष्य में मेरे पुत्र का नाम सभी शासकीय/अर्द्ध शासकीय / व्यक्तिगत दस्तावेजों एवं समस्त दस्तावेजों में अयान पिता अंकित बैरागी पिता राजेश बैरागी (ANKIT BAIRAGI S/O RAJESH BAIRAGI) के नाम से जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जावे।

पुराना नाम
भगवान दास पिता राजेश दास
BHAGAVANDAS S/O RAJESH DAS
नया नाम
अंकित बैरागी पिता राजेश बैरागी
ANKIT BAIRAGI S/O RAJESH BAIRAGI

### जाहिर सूचना

सर्व साधाराण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विकेतागण प्रदीप बुरड पिता पारसमलजी जाति जैन निवासी महात्मा गाँधी मार्ग बडनगर जिला उज्जैन एवं राजेश सोनी पिता गिरधरलालजी सोनी निवासी महाकवि कालीदास पथ बडनगर जिला उज्जैन की ग्राम जस्साखेडी तहसील बडनगर स्थित भूमि सर्वे नं. 198/1/2 रकबा 0.51 व सर्वे नम्बर 198/2/2 रकबा 1.02 व सर्वे नम्बर 199/2 रकबा 1.93 हे मेसे रकबा 1.07 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 2.60 हे. भूमि को क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि भी उक्त भूमि स्वामी विकेतागणो को अदा कर दी है तथा मेरे पक्षकार को उक्त भूमि स्वामी को शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र सम्पादित कराना है उपरोक्त संबध में यदि किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक आदी का उक्त भूमि में किसी प्रकार का ऋण भार स्वत्व हक हिस्सा हित निहीत हो तो उक्त सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर अन्दर अपने लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। यदि नियत समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त भूमि स्वामीयों को शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र संपादन करा लेगे तथा बाद में मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। सुचित हो । दिनांक 19/01/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी एडव्होकेट बडनगर**
**विकास त्रिवेदी (से.प्र.)**
**मो.8871902775**

### जाहिर सूचना

मकान सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी श्री रविन्द्र कुमार दुबे पिता स्व. श्री दुर्गा प्रसाद जी दुबे, आयु 69 वर्ष, जाति ब्राहम्ण निवासी 89, गणेश गंज, गणेश मंदिर खण्डवा म.प्र. स्थाई निवासी मकान नं. ए-9/24, एम.आई. जी. बसन्त विहार नानाखेड़ा उज्जैन म.प्र. से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड क्रमांक 255 सेक्टर बी 3 स्थित आदर्श नगर नागझिरी उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 112.50 वर्गमीटर अर्थात 12 वर्ग फीट है जिसकी चतुर्थ सीमा निम्नानुसार है-

पूर्व दिशा की ओर उत्तर दिशा की ओर सड़क कॉलोनी की पश्चिम दिशा की ओर मकान नं. 248, मकान नं. 254 दक्षिण, दिशा की ओर मकान नं. 256 भूखण्ड की पैमाईश निम्नानुसार है लम्बाई पूर्व से पश्चिम ब तरफ उत्तर व दक्षिण 15.00 मीटर, चौड़ाई उत्तर से दक्षिण ब तरफ पूर्व व पश्चिम 7,50 मीटर है उक्त वर्णित भूखण्ड आवासीय क्षेत्र में होकर आवसीय उपयोग का है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी है तथा विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित करवा लिया है। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अन्तिरीत किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभुतिग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदाचिट्ठी, बंधकग्रस्त, बिक्री, या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कही बंधकग्रस्त हो तो वह मयं प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना प्रकाशन के सात (07) दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे निवास या कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नही होंगी। सो सूचित हो। इति दिनांक : 20/01/2026

**इन्साफ एहमद कुरेशी एडवोकेट**
**निवास 189 ए-3, आदर्श नगर, नागझिरी, उज्जैन**
**कार्यालय - 204, नागझिरी, चौराहा, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. नं. 7869902209, 9827314970**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विकेतागण भागवन्ताबाई बेवा हीरालाल कैलाश, मोहन, मुकेश, आजाद, राधाबाई पिता हीरालाल जाति बलाई निवासी ग्राम रणवा तहसील बडनगर जिला उज्जैन की ग्राम किलोली तहसील बडनगर स्थित भूमि सर्वे नं. 186/1 रकबा 0.3700 व सर्वे नम्बर 186/2 रकबा 0.3700 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.74 हे. भूमि को क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि भी उक्त भूमि स्वामी विक्रेतागणो को अदा कर दी है तथा मेरे पक्षकार को उक्त भूमि स्वामी को शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र सम्पादित कराना है उपरोक्त संबध में यदि किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक आदी का उक्त भूमि में किसी प्रकार का ऋण भार स्वत्व हक हिस्सा हित निहीत हो तो उक्त सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर अन्दर अपने लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। यदि नियत समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त भूमि स्वामीयों को शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र संपादन करा लेगे तथा बाद में मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। सुचित हो । दिनांक 19/01/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी एडव्होकेट बडनगर**
**विकास त्रिवेदी (से.प्र.)**
**मो. 8871902775**

### In The Court Of III Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:: श्रीमती सोनाक्षी चतुवेर्दी शर्मा

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उतराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MjC SUC 0000002/2026)

Process Id-/2026 पेशी दिनांक : 13/02/2026

मृतक नरेन्द्र दुबे नामिनी स्वर्गीय गोपाल दुबे,
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमाशंकर दुबे पिता स्वर्गीय श्री किशनलाल दुबे, आयु-60 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, निवासी-मकान नंबर बी-27 अंजुश्री कालोनी मक्सी रोड उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय कये समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक का सगा भाई नरेन्द्र दुबे पिता स्व. श्री किशनलाल दुबे जो कि अविवाहित था उसकी कोई पत्नी व संतान नहीं होने के कारण मृतक नरेन्द्र दुबे ने अपने सगे छोटे भाई गोपाल दुबे पिता स्व.श्री किशनलाल दुबे को बैंक खाते में नॉमिनी किया था लेकिन नरेन्द्र दुबे की मृत्यु दिनांक 24/02/2016 को शहर उज्जैन में हो चुकी है एवं नॉमिनी गोपाल दुबे की मृत्यु दिनांक 19/07/2021 को उज्जैन शहर में हो चुकी है। मृतक गोपाल दुबे पिला किशनलाल दुबे भी अविवाहित थे इस कारण उनकी भी कोई पत्नी व संतान नहीं है। आवेदक मृलक नरेन्द्र एवं मृत्तक गोपाल दुबे का सगा बड़ा भाई है एवं दोनों मृतक का वैध उत्तराधिकारी है। मृतक नरेन्द्र दुबे पिता स्व. श्री किशनलाल दुबे, निवासी-कंचनपुरा मक्सी रोड उज्जैन म प्र का बैंक ऑफ इंडिया शाखा सेठी नगर उज्जैन म प्र में खाता नंबर 910810110003714 के खाते में 30000/- एवं दो लॉकर नंबर 31 व 32 है। उक्त दोनों लॉकर में अनावेदक क्र.2 सूरज शर्मा पिता श्री पातीराम शर्मा आयु-35 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी निवासी-सेठीनगर उज्जैन म प्र अपने आपको नॉमिनी बताता है जिसका जिक्र आवेदक को उसके सगे छोटे भाई नरेन्द्र दुबे के द्वारा कभी भी नहीं किया गया है। उक्त लॉकर की चाबी आवेदक के पास है। आवेदक ने मृतक नरेन्द्र दुबे पिता स्व. श्री किशनलाल दुबे, निवासी-कंचनपुरा मक्सी रोड उज्जैन म प्र की उक्त बैंक के उक्त खाता नंबर में जमा 30000/- रुपये एवं उक्त नंबर के खाते के लॉकर में जमा राशि एवं सोने-चांदी की राशि जमा होने से राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 February 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 February 2026 न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षी की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 16 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**
**न्यायाधीश**

कृपया ध्यान दें किसी कारणवश मुक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतगण पनकुमार पिता ओमप्रकाश जाति पाटीदार, उम्र 40 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम सुहागपुरा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन, रामकुंवरबाई वैवा ओमप्रकाश जाति पाटीदार, उम्र 67 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम सुहागपुरा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन, चिंतामणी पिता ओमप्रकाश पति सुभाषचन्द्र जाति पाटीदार उम्र 48 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम सखेडी जिला शाजापुर के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम ढावलावेणी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 339/3 रकबा 0.13 हैक्टयर कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित करवा लिया है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि में कोई भी व्यक्ति, सस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विकेतागण से उक्त कृषि भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 19-01-2026

**अतुल लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9. लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश, मो.न. 9669443020**

### जाहिर सूचना पत्र का परिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिर्नाक 15/01/2026 के पत्रिका समाचार पत्र में फिरोज खां पिता पीर खां निवासी ग्राम कुमारडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन ने एक जाहिर सूचना श्रीमती गुलाब जान पत्नी स्व. बहादुर खां पठान निवासी कुमारडी की भूमि के संबंध में प्रकाशित करवाई थी, जिसका प्रतिवाद करने के लिए श्रीमती गुलाब जान ने मुझे अधिकृत किया है जो निम्नानुसार है :- 1. फिरोज खां पिता पीर खाँ ने मेरी पक्षकारा श्रीमती गुलाब जान पत्नी स्व. बहादुर खां पठान निवासी कुमारडी के स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि ग्राम भीमपूरा के सर्वे नंबर 127 रकबा 0.85 आरे तथा ग्राम कुमारडी की भूमि सर्वे नंबर 2/1, 6/2, 7, 66/4, 68, 69, 70, कुल किता 7 रकबा 5.65 हेक्टर भूमि के संबंध में जो प्रकाशित करवाई है वह पूर्णतः असत्य है। मेरी पक्षकारा के एकाँकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि में फिरोज खां पिता पीर खां का कोई संबंध, सरोकार व हित नहीं है, मेरी पक्षकार पूर्ण रूप से मानसिक व शारीरिक रूप से स्वास्थ्य है वह स्वयं अपनी कृषि भूमि की देखभाल करती है और फिरोज खां ना तो कभी मेरी पक्षकारा के पास आता है और ना ही कोई देखभाल करता है। मेरी पक्षकारा ने कभी भी ग्राम भीमपूरा के सर्वे 0.95 हेक्टर भूमि को कोई मौखिक हिबा नहीं किया है। इस भूमि पर मेरी पक्षकार ही स्वामी के हैसियत से काबिज है और फिरोज खां को हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं हैं, फिरोज खां ने असत्य आधारों पर मेरी पक्षकारा जो कि विधवा स्त्री है उसकी भूमि को हड़पने लिए असत्य व भ्रम पैदा करने के लिए जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई है। इसलिए कोई भी व्यक्ति फिरोज खां की जाहिर सूचना पर ध्यान न दे और उससे कोई सौदा आदि ना करे। अतः उपरोक्तानुसार जाहिर सूचना का प्रतिवादी प्रेषित है।

**मुरारीलाल पाठक, अभिषेक पाठक अधिवक्ता**
**63, विद्या नगर, उज्जैन (म.प्र.) फोन: 0734-2926663**
**मो. 94253 62471, 94251 89356**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) सियाराम पिता मुलचन्द आयु 58 वर्ष जाति कुल्मी निवासी गायत्री मंदिर माकडौन तहसील माकडौन (तराना) जिला उज्जैन (2) योगेश कुमार पिता मोहनलाल आयु 35 वर्ष जाति कुल्मी निवासी वार्ड नम्बर 13 माकडौन तहसील माकडौन (तराना) जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम केशवाल तहसील माकडौन (तराना) जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 497/1 रकबा 1.25 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.75 हैक्टेयर भूमि सर्वे नम्बर 495/1 रकबा 0.21 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.16 हैक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 496 रकबा 0.41 हेक्टेयर भुमि सर्वे नम्बर 497/2 रकबा 0.23 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.18 हैक्टेयर भूमि कुल किता कुल 04 रकबा 1.50 हैक्टेयर स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दाळ झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो । दिनांक-19-01-2026

**रवि प्रजापति एडवोकेट तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक**
**मो.नं. 8827905460**

## न्यूज-कॉलम

### जल सुनवाई अभियान व संकल्प से समाधान अभिया

**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद पिपलियामंडी के माध्यम से संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत आज दिनांक 15 जनवरी को स्थान वार्ड क्रमांक 4 शीतला माता मंदिर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन के निदेर्शानुसार जल सुनवाई अभियान व संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत अधिकारियों व कर्मचारी, नगर उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद द्वारा वार्ड में निरीक्षण कर वार्ड मे आम जनता से पीने के पानी का भी फीड बैक, वार्ड में स्वच्छता संबंधित साफ सफाई की जानकारी महिलाओं से ली गई ओर शासन की विभिन्न जन योजनाओं सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने हेतु विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई व आवेदन प्राप्त किए गए।

### विद्यार्थियों को सिखाए स्टार्टअप और उद्यमिता के गुर

**मन्दसौर।** पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में सफल उद्यमियों ने अनुभव साझा किए। बबीता भट्ट ने हर्बल क्षेत्र, अर्पित जैन ने पेपर पैकेजिंग और दिव्या गोस्वामी ने व्यापार प्रबंधन की बारीकियां समझाईं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मंगल रैकवार ने स्टार्टअप इंडिया व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में 400 से अधिक विद्यार्थी व प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### खटीक समाज द्वारा महाराजा खट्वांग जयंती पर भव्य आयोजन 23को

**मन्दसौर।** खटीक समाज द्वारा महाराजा खट्वांग जयंती आगामी 23 जनवरी, शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। समिति अध्यक्ष दिलीप सांवलिया ने बताया कि प्रातः 10 बजे संजय गांधी उद्यान से भव्य चल समारोह व कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 251 महिलाएं कलश धारण कर शामिल होंगी। चल समारोह में बैंड-बाजे, ढोल और महाराजा खट्वांग का भव्य रथ आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः संजय उद्यान पहुंचेगी, जहाँ महाआरती व सम्मान समारोह होगा। समारोह में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, राष्ट्रीय खिलाड़ियों और भामाशाहों का बहुमान किया जाएगा।

### आचार्य विश्वरत्नसागरजी के मुखारविंद से महामांगलिक संपन्न

**मन्दसौर।** स्थानीय हर्ष विलास रिसॉर्ट के समीप आयोजित भव्य समारोह में युवा हृदय सम्राट आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी म.सा. के मुखारविंद से हजारों श्रद्धालुओं ने महामांगलिक का श्रवण किया। इस अवसर पर रणछोड़ प्रसाद प्रदीप कुमार गनेड़ीवाल परिवार ने श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु के नवीन मंदिर हेतु अग्रसेन नगर के समीप 4 हजार वर्गफीट भूमि दान करने का धर्मलाभ लिया। आचार्यश्री के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन हुआ। यहाँ लगभग 14 फीट ऊँची श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सकल जैन समाज, आराधना भवन श्रीसंघ और नवरत्न परिवार द्वारा गनेड़ीवाल परिवार का शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर भव्य बहुमान किया गया।

### महिला के गले से चेन झपटने की कोशिश

**रतलाम।** एक महिला के गले से सोने की चेन झपटने की कोशिश की गई। महिला कॉलोनी में अपनी बेटी को स्केटिंग कराने घर से बाहर निकली थी। तभी बाइक पर सवार दो बदमाश आए। महिला के गले में झपटा मारा। महिला ने अपना बचाव करते हुए चेन बचा ली लेकिन सोने का पैंडल व उसमें लगा सोने का नाका बदमाश ले उड़े। घटनाक्रम स्टेशन रोड थाना अंतर्गत महलवाड़ा परिसर में रविवार शाम 6.39 बजे का है। घटना का सीसीटीवी सोमवार दोपहर सामने आया है। महिला भी शिकायत करने सोमवार दोपहर 2 बजे थाने पहुंची।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 7771090777, 7773077762

# डीपी ज्वेलर्स द्वारा सनातन धर्म के अपमान का मामला गरमाया, न्यायालय ने पुलिस को दिए जांच के निर्देश

## कोर्ट में दायर हुआ निजी परिवाद,कोर्ट ने पुलिस से जांच प्रतिवेदन मांगा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

कारपोरेट जगत में शामिल हो चुके रतलाम के डीपी ज्वेलर्स को लेकर अक्सर नए नए विवाद सामने आते रहते है,लेकिन इस बार डीपी ज्वेलर्स द्वारा कंपनी के विज्ञापन में सनातन धर्मावलम्बियों की भावनाओं को आहत करने का मामला चचाओं में है। इस मामले में न्यायालय ने पुलिस को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने बताया कि डीपी ज्वेलर्स ने रतलाम में अपने नए शोरुम का प्रचार करने के लिए प्रकाशित एक विज्ञापन में राम चरित मानस की प्रसिद्ध चौपाई रघुकुल रीत सदा चली आई का दुरुपयोग किया था। डीपी ज्वेलर्स के निदेशकों ने इस चौपाई की दूसरी पंक्ति को बदल कर अपने विज्ञापन के रुप में उपयोग किया था,जिससे सनातन धर्मावलम्बियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई। उल्लेखनीय है कि डीपी ज्वेलर्स का यह कारनामा सोशल मीडीया पर भी काफी छाया रहा था। सोशल मीडीया पर हजारों सनातन धर्मावलम्बियों ने डीपी ज्वेलर्स के इस कृत्य पर नाराजगी का प्रदर्शन किया था।

डीपी ज्वेलर्स के इसी विज्ञापन से आक्रोशित एक सनातनी शांतिलाल मालवीय ने माणकचौक पुलिस डीपी ज्वेलर्स के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया था,परन्तु माणकचौक पुलिस ने श्री मालवीय की शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की। इसके बाद श्री मालवीय ने अपने अभिभाषक प्रदीप सक्सेना के माध्यम से न्यायालय में निजी परिवाद प्रस्तुत किया।

एडवोकेट श्री सक्सेना ने बताया कि डीपी ज्वेलर्स के निदेशकों ने अपने नए शोरुम के उद्घाटन के मौके पर एन दशहरे के दिन ०३ अक्टूबर को अपने विज्ञापन में रामचरित मानस की प्रसिद्ध चौपाई को बिगाडकर "रघुकुल रीत सदा चली आई,स्वर्ण से हमेशा सुख समृद्धि घर आई" कर दिया था।जबकि रामचरित मानस की वास्तविक चौपाई "रघुकुल रीत सदा चली आई,प्राण जाए पर वचन ना जाई" थी। चौपाई बिगाड़कर इसके विज्ञापनों के बड़े बड़े होर्डिंग लगाए लगाए गए। यही विज्ञापन अखबारों में भी प्रकाशित करवाए गए। विज्ञापन में रामतरित मानस की चौपाई का इस तरह व्यवसायीकरण करने से सनातन धर्मावलम्बियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई।

एडवोकेट प्रदीप सक्सेना के मुताबिक डीपी ज्वेलर्स के निदेशकों द्वारा अपने व्यावसायिक विज्ञापन में विमर्शित और विद्वेषपूर्ण कार्य,जो किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आशय से दुष्कृत्य किया है। इसके साथ ही किसी व्यक्ति या सनातन समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पंहुचाने के विमर्शित आशय से शब्द उच्चारित करनाभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)की धारा 299एवं धारा 302 के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

एडवोकेट सक्सेना ने बताया कि जब उनके पक्षकार द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की,तब व्यतित होकर उनके पक्षकार ने न्यायालय में डीपी ज्वेलर्स के विरुद्ध निजी परिवाद प्रस्तुत किया। डीपी ज्वेलर्स के समस्त निदेशकों के विरुद्ध जिला न्यायालय की न्यायिक दण्डाधिकारी कनिष्ठ खण्ड सुश्री वैशाली चौहान के न्यायालय में प्रस्तुत इस निजी परिवाद पर न्यायालय ने पुलिस थाना माणक चौक को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने पुलिस को अपना जांच प्रतिवेदन 23 जनवरी को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एडवोकेट श्री सक्सेना के अनुसार, पुलिस द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद न्यायालय द्वारा निजी परिवाद की अगली सुनवाई की जाएगी।

# मंदसौर मंडी का गतिरोध समाप्त हुआ, पांच दिन बाद शुरू हुई नीलामी

## लहसुन एवं प्याज की नीलामी एवं तौल कार्य ट्रेक्टर ट्राली में होगा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



कांग्रेस ने मण्डी की अव्यवस्थाओं को लेकर दिया ज्ञापन

कृषि उपज मंडी मंदसौर में पिछले पांच दिनों से हम्माल और व्यापारियों के बीच चल रहा विवाद सुलझ गया है। सोमवार को जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और दोनों पक्षों की बैठक के बाद मंडी में आज मंगलवार से फिर से नीलामी कार्य पूर्ववत चालू हो जाएगा। पांच दिन तक नीलामी स्थगित रहने से किसानों को भारी मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसके विरोध में कांग्रेस ने भी प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।

सोमवार को जिन किसानों का माल मण्डी में रखा उनकी नीलामी सुबह शुरू हुई उसके पश्चात सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, मण्डी व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज जैन, हम्माल संघ अध्यक्ष दिलीप ग्वाला, किसान संघ अध्यक्ष प्रीतिपालसिंह देवड़ा, जिला पंचायत सीईओ अनुकुल जैन, एसडीओ एसएल शाक्य की उपस्थिति में आयोजित बैठक के बाद विवाद थमा। बैठक में मंडी संचालन को लेकर प्रमुख फैसले लिये गये है अब लहसुन और प्याज की फसल सीधे ट्रॉली में ही नीलाम की जाएगी व उसके बाद व्यापारी के गोदाम पहुंचेगी। जिससे उसे उतारने और चढ़ाने का समय बचेगा। श्री गुर्जर ने बताया कि लहसुन की छंटाई और लोडिंग के लिए हम्माल और व्यापारी मिलकर एक च्ब्लूप्रिंटज् तैयार करेंगे ताकि काम समय पर पूरा हो। पुनः गतिरोध होने पर १५ फरवरी को बैठक आयोजित कर निर्णय लिया जाएगा।

एक ओर जहां समझौता हुआ, वहीं दूसरी ओर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंडी की अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर और विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में कांग्रेस ने मण्डी पहुंचकर प्रदर्शन किया। विधायक जैन ने यहां तक चेतावनी दे दी कि अब मण्डी बंद रही तो उनसे बुरा कोई नहीं होगा और वे हजारों किसानों और कांग्रेसजन के साथ धरने पर बैठ जाएंगे। कांग्रेस ने मांग की कि किसानों से जबरन बारदान मंगवाने और ठेले को धक्का देने जैसी शोषणकारी प्रथाओं पर तुरंत रोक लगे।

पांच दिनों के बंद से किसानों और हम्मालों को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाए। मंडी में सफाई, जल निकासी और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का स्थायी समाधान हो। भविष्य में ऐसी अनिश्चितकालीन बंदी की स्थिति दोबारा पैदा न हो। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रकाश रातड़िया, सोमिल नाहटा, इष्टा भाचावत, विकास दशोरा, रूपल संचेती सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### कांग्रेस ने ज्ञापन देकर मतदाता सूची पुनरीक्षण में पारदर्शिता की मांग की

**मन्दसौर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेसजनों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम एक विस्तृत ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर देवकुंवर सोलंकी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग के नियमों का सख्ती से पालन करने हेतु जिला प्रशासन का ध्यान मुख्य बिंदुओं पर आकर्षित करते हुए मांग की कि प्राप्त सभी फॉर्म-07 की तिथि और बूथवार सूची सार्वजनिक की जाए। केवल आयोग द्वारा अधिकृत और मुद्रित फॉर्म ही स्वीकार हों, फोटोकॉपी या अवैध फॉर्म निरस्त किए जाएं। एक बूथ पर प्रतिदिन अधिकतम 15 फॉर्म स्वीकार करने के नियम का उल्लंघन न हो। 20 से 22 जनवरी के बीच प्राप्त होने वाले फॉर्मों की विशेष निगरानी कर उनकी पृथक जानकारी दी जाए। जिलाध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता या पक्षपात हुआ तो लाखों नागरिकों के संवैधानिक मताधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस इस पूरे अभियान की सतत निगरानी करेगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के खिलाफ शांतिपूर्ण एवं कानूनी संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है । 22 जनवरी तक की अंतिम तिथि तक पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष रखा जाए। इस अवसर पर कांग्रेस के मनजीत सिंह टुटेजा, अजय लोढा, पंकज सतीदासानी, सादिक गौरी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नपा की गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा में 20 को दो मैच

**नीमच।** नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से राजेन्द्र प्रसाद स्टेडियम नीमच पर 15 जनवरी से प्रारंभ हुई गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा केअंतर्गत 20 जनवरी मंगलवार को दो मैच खेले जावेंगे, जिसमें प्रथम मैच दोपहर 1 बजे नीमच ब्रदर्स तथा मंडी फुटबॉल क्लब के बीच तथा दुसरा मैच दोपहर ३ बजे से सिटी स्पोर्ट्स व ग्वालटोली के बीच खेला जावेंगा। नगर पालिका परिषद्, नीमच व जिला फुटबाल संघ, नीमच ने समस्त फुटबाल प्रेमी जनता से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

# लायंस क्लब श्री शक्ति द्वारा पिपलियामंडी में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ पिपलियामंडी

लायंस क्लब श्री शक्ति, पिपलियामंडी के तत्वावधान में 18 जनवरी 2026 को सरस्वती शिशु मंदिर पिपलियामंडी में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहा, जिसमें बड़ी संख्या में नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं जांच सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम चेलावत प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा त्यागी जनरल सर्जन डॉ. अजय व्यास हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्ट जनरल फिजिशियन डॉ. सुशील देवड़ा ,दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. वीणा व्यास, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. तरुण गुप्ता तथा आहार विशेषज्ञ चारू गोयल ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में ईसीजी की जांच पर भी 50 प्रतिशत तक छूट दी गई एवं निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर के दौरान रक्त जांच, मधुमेह, थायरॉयड, किडनी, लिवर, हड्डी, हृदय, दंत एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य से संबंधित जांचें की गईं। शिविर में बेसिक स्क्रीनिंग और फुल बॉडी जांच पैकेज की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसमें संगतानी लैब, पिपलियामंडी द्वारा सभी लैब टेस्ट पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी गई।

**जाहिर सूचना**
**ग्राम बिरमखेडी तह. घटिट्या व जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि बाबद्**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। मेरे पक्षकार ने निम्न स्वामीयों के पृथक पृथक मालिकाना हक्क व कब्जे की भूमि को रिक्त आधिपत्य एवम् सर्वभारमुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा बाबद राशि पृथक पृथक राशि भी अदा कर दी है। **भूमि स्वामी राहुल हेड़ा पिता श्री जगदीश जी हेड़ा के बिक्रीत सर्वे नंबर 381/2 रकबा 0.120 हैक्टर, सर्वे नबंर 381/3/2 रकबा 0.020 हैक्टर, सर्वे नबंर 382 रकबा 0.180 हैक्टर, सर्वे नबंर 383 रकबा 0.050 हैक्टर, सर्वे नबंर 394/1 रकबा 0.270 हैक्टर, सर्वे नबंर 395/2 रकबा 0.080 हैक्टर, सर्वे नबंर 395/3/2 रकबा 0.040 हैक्टर, सर्वे नबंर 407/1 रकबा 0.050 हैक्टर, सर्वे नबंर 409 रकबा 0.130 हैक्टर, सर्वे नबंर 415 रकबा 0.120 हैक्टर, सर्वे नबंर 416/2 रकबा 0.060 हैक्टर कुल किता 11 कुल रकबा 1.120 हैक्टर भूमि तथा भूमि स्वामी सादिक खा पिता श्री शफी खा पता 56, पटवाखेडी तोड़ी इन्दौर म.प्र. बिक्रीत 1. सर्वे नम्बर 244/1 रकबा 0.040 हैक्टर 2. सर्वे नबंर 244/2 रकबा 0.040 हैक्टर, सर्वे नबंर 244/3 रकबा 0.050 हैक्टर, सर्वे नबंर 378 रकबा 0.250 हैक्टर, सर्वे नबंर 379/1 रकबा 0.130 हैक्टर, सर्वे नबंर 395/468 रकबा 0.110 हैक्टर, सर्वे नबंर 396 रकबा 0.110 हैक्टर, सर्वे नबंर 397 रकबा 0.100 हैक्टर, सर्वे नबंर 405 रकबा 0.090 हैक्टर, सर्वे नबंर 408 रकबा 0.100 हैक्टर, सर्वे नबंर 411 रकबा 0.810 हैक्टर, सर्वे नबंर 417/5 रकबा 0.060 हैक्टर कुल किता 12 कुल रकबा 1.890 हैक्टर भूमि** को उपरोक्त संपत्तियों पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था / निकाय / बैंक / शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग / स्थानीय शासन विभाग आदि का कोई ऋण / भार / हक्क या आधिपत्य या वारसाने का किसी भी कोई हक्क, हित, या भार अथवा सुखाधिकार किसी "न्यायालय" में दिवानी / फौजदारी विवाद / अपील / रिव्हिजन / पीटीशन अथवा "प्रोबेट प्रकरण" लंबित हो, वे समस्त संबधित इस जाहिर सूचना प्रकाशन के सात दिवस् के अंदर सप्रमाण लिखित में मुझसे निम्न पते पर सम्पर्क करे, अवधि के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगी एवं विक्रय पत्र पंजीयन करा लिया जावेगा।

**डी.के. चण्डक (एडव्होकेट)**
101-102, "जानकी चेम्बर" प्रथम मंजिल, 32/2, मोती तबेला मेनरोड़, फायर बिग्रेड के आगे, इन्दौर
मो. 98272-66101, 98269-99101

# नपा की फुटबाल स्पर्धा में नीमच सिटी व मंडी फुटबॉल क्लब विजयी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से 15 से 26 जनवरी तक आयोजित गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा में सोमवार 19 जनवरी को राजेन्द्र प्रसाद स्टेडियम में दो मैच खेले गये!प्रथम मैच नीमच सिटी फुटबॉल क्लब व चर्चिल फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, नीमच सिटी फुटबॉल क्लब ने एक तरफा मुकाबले मे 5-0 से विजयश्री हांसिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया! इसी प्रकार दूसरा मैच मंडी व जयसिंहपुरा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमे मंडी फुटबॉल क्लब ने सलीम व विपिन के गोल के सहारे 2-0 से विजय श्री हांसिल कर अगले दौर में प्रवेश किया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए डीएफए पदाधिकारी श्री सत्तार खान एवं श्री शंकर रामवाणी ने बताया कि सोमवार को खेले गये मैच में अतिथि के रूप में अग्रवाल समाज के सचिव श्री अशोक मंगल तथा नगर पालिका की स्वच्छता चैंपियन श्रीमती रितु नागदा, श्रीमती उषा शर्मा आदि ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया!अपने उदबोधन में अतिथि गणों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहां कि देशभर में नीमच फुटबॉल के नाम से जाना जाता है! नीमच की लाल मिट्टी में खेलकर नीमच के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई है और नीमच का नाम रोशन किया है! आज के खिलाड़ी भी पूर्व के खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय स्तर पर नीमच की पहचान कायम करें तथा अपना और परिवार का नाम रोशन करे!

कार्यक्रम का संचालन श्री प्रमोद शर्मा एवं राजेश पप्पू मंगल ने किया! मैच में निर्णायक के रूप में श्री मोहम्मद रईस, मोहम्मद रफीक, श्री राकेश अहीर, श्री अब्दुल सत्तार, फिर रफीक हाशमी, श्री पृथ्वी सिंह चौहान ने सेवाएं प्रदान की! इस अवसर पर वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी श्री प्रहलाद अहीर,श्री मानसिंह चौहान, मोहम्मद रफीक (रफ्फु), श्री विमलेश अहीर,सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी नागरिक उपस्थित थे।



### लायंस क्लब के कैंसर शिविर में 24 मरीजों का परीक्षण

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मन्दसौर और चौधरी परिवार के सहयोग से आयोजित निशुल्क कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण शिविर में 24 मरीजों की जांच की गई। शिविर में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के पूर्व प्रोफेसर डॉ. सनी जैन ने सेवाएं दीं।इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। सीएमएचओ डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने चिकित्सकीय दृष्टिकोण साझा करते हुए समय पर जांच के महत्व पर जोर दिया। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने कहा कि कैंसर मुक्त समाज के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने बताया कि शिविर में 24 मरीजों का परीक्षण किया गया। साथ ही 3 सोनोग्राफी की गई एवं 4 रेडिएशन किये गये। व रियायती दर पर जांचे की गई। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप चेलावत, प्रदीप कीमती, सुरेंद्र नाहटा, मुकेश माहेश्वरी, डॉ. देवेंद्र पुराणिक,जगदीश चौधरी, प्रवीण राठौर, डॉ. सुरेश जैन, डॉ. मजहर हुसैन, हस्तीमल जैन, जितेंद्र मित्तल, नेमकुमार गांधी, डॉ. गोविंद छापरवाल,विजय सुराणा, सुनील बाफना, डॉ. के.सी. श्रीमाल, अनिल धाकड़, सुरेंद्र फरक्या, डॉ. अशोक सोलंकी, गौरव रत्नावत आदि उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय एम पी यूथ गेम्स में 1230 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**मन्दसौर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एम पी यूथ गेम्स का भव्य समापन हुआ। जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि 18 जनवरी से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी, पिट्ठू, क्रिकेट, योगा, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, मलखम्भ, थ्रो बॉल, शतरंज, स्विमिंग, बैडमिंटन, बॉक्सिंग सहित 21 खेलों में जिले के पांचों विकासखण्डों से 1230 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, दक्षिण मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार, अमन फरक्या आदि ने किया था, वहीं समापन समारोह में म.प्र. बेसबॉल संघ उपाध्यक्ष हिम्मत डांगी, अरविन्द सारस्वत, प्रीतेश चावला व अन्य अतिथियों ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। चयनित खिलाड़ी अब संभाग और राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### स्कूलों में 8 मार्च तक महिलाओं के लिए बनवाएं शौचालय- कलेक्टर

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि 8 मार्च से पहले ऐसे सभी विद्यालयों में, जहां महिलाओं के लिए शौचालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां शौचालय का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट 8 मार्च से पूर्व प्रस्तुत की जाए। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की गई। अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक 2540 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1238 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्राप्त आवेदनों की प्रॉपर एंट्री सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए घर-घर सर्वे किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि 26 जनवरी से पहले शेड्यूल तैयार कर ग्राम पंचायतों में पेयजल संबंधी कार्यों को शीघ्र हैंडओवर किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागों को शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### रणजीत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में हुए उपस्थित



**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पिपलिया जोधा में महाराणा प्रताप क्रिकेट मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मेंअसंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत उपस्थित हुए। जहां कुं. शक्तावत का खेल प्रेमियों एवं आसपास के ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ गर्म जोशी से स्वागत करते हुए पुष्प माला पहनकर सम्मान किया। मुकाबले में विजेता टीम नाहरगढ़ को सरपंच प्रहलाद सिंह कच्छावा की तरफ से प्राप्त 11 हजार रुपये एवं विजेता कप देकर सम्मानित किया और उपविजेता टीम पिपलिया जोधा को अपनी तरफ से 5100 रुपये एवं उपविजेता कप देकर सम्मानित किया एवं मैन ऑफ द मैच के रूप में काल भाई नाहरगढ़ को पुष्पमाला पहनाते शील्ड देकर सम्मानित किया कुंवर शक्तावत ने अपने उद्बोधन में सभी खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना के साथ खेलने हेतु अपील की। कुंवर शक्तावत ने कहा कि जहां भी आवश्यकता लगे खिलाड़ियों के सम्मान में आर्थिक और शारीरिक रूप से हमेशा उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण धनगर का भी खेल प्रेमियों के द्वारा पुष्प माला पहनकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंगू सिंह चंद्रावत,सहित सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे ।



## मनुष्य की पहली गुरु उसकी मां है

### मां बाप का जीवन अपनी संतान को समर्पित होता है पं.लखन

**कानड़।** सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का नैन्याखेड़ी अहिर शिवगढ़ रोड पशुपतिनाथ आश्रम पर शनिवार से शुरूआत हुई। कथा के दूसरे दिन कथावाचक वैदिक पंडित लखन शर्मा द्वारा भागवत कथा के प्रसंग सुनते हुए कहा कि मनुष्य की पहली गुरु उसकी मां होती है मां बाप का जीवन अपनी संतान को समर्पित होता है ।माता पिता जो भी कुछ करते हैं वो अपनी संतान के लिए करते हैं । आपने जो धन कमाया वो अपनी संतान के लिए मत छोड़ना क्योंकि बड़ा होकर वो सब कुछ कमा सकता है लेकिन संस्कार कमा कर अपने बच्चों को जरूर देना जिससे वे सत कर्म की और बढ़ सके।भगवान ने जब इस मनुष्य जीव शरीर को बनाया तो दो चीज दी एक दिल और दिमाग,दिमाग इसलिए दिया की तुम दिमाग से काम चलाना ओर भगवान ने दिल दिया और कहा की तुम मुझे हृदय में विराजमान करना दिल था इसे हमने लगाया दुनिया में ओर दिमाग लगाया भगवान में कि वो है कि नहीं भगवान कथाओं को सुना ,भजन अगर करोगे तो मन में शांति मिलेगी जहां कुछ भी काम ना आये वह परमात्मा की सरण में पूरा संसार है किसी प्रंसग के साथ कथा का समापन किया गया है।

### समाजसेवी भूतडा का निधन

**सुसनेर:** नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष चतुर्भुज भूतडा के बड़े भाई



घनश्याम भूतडा का 15 जनवरी को पुना में दुखद निधन हो गया जहां मुक्तिधाम पर पुत्र ने मुखाग्नि दी। भूतडा ने नगर में सरस्वती शिशु मंदिर के लिए अपने परिवार के सदस्यों को भूमि दान के लिए तैयार किया एवं भूतडा परिवारों ने विद्यालय को भूमि दान की थी । भूतडा को श्रद्धांजलि देने के लिए कल्याण जिन पर 20 जनवरी को 2 बजे से 5 बजे तक शोक बैठक रखी गई है।

### सैकड़ों महिलाओं, बच्चों ने नशाखोरी के खिलाफ मुहिम चलाने का संकल्प लिया

**भौरासा।** भौरासा नगर में संस्था मां शारदा के द्वारा कराए गए पार्थिव शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक में सैकड़ों महिलाओं



युवतियों बच्चों ने नशाखोरी के खिलाफ मुहिम चलाने का संकल्प लिया,,, संस्था मां शारदा इंदौर के बैनर तले पार्थिव शिव पिण्ड निर्माण एवं रूद्राभिषेक आयोजन में संस्था संयोजक एड्वोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने इस अभियान की जानकारी दी तथा आंकड़ों सहित नशाखोरी के कारण भौरासा नगर तथा आसपास के क्षेत्र में हुए एक्सीडेंट और उससे हुई मौतों का उल्लेख किया गया तथा नशाखोरी से बर्बाद होते परिवार तथा आत्महत्या एवं बढ़ते हुए अपराध के आंकड़े भी दिए। सैकड़ों महिलाओं ने उपस्थित बच्चियों तथा बच्चों ने नागरिकों ने हाथ उठाकर सहयोग देने का संकल्प लिया,गया गौरतलब रहे कि प्रमोद कुमार द्विवेदी का परिवार भौरासा नगर में कई सालों तक रहा है,और द्विवेदी विभिन्न सामाजिक धार्मिक आयोजन करते रहते हैं। और विगत कुछेक सालों में आयोजनों की बाढ़ सी नगर मे आ गई सामाजिक मुद्दों पर बेबाक राय रख लड़ाई लड़ने वाले द्विवेदी इसके पहले भी लाखों चिट्ठी शराब नीति के खिलाफ लिखवा चुके हैं,,,।

### श्रीमती शकुंतला शर्मा का निधन

**जगोटी ।** वरिष्ठ शिक्षाविद बालकृष्ण शर्मा की पुत्र वधु एवं ज्योतिष पंडित अशोक शर्मा की पत्नि श्रीमती शकुंतला शर्मा 68 का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया, वे पत्रकार विश्वास



शर्मा व अनंत शर्मा की भाभी जी थी। मुखाग्नि योगांश शर्मा ने दी। शनिवार को बालाजी परिसर जगोटी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पुरातत्व विद डा आर सी ठाकुर, पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डा विनोद बैरागी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप सिंह गुर,खादी ग्रामोद्योग विकास मंडल अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ, सचिव स्वदेश शर्मा, उज्जयिनी जिला शतरंज संघ अध्यक्ष पुष्पेन्द्र शर्मा, गौरी परूलेकर,गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के ट्रस्टी राजेश शर्मा, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, कृषि उपज मंडी उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर आंजना जमालपुरा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह बापू, किशोर शर्मा, भाजपा नेता कैलाश काका गट्टानी, भगवतीप्रसाद जोशी, कैलाश राठी,काले बाबू,जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी,, पत्रकार रमेश गौड़, निर्भयसिंह भाटी, पीयूष सकलेचा, मनोज गुर्जर,, गिरधारी लाल चौहान,आशीष उपाध्याय, संजय जोशी, संजय व्यास, अशोक बुरड़, धारासिंह जाट, सहित गणमान्य जनों ने पुष्पांजलि अर्पित की, संचालन वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार काबरा ने किया।

### मौसम का यू-टर्न, 24 घंटे में 6 डिग्री उछला पारा, कड़ाके की ठंड के बीच गर्मी की दस्तक

**शाजापुर।** शहर के मौसम में पिछले 24 घंटों के दौरान जबरदस्त बदलाव दर्ज किया गया है। शुक्रवार की रात जहां कड़ाके की सर्दी ने लोगों को परेशान किया, वहीं शनिवार की रात लोगों को सर्दी से खासी राहत मिली। रात के तापमान में सीधे 6.3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री था, जिससे रात में गलन महसूस हो रही थी। इसके ठीक उलट, रविवार को न्यूनतम तापमान चढ़कर 14.7 डिग्री पर पहुंच गया। इस प्रकार एक ही रात के अंतर में ठंड का असर काफी हद तक कम हो गया। रविवार को दिन का मौसम भी पूरी तरह साफ रहा। दिन का अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि, उत्तर-पश्चिमी दिशा से 14 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चली हवाओं ने मौसम को सुहावना बनाए रखा। वातावरण में आर्द्रता (नमी) 33: दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञ धनोतिया के अनुसार, हवाओं की दिशा और गति में बदलाव के कारण रात के तापमान में यह अचानक उछाल आया है, जिससे न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर पहुंच गया। फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

इंगोरिया एवं कानड़ में हिंदू सम्मेलन – कलश यात्रा, ओजस्वी भाषण तथा समरसता सह भोज के साथ संपन्न

# सनातनी हिन्दुओं को बटने के बजाए एकजुट होना होगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंगोरिया





रविवार को आयोजित इंगोरिया में हिंदू सम्मेलन के पूर्व सनातनी महिलाओं ने रुपा हेड़ा रोड स्थित गणेश धाम से जल कलश धारण कर डीजे पर धार्मिक भजनों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा नेशनल हाइवे पर जीतू विश्वकर्मा के बगीचे में हिन्दू सम्मेलन के सुसज्जित पांडाल में पहुंची। यहां आयोजकों ने कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

हिंदू सम्मेलन के मंच पर क्षेत्र के प्रसिद्ध भागवत भूषण कथा प्रवक्ता पंडित गजेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने भारत माता की पूजा और आरती की। हिंदू सम्मेलन में अपने ओजस्वी विचारों से पंडित गजेन्द्र प्रसाद ने उपस्थित सैकड़ों सनातनी हिंदुओं में ऊर्जा का संचार कर दिया। अपने उद्बोधन में आपने कि कहाकि माघ माह में सूर्य उत्तरायण में प्रवेश करते हैं। संघ के 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं। हमें जाति में नहीं बंटना है। हिंदू समाज में एकजुटता नहीं है। कहने को तो हम सब हिन्दू है। जब तक गौ माता को राष्ट्र माता नहीं बनाया जाएगा तब तक हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना साकार नहीं होगी। सिर्फ मंदिर बनाने से कुछ नहीं होगा। सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए हिंदू समाज को जगाना होगा। पर सोए हुए हिन्दुओं को जगाना मुश्किल है। ये रामजी की जय के साथ रावण की भी जय बोलते हैं। इसे लोगों को समाज से कोई लेना देना नहीं। आज हिंदू नहीं जागेगा तो आने वाली नस्ल का क्या होगा ये सोचा आपने। हिंदू अगर राम और श्रीकृष्ण को मानते हो तो किसी भी परिस्थिति में सनातन धर्म की रक्षा करने का संकल्प लेना होगा।

80 हजार से अधिक हिंदू सम्मेलन

आर एस एस के पवन जी ने हिन्दू सम्मेलन में कहा कि गौ माता और सनातन धर्म की रक्षा करना है ।जात_ पांत की करो विदाई हिन्दू समाज भाई भाई। बटोगे तो कटोगे ये कहावत सही है। हिंदू समाज को एकजुट करने का काम हो रहा है आज प्रदेश में 80 हजार से अधिक हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं। हम संघ का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं । 1925 में डॉक्टर हेडगवार ने संघ की स्थापना की थी। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि लोगों में राष्ट्र प्रथम की भावना आनी चाहिए देवी देवताओं के साथ भारत माता की भी पूजा करना होगी। 1835 में लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति लागू हुई। जबसे हमें धर्म के बारे में पढ़ाया ही नहीं गया। हिंदू भले ही 1947 में आजाद हो गया हो पर मानसिक रूप से आज भी गुलाम हैं। हिंदू समाज हमेशा संघर्ष करता रहा है। 2500 सालों तक हिंदुओं पर अत्याचार हुए हमारे देश के मंदिरों को तोड़ा। हम चुप रहे।

#### नारी शक्ति को जागृत करें

महिला नेत्री भारती चौहान ने अपने ओजस्वी भाषण से नारी शक्ति की गरिमा याद दिलाई। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया कि बच्चों को संस्कार सिखाए और हनुमान चालीसा का पाठ कंठस्थ कराए। मोबाइल का दुरुपयोग रोकें। हम हिंदू राष्ट्र की ओर बढ़ रहे हैं। जिसमें नारी शक्ति का भी योगदान होगा।

#### कानड़

विशाल हिंदू सम्मेलन नगर की माधव बस्ती में शिव पहाड़ी स्थित कृषि उपज मंड़ी परिसर में आयोजित किया गया। हिंदू सम्मेलन की शुरूआत शुरूआत अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कि गई। इस के उपरांत मातृशक्ति व संत प्रबुद्ध जनो ने हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूनम बैरागी जिला सहयोगीका ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पेड़ पौधे अवश्य लगाएं पेड़ पौधे से शुद्ध वातावरण और शुद्ध हवाएं मिलेगी,हर व्यक्ति हर प्राणी में ईश्वर निहित है हमे किसी के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए हमें सभी को समान रूप से देखना चाहिए । संबोधित करते हुए चौतमल जैन ने कहा कि मुगलों द्वारा हिंदुओं को प्रताड़ित किया गया अंग्रेजों का शासन में जाति प्रथा पर लड़ाया और हिंदुओं को जाति प्रथा में बांट दिया गया और हम सब अलग-अलग हो गए पहले अंग्रेजी के गुलाब थे अब मुसलमान के गुलाम हो गए हिंदू सारे जातियों में बांटा हुआ था। हिंदुओं को जगाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हिंदू महासम्मेलन आयोजन हर एक नगर हर एक बस्ती में किया जा रहा है। देश तो आजाद हो गया लेकिन देश का एक हिस्सा गोवा पुर्तगालि के कब्ज में चला गया न जाने कितने स्वयंसेवक द्वारा गोवा को आजाद करने में शहीद हो गए।आज भी हमारे हिंदू बंटे हुए हैं दूसरी चुनौती हमारे सामने लव जिहाद आज भी चारों तरफ लव जिहाद मामले सामने आ रहे हैं।

# मंदिरों में चोरी के आरोप में दो को आगर जेल से लाई पुलिस

## पीएसटीएन डॉटा मेल खाए तो सामने आए आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



शहर के दो प्रमुख देवालयों में पिछले दिनों हुई चोरी के मामले में शुजालपुर मंडी पुलिस दो आरोपियों से पूछताछ कर रही है, इन आरोपियों को स्थानीय पुलिस आगर जेल से पूछताछ के लिए वारंट पर लेकर आई है।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों का पीएसटीएन डॉटा आगर व शुजालपुर में मेच कर रहा है, जिसके चलते इन आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बता दे शुजालपुर मंडी में प्रमुख चौराहे पर स्थित रोकडिया हनुमान मंदिर एवं ऋणकेश्वर महादेव मंदिर पर 4 जनवरी की रात्रि में चोरी की वारदात हुई थी, जिसमें तीन युवक मंदिर के अंदर घुसकर दानपेटी बाहर लाते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए थे। देवालयों में बेखोफ हुई इन वारदातों को लेकर नागरिकों में आक्रोश भी उत्पन्न हुआ था और ज्ञापन भी दिया गया था। मंडी थाने के प्रधान आरक्षक रामदयाल श्रीवास्तव ने बताया कि आगर पुलिस ने उनके क्षेत्र में हुई जैन मंदिर की चोरी के मामले में जांच उपरांत दो युवकों सूरज पिता नवलसिंह ठाकुर 23 वर्ष एवं सुल्तान पिता रसीद बेग 23 वर्ष दोनों निवासी चितावद थाना बडिया जिला खरगोन को पकड़ा था। आगर पुलिस की जांच में पीएसटीएन डॉटा आगर के साथ शुजालपुर में भी मेच हुआ, इस मामले में जांच के लिए आगर पुलिस शुजालपुर भी आई थी। दोनों आरोपियों को पकड़ने के बाद आगर पुलिस ने इन्हे न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया था। साथ ही आगर पुलिस ने इस संबंध में शाजापुर जिला पुलिस को जानकारी दी थी, जिसके बाद शुजालपुर पुलिस इन आरोपियों को पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लाई है, प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने वारदात से इंकार किया।

हालांकि आगर पुलिस को दिए बयान में इन दोनों आरोपियों ने शुजालपुर में दो मंदिरों में ताला तोडना स्वीकारा है, आरोपियों से कोई सामग्री जप्त नहीं हुई। शुजालपुर पुलिस के अनुसार स्थानीय दोनों मंदिरों में हुई वारदात में 3 लोग शामिल होना दिखाई दे रहे है, तीसरे के संबंध में पकडे गए आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होने बताया कि तीसरा आरोपी उन्हे रेलवे स्टेशन पर आग तापने के दौरान मिला था, जिसके संबंध में वे ज्यादा नहीं जानते है और तीसरा आरोपी शुजालपुर ही रूक गया था और वे चले गए थे।

### दुर्घटना में मृत्यु पर कोर्ट का बड़ा फैसला

### परिजनों को 43.33 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने के आदेश

**शाजापुर।** शाजापुर के द्वितीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने एक अहम फैसला सुनाते हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों को 43 लाख 33 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। मामला करीब एक वर्ष पुराने सड़क हादसे से जुड़ा है, जिसमें तेज रफ्तार वाहन की लापरवाही के कारण एक परिवार ने अपना कमाऊ सदस्य खो दिया था। अभिभाषक कमल कुमार पाटीदार एवं जावेद पठान बेरछा ने बताया कि मृतक अविनाश वर्मा 41 वर्ष निवासी नाग-नागिनी रोड, शाजापुर, बीते 6 फरवरी 2025 को अपनी मोटरसाइकिल से मनोरमा गार्डन नैनावद जा रहे थे। शाम करीब 5.30 बजे जब वे तराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ए.बी. रोड स्थित लखुन्दर नदी ब्रिज के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अन्य मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए अविनाश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में अविनाश सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद थाना तराना में दुर्घटना का मामला पंजीबद्ध किया गया था। मृतक के परिजनों ने न्याय और आर्थिक सहायता के लिए शाजापुर न्यायालय में दुर्घटना दावा याचिका प्रस्तुत की थी। मामले की गंभीरता और साक्ष्यों पर विचार करने के बाद, द्वितीय सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, शाजापुर ने माना कि दुर्घटना विपक्षी चालक की लापरवाही का परिणाम थी। न्यायालय ने मृतक की आयु, आय और परिवार की निर्भरता को ध्यान में रखते हुए कुल 43 लाख 33 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि परिजनों को भुगतान करने के आदेश दिए हैं।



### पिताश्री ब्रह्मा बाबा की 57 वीं पुण्य-तिथि शांति दिवस के रूप में मनाई

**ब्यावरा।** नारी शक्ति का विश्व का सबसे बड़ा और विशाल संगठन की नींव रखने वाले ब्रह्माकुमारीज संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 57 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इसे लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू एव विश्वभर के सभी केंद्रों सहित ब्रह्माकुमारीज ब्यावरा शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र में सभी ने बाबा की याद में 21 जनवरी तक विशेष योग तपस्या रहेगी सभी भाई बहनों ने मौन रहकर पिताश्री ब्रह्मा बाबा को पुष्पांजली अर्पित की। सेवा केंद्र ब्यावरा की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने संपूर्णता की स्थिति प्राप्त कर अव्यक्त हो गए थे। उनके अव्यक्त होने के बाद संस्थान की बागडोर पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि ने संभाली। बाबा की त्याग-तपस्या का परिणाम है कि खुद पीछे रहकर नारी शक्ति को आगे बढ़ाया और आज पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति अध्यात्म का परचम फहर रहा है। 18 जनवरी 1969 को 93 वर्ष की आयु में संपूर्णता की स्थिति प्राप्त कर बाबा अव्यक्त हो गए थे लेकिन उन्होंने अपने जीवन में जो मिसाल पेश की उसे आज भी लाखों लोग अनुसरण करते हुए राजयोग के पथ पर आगे बढ़ते जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में शामिल हुए बीके तेजस्वी दीदी, बीके ज्योति दीदी, डॉ अशोक अग्रवाल, बिजली विभाग के सहायक यंत्री रामेश्वर दांगी, प्रेम शंकर शाक्यवार, लक्ष्मीनारायण दांगी पटेल, रोडसिंह दांगी, व्यापारी आकाश अग्रवाल एवं संस्था से जुड़े बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे।

डकैती की घटना में लिप्त फरार बदमाश को सारंगपुर पुलिस ने पकड़ा

# दो माह पहले सारंगपुर में बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले पारदी गैंग का सदस्य है गिरफ्तार आरोपित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर पुलिस ने दो माह पहले 5-6 नवंबर की रात्रि में घटित हुई असफल डकैती के मामले में पारदी गैंग के एक और एक सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह आरोपित वारदात के बाद से ही पुलिस से बचने के लिए फरार था। इसके पहले पुलिस ने घटना के सरगना को पकड़ा था और अब एक ओर सदस्य पकड़ा गया है।

दरअसल पिछले साल 5-6 नवंबर को पारदी गैंग के 5 से 6 सदस्यों ने हथियारों के साथ पाडल्या रोड सारंगपुर में केके फैमीली शाप के संचालक एवं वरिष्ठ समाजसेवी पुर्षोत्तम तथा गोकुल दंडवानी के निवास पर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद से ही आरोपित फरार थे। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि हमाने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरापितों के विरूद्ध अपराध क्र 763/25 धारा 312, 115(2) बीएनएस इजाफा धारा 331(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर पुलिस अधीक्षक राजगढ अमित तोलानी के निर्देशन एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में में पारदी गैंग के गिरोह की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाकर पारदी गैंग पर लगातार दबिश दी, दबिशो से इनके हौंसले परास्त हुए एवं गिरोह का एक और सदस्य आरोपित मुकद्दर पारदी पिता अर्जुन पारदी उम्र 41 साल निवासी पारदी चक मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना को पकड़ा। श्रीमति हाड़ा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित बहुत ही शातिर व घटना के दिन से ही फरार चल रहा था व बार बार अपने ठिकाने बदल रहा था जिसकी तलाश गुना जिले मे व ओडिशा के मेलो में की और आरोपित गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में एसडीओपी अरविंद सिंह, निरीक्षक आकांक्षा हाडा थाना प्रभारी सारंगपुर, उनि अमित त्यागी, जितेन्द्र अजनारे थाना प्रभारी कालीपीठ व सायबर सेल प्रभारी, सउनि आनंदीलाल भिलाला, आरक्षक आदित्य, बनवारी का योगदान दिया। निरीक्षक आकांक्षा हाडा ने बताया कि शेष आरोपितों की भी जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

#### भाजपा नेता के घर तीसरी बार घुसे चोर

गौरतलब है कि विगत वर्ष 5-6 नवंबर की दरमियानी रात्रि में शहर के पाडल्या रोड स्थित भाजपा नेता गोकुल दंडवानी के निवास पर अज्ञज्ञत चोरों ने रात लगभग 1 बजे दिवाल फांद कर गुलेल के माध्यम से पत्थरों से निशाना लगाकर घर में घुसकर डकैती की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया था, हालांकि वारदात असफल रही। इस घटना में बदमाशों के अंदर घुसने के दौरान घर के सदस्य जाग गए और शोर मचा दिया। इसी बीच लोगों ने एक बदमाश को पकड लिया, जबकि बाकी साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। मामले में गोकुल दंडवानी ने सुझबुझ दिखाते हुए राजगढ जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी को फोन कर मदद की गुहार की। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने फौरन नजदीकी पुलिस गश्त दल को आदेशित कर मौके पर पहुँचा दिया था, जिससे बदमाश वारदात को अंजाम नही दे सके। पुलिस के पहुंचने से पहले ही चोर वहां से फरार हो गए। मामले में आश्चर्य जनक बात यह थी कि इसके पहले वर्ष जुन 2006 में अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर सोने, चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया था, वही जून 2013 में भी चोरों ने दोबारा घर में घुस कर चोरी का प्रयास किया था, लेकिन परिवार के सदस्यों की सजकता से चोरों को पकडकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया था। नवंबर में घटित यह घटना तीसरी घटना थी, जिसमें घटना का मुख्य सरगना और उसका एक और साथी पकड़ा गया है। इस पर गोकुल दंडवानी ने स्थानीय पुलिस एवं एसपी का आभार प्रकट किया है।

### विशाल हिंदू सम्मेलन : शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए नगरवासी



**महिदपुर रोड।** नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में किया गया आयो जन में बड़ी संख्या में नगर वासियों सहित आसपास के गांवों के हिंदू समाज के समाजजन शामिल हुए नगर के रेलवे परिसर स्थित त्रिभुवन नाथ मंदिर से निकली शोभा यात्रा का नगर के विभिन्न समाज जनों ने जगह-जगह स्वागत किया पूरे नगर के व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखकर आयोजन में सक्रिय सहयोग किया। नगर के कृषि उप मंडी परिसर में आयोजित धर्म सभा में वक्ताओं ने हिंदू धर्म के इतिहास त था धर्म के लिये महापुरुषों द्वारा किये गये त्याग और बलिदान के बारे में अपने उद्गगार व्यक्त किये आयोजन में सरस्वती शिशु मंदिर के स्कूली बच्चों ने विभिन्न महापुरुषों तथा धार्मिक अवतारों के अभिनय को प्रभावी ढंग से अभिनीत कर आयोजन स्थल के मंच पर नाट्य मंचन के माध्यम से अपने उपस्थिति दर्ज कराई। मंच से प्रदीप महाराज राष्ट्रीय सेवा समिति प्रमुख रेखा दीदी तथा विभाग कार्यवाहक पारस गेहलोत के उद्बोधन हुए आयोजन में कमल सिंह पंवार दशरथ राठौर श्याम गुलाटी चंद्रशेखर कसेरा बालकृष्ण राठौर गोविंद पोरवाल अरविंद बरडिया दीपक शर्मा मुकेश चौधरी अमन उपा ध्याय धर्म राज रतन सिंह राठौड़ चैन सिंह राठौड़ मुकेश चौधरी सहित अन्य आयोजन समिति के सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

विटामिन के की कमी से न सिर्फ चोट लगने पर ज्यादा खून बह सकता है, बल्कि लंबे समय में हड्डियां कमजोर होने और हार्ट डिजीज का खतरा भी बढ़ सकता है। क्या आपके डाइट में विटामिन-के वाली चीजें हैं?

## विटामिन-के की कमी से क्या-क्या दिक्कतें होती हैं?

### थाली में आज ही शामिल कर लीजिए ये चीजें



तमाम अध्ययन इस बात को प्रमाणित कर चुके हैं कि अगर आपका आहार ठीक है तो ये कई बीमारियों से सुरक्षित रखने में मददगार हो सकती है। शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार बेहद जरूरी माना जाता है। हम जो कुछ भी खाते-पीते हैं शरीर पर उसका सीधा असर होता है, यही कारण है कि विशेषज्ञ सभी लोगों को भोजन की थाली में ऐसी चीजों को शामिल करने की सलाह देते हैं जिनसे प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, फैट, मिनरल्स और विटामिन्स की संतुलित मात्रा आसानी से प्राप्त हो सके।

विटामिन्स की हमारी शरीर को स्वस्थ रखने में विशेष भूमिका होती है। विटामिन-ए आंखों की रोशनी को मजबूत करता है, विटामिन सी से इम्युनिटी मजबूत होती है वहीं विटामिन-डी हड्डियों के लिए जरूरी है। लेकिन अक्सर हम सभी एक विटामिन के बारे में बहुत कम बात करते हैं वह है विटामिन के।

आइए समझते हैं कि विटामिन-के हमारे लिए क्यों जरूरी है? इसे आहार में शामिल करने के क्या लाभ हैं और जिन लोगों में इस पोषक तत्व की कमी हो जाती है उन्हें किस तरह की दिक्कतें हो सकती हैं?

### शरीर के लिए क्यों जरूरी है विटामिन-के?

मेडिकल रिपोर्ट्स में स्वास्थ्य विशेषज्ञ विटामिन-के को आमतौर पर ब्लड क्लॉटिंग विटामिन भी कहते हैं, इससे स्पष्ट होता है कि खून को जरूरत पड़ने पर जमाने के लिए ये विटामिन बहुत जरूरी है।

यह विटामिन हड्डियों को मजबूत रखने, दिल की सेहत सुधारने और शरीर में कैल्शियम के सही इस्तेमाल के लिए भी जरूरी माना जाता है।

विटामिन-के की कमी से चोट लगने पर ज्यादा खून बहने का खतरा होता है। ये हड्डियां को भी कमजोर करने वाली हो सकती है।

### विटामिन-के क्या करता है?

- स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, विटामिन-के का सबसे महत्वपूर्ण कार्य खून को जमाना और ज्यादा खून बहने से रोकना है।
- विटामिन-के शरीर में उन प्रोटीन्स को बढ़ावा देता है, जो ब्लीडिंग को रोकने में अहम भूमिका निभाते हैं।
- इसकी कमी होने पर मामूली चोट में भी ज्यादा खून बहने का खतरा रहता है।
- विटामिन-के दिल की सेहत को ठीक रखने के लिए भी जरूरी माना जाता है। यह धमनियों में कैल्शियम जमने से भी रोकता है।
- विटामिन के हड्डियों में कैल्शियम को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे गठिया की समस्या कम होती है।

### कैसे प्राप्त करें विटामिन-के?

- आहार विशेषज्ञ बताते हैं, खान-पान में सुधार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है। थाली में आप विटामिन-के से भरपूर चीजों को जरूर शामिल करें।
- हरी पत्तेदार सब्जियां, जैसे पालक, मेथी, सरसों का साग, ब्रोकली विटामिन-के का अच्छा स्रोत हैं।
- सोयाबीन, दही और फर्मेंटेड फूड्स को भी डाइट में शामिल करके आप विटामिन-के की आसानी से पूर्ति कर सकते हैं।
- मांसाहार वाली चीजों जैसे मीट, अंडे और मछलियों में भी इस विटामिन की मात्रा पाई जाती है।

## ये गड़बड़ आदतें आपको भी बना देंगी थायरॉइड का मरीज

थायराइड दरअसल एक छोटी-सी ग्रंथि है, जो हमारे गले में सामने की ओर स्थित होती है, लेकिन इसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। यह ग्रंथि थायराइड हार्मोन का उत्पादन करती है, जो मेटाबॉलिज्म, वजन, दिल की धड़कन, तापमान और मानसिक स्थिति को नियंत्रित करता है।

थायरॉइड की बीमारी मौजूदा समय में काफी आम हो गई है। लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी, नींद की बढ़ती दिक्कतों ने इस रोग के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। लिहाजा, महिला-पुरुष, बच्चे-बुजुर्ग सभी इसका शिकार होते जा रहे हैं।

थायरॉइड असल में एक छोटी-सी ग्रंथि होती है, जो हमारे गले में सामने की ओर स्थित होती है। ये भले ही छोटी सी ग्रंथि है लेकिन इसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। यह ग्रंथि थायराइड हार्मोन (ळ3 और ळ4) का उत्पादन करती है, जो मेटाबॉलिज्म से लेकर शरीर के वजन, दिल की धड़कन, शरीर के तापमान और मानसिक स्थिति को नियंत्रित करता है। जब यह ग्रंथि जरूरत से कम या ज्यादा हार्मोन बनाने लगती है, तो थायरॉइड की समस्या उत्पन्न होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतें ऐसी हैं जो आपको भी इस बीमारी का शिकार बना सकती हैं जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहना चाहिए।

### थायरॉइड की समस्या को जानिए

थायरॉइड की समस्या मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है, हाइपोथायराइडिज्म और हाइपरथायराइडिज्म।

हाइपोथायराइडिज्म में थायराइड ग्रंथि पर्याप्त हार्मोन नहीं बना पाती। हाइपोथायराइडिज्म में अचानक वजन बढ़ने, लगातार थकान, ठंड ज्यादा लगने, कब्ज, त्वचा के रूखा होने और बालों के झड़ने की दिक्कत होती है।

वहीं हाइपरथायराइडिज्म में जरूरत से ज्यादा हार्मोन बनने लगता है। इसके कारण तेजी से वजन घटने, दिल की धड़कनों में अनियमितता, ज्यादा पसीना आने, घबराहट, नींद न आने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

### असंतुलित आहार से बढ़ता है खतरा

- गलत खानपान थायरॉइड बीमारी का प्रमख कारण है।
- आयोडीन, सेलेनियम, जिंक और आयरन जैसे पोषक तत्व थायरॉइड हार्मोन के निर्माण और उसके संतुलन के लिए बेहद जरूरी होते हैं।
- इस बीमारी से बचने के लिए प्रोसेस्ड एंव जंक फूड, ज्यादा चीनी और रिफा-इंड काबोर्हाइड्रेट वाली चीजें कम खाने की सलाह दी जाती है।
- आयोडीन की कमी से हाइपोथायराइडिज्म का खतरा बढ़ता है, इसलिए नियमित रूप से संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी माना जाता है।

### ज्यादा तनाव तो नहीं लेते हैं आप

- अक्सर तनाव में रहने वाले लोगों में थायरॉइड बीमारी होने का खतरा भी अधिक देखा जाता है।
- तनाव के दौरान शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो थायरॉइड हार्मोन के संतुलन को बिगाड़ सकता है।
- इसके अलावा तनाव के कारण नींद की कमी, अनियमित खानपान और हार्मोनल असंतुलन जैसी समस्याएं भी होती हैं, जिससे भी आप इस रोग का शिकार हो सकते हैं।

### नींद पूरी न होना खतरनाक

अच्छी सेहत के लिए अच्छी नींद लेना भी जरूरी है। पर्याप्त नींद न लेना भी थायरॉइड की बीमारी का प्रमुख कारण है। नींद के दौरान शरीर अपने हार्मोनल सिस्टम को रिसेट करता है। ऐसे में नींद पूरी न होने से हार्मोनल बैलेंस बिगड़ने लगता है। नींद की कमी से हार्मोन का स्तर प्रभावित हो सकता है, जिससे हाइपोथायराइडिज्म का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा नींद पूरी न होने से इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, जो ऑटोइम्यून थायरॉइड रोग होने का खतरा बढ़ जाता है।

### अक्सर बैठे रहने की आदत ठीक नहीं

- लगातार बैठे रहने वाली जीवनशैली भी आपको थायरॉइड का शिकार बना सकती है।
- शारीरिक गतिविधि और व्यायाम आपके मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखती है, जो थायरॉइड हार्मोन का मुख्य काम है।
- जब आप शारीरिक परिश्रम नहीं करते तो मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और हाइपोथायराइडिज्म के लक्षण बढ़ सकते हैं।
- नियमित वॉक, योग और व्यायाम से थायरॉइड हार्मोन की संवेदनशीलता बेहतर होती है और नींद की गुणवत्ता सुधारती है।



# Sport

न्यूजीलैंड ने भारत को तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में 41 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम ने 2-1 से तीन मैचों की वनडे सीरीज भी अपने नाम कर ली।

## 38 साल में पहली बार न्यूजीलैंड ने भारत में जीती वनडे सीरीज, मेजबान सात साल बाद घर में हारे सीरीज



**इंदौर।** 38 साल बाद न्यूजीलैंड ने भारत की सरजमीं पर इतिहास रच दिया। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में कीवियों ने भारत को 41 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। यह भारत में न्यूजीलैंड की आठ कोशिशों में पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीत है, इससे पहले टीम 1988 से लगातार असफल रही थी। इस हार के साथ भारत को इंदौर में भी पहली बार वनडे में शिकस्त झेलनी पड़ी, जहां उसने इससे पहले लगातार सात मैच जीते थे। इतना ही नहीं, अक्तूबर 2022 के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब टॉस जीतने के बावजूद भारत को घरेलू वनडे में हार का सामना करना पड़ा। लगातार 13 जीत के बाद यह सिलसिला भी टूट गया।

रविवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स के शानदार शतकों की बदौलत निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 337 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 46 ओवर में 296 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से विराट कोहली ने बेहतरीन 124 रन की पारी खेली, जबकि हर्षित राणा ने 52 रन का योगदान दिया।

इंदौर में कोहली ने 92 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह विराट का 85वां अंतरराष्ट्रीय शतक रहा। वह शानदार फॉर्म में नजर आए और न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। यह उनका वनडे में 54वां शतक है और भारत में यह कोहली के बल्ले से निकला 41वां शतक है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में वह सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। 36 पारियों में उनके नाम सात शतक दर्ज हो गए हैं। इस मामले में उन्होंने रिकी पोंटिंग, वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर और सनथ जयसूर्या को पीछे छोड़ दिया।

इससे पहले, डेरिल मिचेल के लगातार दूसरे शतक और ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गए सीरीज के निर्णायक तीसरे वनडे मुकाबले में भारत के खिलाफ आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। हालांकि, भारतीय तेज गेंदबाजों ने शुरूआत में मेहमान टीम को बड़े झटके दिए थे। मिचेल (137 रन) और फिलिप्स (106 रन) ने चौथे विकेट के लिए 219 रनों की शानदार साझेदारी की, जिसने न्यूजीलैंड की पारी की दिशा ही बदल दी। मिचेल ने एक छोर संभालते हुए पारी को संभाला, जबकि फिलिप्स ने आक्रामक बल्लेबाजी से रन गति को तेज रखा। एक समय भारत मैच पर पूरी तरह हावी नजर आ रहा था, जब न्यूजीलैंड का स्कोर 58 रन पर तीन विकेट हो चुका था, लेकिन मिचेल और फिलिप्स की जोड़ी ने मुकाबले को बराबरी पर ला खड़ा किया।

मिचेल ने जडेजा की गेंद पर सिंगल लेकर अपना शतक पूरा किया, जो इस सीरीज में उनका लगातार दूसरा शतक था। 40वें ओवर में फिलिप्स ने जडेजा पर छक्का जड़ा और उसी ओवर में मिचेल ने चौका लगाते हुए न्यूजीलैंड का स्कोर 237/3 तक पहुंचा दिया। आखिरी ओवरों में भारत ने शानदार वापसी की। सिराज ने मिचेल को 137 रन पर आउट किया, जबकि अर्शदीप ने फिलिप्स (106) और जैक फॉल्क्स को पवेलियन भेजा। कुलदीप यादव ने मिचेल हे को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को एक और सफलता दिलाई, जिससे न्यूजीलैंड ने कुछ ही ओवरों में चार विकेट गंवा दिए। हालांकि, माइकल ब्रेसवेल ने नाबाद 28 रन की तेज पारी खेलकर टीम को 330 रन के पार पहुंचाया और न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 337 रन बनाए।

### शीर्ष क्रम ने किया निराश

भारत की शुरूआत खराब रही। कप्तान रोहित शर्मा 11 रन बनाकर आउट हुए जबकि शुभमन गिल 23 रन ही बना सके। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे, जिससे भारत का स्कोर 71/4 हो गया। इसके बाद कोहली ने नीतीश कुमार रेड्डी (57 गेंदों पर 53 रन) के साथ अहम साझेदारी कर मैच में जान फूंकी। कोहली ने सटीक ड्राइव्स, नियंत्रित पुल शॉट्स और जरूरत के हिसाब से बड़े शॉट खेलते हुए रन गति बनाए रखी। उन्होंने अपना शतक पूरा किया तो स्टेडियम तालियों से गूंज उठा।

## 'भारत में खेलो या बाहर हो जाओ', आईसीसी की बांग्लादेश को अंतिम चेतावनी!



**दुबई।** टी20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को साफ कह दिया है कि टीम भारत में ही खेलेगी, नहीं तो उसकी जगह दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। आईसीसी ने 21 जनवरी तक का समय दिया है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अंतिम फैसला बताकर स्थिति स्पष्ट करे। यह जानकारी ईएसपीएन क्रिकइनफो की रिपोर्ट के जरिए सामने आई। इस मामले में अब पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीसी के सामने बात न चलने पर अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई है।

### आईसीसी का जवाब: सुरक्षा में कोई खास खतरा नहीं

आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को भरोसा दिलाया है कि सुरक्षा खतरे जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं है। एक स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसी की रिपोर्ट के हवाले से आईसीसी ने बताया कि भारत में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है और वहां सुरक्षा स्थिति उच्च श्रेणी की है। किसी भी टीम को लेकर कोई खास खतरा पहचान में नहीं आया है। इसके बावजूद बीसीबी अपनी मांग पर अड़ा हुआ है और विवाद करीब तीन सप्ताह से जारी है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पहली बार यह आपत्ति चार जनवरी को दर्ज कराई थी। इधर टूर्नामेंट शुरू होने में केवल तीन सप्ताह शेष हैं, शुरूआती मुकाबले सात फरवरी से शुरू होने हैं।

### इनकार हुआ तो रिप्लेसमेंट बनेगा स्कॉटलैंड

आईसीसी के करीबी सूत्रों के मुताबिक, यदि बांग्लादेश अंतिम समय तक भारत जाने से इनकार करता है, तो उसकी जगह रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। आईसीसी फिलहाल बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अंतिम फैसले का इंतजार कर रहा है।

**पाकिस्तान का संकेत: 'हम भी सोच सकते हैं दोबारा':** रिपोर्ट में कहा गया है, 'बांग्लादेश की सरकार ने पाकिस्तान के अधिकारियों से संपर्क कर टी20 वर्ल्ड कप में भागीदारी को लेकर समर्थन मांगा है और उन्हें सकारात्मक जवाब मिले हैं।' रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह भी दावा किया गया है कि अगर बांग्लादेश का मुद्दा सुलझा नहीं तो पाकिस्तान वर्ल्ड कप में अपनी मौजूदगी पर पुनर्विचार कर सकता है। सूत्रों ने कहा, 'पाकिस्तान ने संकेत दिया है कि अगर बांग्लादेश की चिंता

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### घर में घुसकर मानसिक रूप से कमजोर युवती से की छेड़छाड़

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने 22 वर्षीय युवती की शिकायत पर पड़ोसी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी गणेश पुत्र धन्नालाल कहार निवासी आस्था पैलेस ने युवती से रेप करने की कोशिश की। पीड़िता के माता-पिता रविवार को निजी काम से खंडवा गए हुए थे, जबकि उसका भाई भी काम के सिलसिले में बाहर गया था। इसी दौरान युवती घर पर अकेली थी। आरोप है कि पड़ोसी गणेश घर में घुस गया और युवती को कमरे में ले जाकर जबरन उसके कपड़े उतारने लगा। इसी बीच युवती का भाई अचानक घर पहुंच गया, जिसे देखते ही आरोपी मौके से भाग निकला। युवक ने घटना की जानकारी अपने माता-पिता को मोबाइल पर दी। इसके बाद माता-पिता इंदौर पहुंचे और बेटी को लेकर द्वारकापुरी थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया। बताया गया है कि आरोपी निजी कंपनी में काम करता है और उसके दो बेटे हैं। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जब वे उसे लेकर थाने पहुंचे तो वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मी ने उनकी बात ठीक से नहीं सुनी और उल्टे सवाल-जवाब किए। हालांकि, बाद में युवती को कमरे में ले जाकर पूछताछ की गई और उसके बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। एमआईजी थाना क्षेत्र की कृष्णा बाग कॉलोनी में भी रविवार रात अपनी एक्टिवा से जा रही 32 साल की महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी एक्टिवा से जा रही थी तभी आरोपी ने उसे अश्लील इशारे और कमेंट्स किया। जब वह इसका विरोध करने रुकी तो आरोपियों ने अपशब्द कहना शुरू कर दिए। पीड़िता के मुताबिक वह विजयनगर निजी काम से गई थी। वहीं से अपने घर की तरफ आ रही थी। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

### गाड़ी में बैठकर शराब पी रहे आरोपी ने यातायात पुलिस पर किया हमला

**इंदौर।** इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र में रविवार रात ड्यूटी पर तैनात एक यातायात पुलिस आरक्षक के साथ शराब पी रहे आरोपियों ने मारपीट कर दी। आरोपियों ने आरक्षक के सिर पर पत्थर मारकर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर कनाड़िया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बिचौली मर्दाना इलाके की है। यातायात पुलिस आरक्षक अनुराग पुत्र महेश शर्मा निवासी स्कीम नंबर 136 की रात में अंडरपास ब्रिज के पास यातायात व्यवस्था संभालने के लिए ड्यूटी लगाई गई थी। ब्रिज के पास जाम की स्थिति बनने पर अनुराग पैदल चलकर वाहनों को हटवा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक आईसर वाहन को सड़क किनारे खड़ा देखा, जिसमें कुछ लोग शराब पीते हुए रास्ता बाधित कर रहे थे। आरक्षक ने उन्हें टोका और वाहन हटाने के लिए कहा। इस पर वाहन मालिक और उसमें बैठे दो युवक विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर अनुराग ने पुलिस एफआरवी को कॉल करने के लिए अपना मोबाइल निकाला, तभी आरोपियों ने उसके साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने पत्थर उठाकर अनुराग के सिर पर वार कर दिया। हमले के बाद तीनों आरोपी वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। घायल आरक्षक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, कनाड़िया पुलिस वाहन के नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### पिता की मौत मामले में बेटा गिरफ्तार बेटे ने पिता से की थी मारपीट

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने उसके बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामला 13 जनवरी का है, जब घायल अवस्था में व्यक्ति को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। लसूड़िया थाना टीआई तारेश सोनी के अनुसार मृतक की पहचान संजय (45) पुत्र जगन्नाथ गोलाई निवासी स्कीम नंबर 78 के रूप में हुई है। छह दिन पहले घर से लोहे के सरिए चोरी होने को लेकर संजय का अपने बेटे राहुल से विवाद हुआ था। इसी विवाद के दौरान राहुल ने कथित तौर पर अपने पिता के साथ मारपीट की, जिससे संजय की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने मारपीट की जानकारी पुलिस को नहीं दी और तबीयत खराब होना बताकर संजय को अस्पताल में भर्ती कराया। एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि जब संजय को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, तब वे गिरने से चोट लगने की बात कह रहे थे। टीआई तारेश सोनी ने बताया कि फिलहाल मामला जांच में है और शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

### प्रेस क्लब के सभागृह में संगीत संध्या में सुरमयी प्रस्तुति ने मन मोह लिया



**इंदौर।** म्यूजिकल संस्था संगीत सरीता द्वारा एमजी रोड स्थित इन्दौर प्रेस क्लब के सभागृह में शनिवार संध्या फिल्मी नगमों से सजी सुरमई संगीत संध्या का आयोजन रखा गया, जसमें सुमधुर प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों का मन मोह लिया। संगीत महफिल में एक से बढ़कर एक चुनिंदा फिल्मी नगमों की पेशकश की गई। प्रस्तुति देने वाले कलाकारों ने दिल से गाया और हूबहू फनकारों की तर्ज पर सुरताल किया। कार्यक्रम में शहर के संगीत रसिक जुटे और सुरमयी संध्या का आनंद लिया।

#### शहर की सड़कों पर भिक्षावृत्ति को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया

# भिखारी सराफा में ब्याज पर देता है रुपए

## खुद के तीन मकान, ड्राइवर चलाता है कार, तीन ऑटो भी चलते हैं किराए पर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



शहर की सड़कों पर भिक्षावृत्ति को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सराफा बाजार में वर्षों से भीख मांगने वाला भिक्षुक मांगीलाल असल में करोड़ों रुपए की संपत्ति का मालिक निकला। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत जब उसे रेस्क्यू किया गया, तो उसकी वास्तविक स्थिति सामने आई।

प्रशासन ने मांगीलाल को रेस्क्यू कर सोमवार को उज्जैन के सेवाधाम आश्रम भेज दिया है। वहीं इसकी संपत्ति, बैंक अकाउंट की जांच की जाएगी। उन सराफा व्यापारियों से भी बात की जाएगी जो मांगीलाल से पैसा उधार लेते थे।

मांगीलाल सराफा की गलियों में लकड़ी की फिसलने वाली गाड़ी, पीठ पर बैग और हाथ में जूते के सहारे लोगों की सहानुभूति लेता था। वह किसी से सीधेतौर पर भीख नहीं मांगता था, बल्कि लोगों के पास जाकर खड़ा हो जाता था, जिसके बाद लोग स्वयं उसे पैसे दे देते थे। विभागीय पूछताछ में सामने आया कि वह प्रतिदिन करीब 500 से 1000 रुपए तक की आमदनी कर रहा था।

पूछताछ के दौरान मांगीलाल ने स्वीकार किया कि भीख से मिलने वाले पैसों का उपयोग वह सराफा क्षेत्र के कुछ व्यापारियों को ब्याज पर कर्ज देने में करता था। वह एक दिन और एक सप्ताह के लिए रुपए देता था और रोजाना ब्याज की वसूली के लिए सराफा क्षेत्र में आता था।

रेस्क्यू दल के नोडल अधिकारी दिनेश मिश्रा के अनुसार जांच में यह भी सामने आया कि मांगीलाल के पास शहर के अलग-अलग इलाकों में तीन पक्के मकान हैं। भगत सिंह नगर में उसके नाम पर 16 बाय 45 फीट का तीन मंजिला मकान है।

इसके अलावा शिवनगर में 600 स्क्वायर फीट का एक अन्य मकान और अलवास में 10 बाय 20 फीट का एक बीएचके मकान भी उसके नाम पर दर्ज है। एक मकान शासन द्वारा रेड क्रॉस के माध्यम से विकलांगता के आधार पर उपलब्ध कराया गया था।

### मांगीलाल तीन ऑटो और की एक डिजायर कार का मालिक

मांगीलाल के पास तीन ऑटो हैं, जिन्हें वह किराए पर चलाता है और एक डिजायर कार भी है, जिसे चलाने के लिए उसने ड्राइवर रखा हुआ है। वह अलवास क्षेत्र में अपने माता-पिता के साथ रहता है, जबकि उसके दो भाई अलग रहते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने पुष्टि की कि भीख मांगने को बढ़ावा देने के लिए भी मांगीलाल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वह सूदखोरी में भी शामिल है, जो एक अपराध है। इसके ठोस प्रमाण मिलने पर ही उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इंदौर में फरवरी 2024 से भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। प्रारंभिक सर्वे में 6500 भिक्षुक सामने आए थे, जिनमें से 4500 की काउंसलिंग कर भिक्षावृत्ति छुड़वाई गई है। वहीं 1600 भिक्षुकों को रेस्क्यू कर उज्जैन स्थित सेवाधाम आश्रम भेजा गया है और 172 बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया गया है।

# सैंपल की प्रारंभिक रिपोर्ट आई नॉर्मल

## आईसीयू में एडमिट मरीजों की संख्या 6, तीन वेंटिलेटर पर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा हादसे में अब स्थिति में सुधार है और नए मरीजों के एडमिट होने का सिलसिला थमा है। रविवार को डायरिया के दो मरीज आए, लेकिन उन्हें एडमिट करने की जरूरत नहीं पड़ी। शनिवार को एडमिट मरीजों की संख्या 16 थी जिसमें से एक को डिस्चार्ज किया गया है। इनमें से 9 वार्ड में हैं, जबकि 6 आईसीयू में हैं। इनमें से भी 3 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। अब तक 447 मरीज एडमिट हो चुके हैं, जिनमें से 432 डिस्चार्ज हो चुके हैं। मामले में अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है।

रविवार दोपहर 30% क्षेत्र में कुछ देर के लिए पानी सप्लाय किया गया। इस दौरान चार सैंपल भी लिए गए। इसके पूर्व 13 जनवरी को भी पानी सप्लाय के दौरान 10 सैंपल टेस्ट किए गए थे। इनकी प्रारंभिक रिपोर्ट में सारे सैंपल नॉर्मल पाए गए। हालांकि अभी लोग पानी का उपयोग नहीं कर रहे हैं। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रहवासियों को लगातार सलाह दी जा रही है कि वे पानी उबालकर पिएं।

# ड्रग्स पार्टी कांड, अबान शकील से खुलते गए राज

## रतलाम के फार्म हाउस में की थी पार्टी, युवतियों के मोबाइल से इस पार्टी के मिले वीडियो

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

वीकेंड पर भोपाल से इंदौर पार्टी करने आए बिल्डर अबान शकील की गिरफ्तारी के बाद ड्रग्स पार्टी से जुड़े मामले में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। सबसे पहले कनाड़िया थाना पुलिस ने अबान शकील को पकड़ा था। उसकी निशानदेही पर वैभव उर्फ बाबा और दो युवतियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पकड़े जाने के बाद इस पूरे मामले में कई और नाम सामने आए हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने गिरफ्तारी से पहले रतलाम स्थित एक फार्म हाउस पर पार्टी की थी। यह फार्म हाउस दानिश नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है, जहां ड्रग्स का इस्तेमाल किया गया। पुलिस अब फार्म हाउस संचालक की तलाश कर रही है। युवतियों के मोबाइल फोन से इस पार्टी के वीडियो भी बरामद हुए हैं।

जांच के दौरान वैभव उर्फ बाबा के पास से 31 दिसंबर का एक वीडियो भी मिला है, जिसमें इंदौर में आयोजित एक पार्टी के दौरान एमडी ड्रग्स के इस्तेमाल की बात सामने आई है। इस वीडियो में अबान शकील, वैभव उर्फ बाबा और अन्य युवतियां भी नजर आ रही हैं। पुलिस के अनुसार अबान शकील की पहचान वैभव उर्फ बाबा से हर्षद नामक व्यक्ति ने कराई थी। हर्षद खुद भी एमडी ड्रग लेने का आदी बताया जा रहा है और पार्टी करने का शौकीन है। इसी दौरान उसने अबान की मुलाकात बाबा से कराई थी। फिलहाल कनाड़िया पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और इस ड्रग्स पार्टी रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

### आंटी नेटवर्क से जुड़ाव की आशंका



पूछताछ में युवतियों ने एक आंटी का भी जिक्र किया है। लसूड़िया और विजयनगर क्षेत्र में सक्रिय इस महिला को पुलिस करीब छह महीने पहले गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बताया जा रहा है कि वह इस पूरे रैकेट का बड़ा नाम है और अपने नेटवर्क में कई लड़कियों को फंसा चुकी है। बाबा और युवतियों के मोबाइल से मिले वीडियो, फोटो और चैटिंग में आंटी की सक्रिय भूमिका के संकेत मिले हैं। हालांकि पुलिस इस एंगल पर अभी गहन जांच कर रही है।

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करूंगा समाधान पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com